YouTube kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-02 | बुधवार, 29 जनवरी 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



सरकार को कर्ज माफ करना है तो मध्यम वर्ग और किसान का माफ करे। मध्यम वर्ग साल में 12 लाख रुपये कमाता है और उसकी आधी कमाई अलग अलग प्रकार के टैक्स भरने में चला जाता है और बदले में उसे कुछ नहीं मिलता है। अरविंद केजरीवाल

वक्फ समिति ने हमारे संशोधनों को स्वीकार किया : जद (यू) 11
मौनी अमावस्या पर बन रहा ग्रहों का मंगलकारी योग, स्नान दान का विशेष महत्व 12

## संक्षेप

### आसपास के रामभक्त कुछ दिन अयोध्या आने से बचें, दूरस्थ भक्तों को दें दर्शन का मौका: चंपत राय

**अयोध्या।** राम की नगरी अयोध्या में उमड़ रहे जनसैलाब के मद्देनजर श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महामंत्री चंपत राय ने अपील की है कि आसपास के रामभक्त अगले 15-20 दिन तक अयोध्या आने से बचें ताकि दूरदराज से आये श्रद्धालुओं को सुगमता से रामलला के दर्शन प्राप्त हो सकें। श्री राय ने मंगलवार को एक वीडियो संदेश में कहा कि महाकुंभ में स्नान करने के बाद रामभक्त अयोध्या का रुख कर रहे हैं जिससे अयोध्या में भीड़ कई गुना बढ़ गयी है। अयोध्या के भूगोल और जनसुविधाओं को देखते हुये सभी का ध्यान रखना कठिन हो रहा है। उन्होने कहा कि प्रयागराज में 29 जनवरी को कुम्भ में मौनी अमावस्या का मुख्य स्नान है, अनुमान है कि 10 करोड लोग 29 जनवरी को प्रयागराज में गंगा में स्नान करेंगे। बहुत बड़ी संख्या में प्रयागराज से भक्तजन अयोध्या पहुंच रहे हैं, ट्रेन एवं सड़क दोनों प्रकार से भक्तजन प्रयाग से अयोध्या आ रहे हैं।

### राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में समग्रता और तालमेल पर जोर: नड्डा

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने मंगलवार को कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में विभिन्न स्तरों पर तालमेल और समग्रता पर जोर दिया जा रहा है। श्री नड्डा ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि स्वास्थ्य पर केंद्र सरकार का व्यय निरंतर बढ़ता जा रहा है। पिछले 10 वर्षों में इसमें 184 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति के कई लक्ष्य समय से पहले हासिल किये जा चुके हैं। इस अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल, सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव, भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के प्रमुख डा राजीव बहल मौजूद रहे।

### राम रहीम परोल पर रिहा

चंडीगढ़। दो साध्वियों के यौन शोषण और पत्रकार राम चंदर छत्रपति की हत्या को लेकर सजा भुगत रहे डेरा सच्चा सौदा, सिरसा प्रमुख गुरमीत सिंह राम रहीम को मंगलवार सुबह रोहतक की सुनारिया जेल से 30 दिनों के परोल पर रिहा किया गया। सूत्रों के अनुसार राम रहीम को सिरसा स्थित डेरे में ले जाया गया। वर्ष 2017 से यह 12वीं बार है जब राम रहीम को परोल/फरलो पर रिहा किया गया है और लगभग रिहाई किसी न किसी चुनाव के समय होती है। इस बार दिल्ली विधानसभा चुनाव नजदीक हैं, जिनके लिए मतदान 05 फरवरी को होना है। पिछली बार हरियाणा विधानसभा चुनाव से पहले राम रहीम को जेल से रिहा किया गया था और तब चुनाव आयोग ने शर्त लगाई थी कि वह हरियाणा में नहीं रह सकता और न ही चुनाव गतिविधियों में, सोशल मीडिया समेत, किसी तरह हिस्सा ले सकता है। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति महासचिव गुरचरण सिंह ग्रेवाल ने एक वीडियो संदेश में राम रहीम को परोल मिलने पर आपत्ति जताई है।

# भारत के अल्पसंख्यक कब स्वीकार करेंगे कि उनके पूर्वज राम थे: योगी

## इस्लामिक राष्ट्र इंडोनेशिया भगवान राम को मानता है अपना पूर्वज

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इंडोनेशिया, जो दुनिया का सबसे बड़ा मुस्लिम देश है, वहां के राष्ट्रपति अपने भारतीय डीएनए पर गर्व करते हैं। उनका नाम भी संस्कृत से प्रेरित है। उन्होंने कहा कि इंडोनेशिया में राम को पूर्वज माना जाता है, गरुड़ उनकी राष्ट्रीय एयरलाइंस है, गणपति उनकी मुद्रा पर हैं। भारत में रहकर, इस धरती का उपभोग करने वाली बड़ी आबादी, जो दुर्भाग्य से केवल वोट बैंक बनकर रह गई है, क्या वे स्वीकार कर पाएंगे कि उनके पूर्वज राम थे? मुख्मयंत्री ने कहा कि जिस अनुपात में हम उपचुनाव जीते हैं यानि 80 प्रतिशत सीट के साथ वैसे ही भारतीय जनता पार्टी आगामी 2027 विधानसभा चुनाव में भी सीटें जीतेंगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ के एक होटल में एक टीवी चैनल के कार्यक्रम में सवालों के जवाब दे रहे थे।

मुख्यमंत्री ने भारत के अल्पसंख्यकों को अपने पूर्वजों पर गर्व करने की सलाह दी। उन्होंने इंडोनेशिया का उदाहरण देते हुए कहा कि एक बड़ा इस्लामिक राष्ट्र भगवान राम को अपना पूर्वज मानता है, इस पर वह गर्व करता है, क्या भारत के अल्पसंख्यकों की एक बड़ी आबादी इस सच को स्वीकार कर पाएगी कि उनके भी पूर्वज राम थे।

वक्फ कानून में बदलाव पर विपक्षी नेताओं द्वारा दी जा रही चेतावनियों पर मुख्यमंत्री ने कहा ह्र समय की जरूरत के अनुसार वक्फ कानून में बदलाव हो रहा है। मुझे खुशी है कि संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) ने इस संशोधन पर काम किया है। उम्मीद है कि अगले सत्र में इसे लागू किया जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी बदलाव का उद्देश्य समाज में पारदर्शिता और न्याय को सुनिश्चित करना है। जैसे देश में सीएए लागू हुआ है वैसे ही वक्फ बिल में संशोधन के बाद इसे भी लागू कर दिया जाएगा। सीएए से आज हमारे पड़ोसी देशों के अल्पसंख्यकों को देश में नागरिकता मिल रही है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में संभव हुआ है।ङ्क

उन्होने कहा कि वक्फ की कोई जमीन नहीं होती है, यह राजस्व की जमीन है। उत्तर प्रदेश में वक्फ ने एक लाख 27 हजार संपत्तियों पर अपना दावा किया था, जिसे हमने जांच कराया वह सिर्फ 7 हजार ही है।

**संवाद**

- समय की जरूरत के अनुसार वक्फ कानून में हो रहा बदलाव : योगी
- सीएए से आज हमारे पड़ोसी देशों के अल्पसंख्यकों को मिल रही भारत की नागरिकता
- बीजेपी जीतेगी मिल्कीपुर उपचुनाव

उन्होंने कहा कि सार्वजनिक संपत्ति राजस्व की होती है वहां थाने बने या अन्य सार्वजनिक उपयोग या प्रशासनिक उपयोगी के भवन किसी को आपत्ति नहीं होनी चाहिए और संभल में किसी ने आपत्ति भी नहीं की। संभल की शाही जामा मस्जिद को लेकर छिड़े विवाद पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पुराणों में संभल का उल्लेख है। आईन-ए-अकबरी के अनुसार, मीर बाकी ने श्रीहरि का मंदिर तोड़कर वहां मस्जिद बनाई थी। उन्होंने कहा कि हम हर जगह मंदिर नहीं तलाश रहे हैं, लेकिन जहां ऐतिहासिक साक्ष्य मौजूद हैं, वहां सच को सामने लाना जरूरी है। मुख्यमंत्री योगी ने



ओवैसी के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि भारत के पौराणिक ग्रंथ हमारे सामने इस बात के प्रमाण हैं कि श्रीहरि विष्णु का 10वां अवतार कहां पैदा होना है। 3500 वर्ष से 5000 वर्ष के दौरान ग्रंथों की रचना हुई है। इस्लाम का जन्म हुए 1400 वर्ष हुए हैं, हमें इससे कोई आपत्ति नहीं है। उन्होंने कहा कि पुराणों के बारे में हो सकता है कि ओवैसी या अन्य लोगों को भरोसा न हो, लेकिन कम से कम आइन-ए-अकबरी देखें। वह तो इस बात का उल्लेख कर रहा है और वहां पर जो कुछ भी उत्खनन में सामने आ रहा है, वह इस बात को प्रमाणित करता है कि वहां पर कोई पौराणिक नगरी थी। पुरातात्विक अवेशषों के आधार पर हम कह सकते हैं कि यह संभल नगरी वही है, जो पुराण उल्लेख करता है। परंपरागत लोगों की आस्था वहां पर है। अगर यह तमाम चीजें वहां पर सामने आ रही हैं तो मुझे लगता है कि उनको इस सच्चाई को स्वीकार करने की हिम्मत भी करनी चाहिए। योगी ने कहा कि संभल में बिजली चोरी की समस्या को लेकर सख्त कार्रवाई की गई है। तीन लाख की आबादी वाले कस्बे में हर महीने 200 करोड़ रुपये की बिजली चोरी होती थी। मस्जिदों के ऊपर अस्थायी सबस्टेशन बनाकर बिजली चोरी की जा रही थी। हमने चार मस्जिदों पर छापा मारा और कनेक्शन काटे। यह उस उपभोक्ता के साथ अन्याय था, जो समय पर बिल भरते हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के पावर कार्पोरेशन को एक साल में 46,000 करोड़ रुपये के नुकसान पर है और अगले साल तक यह नुकसान 60,000 करोड़ रुपये तक पहुंच जाएगा। लाइन नुकसान बहुत ज्यादा है। अकेले संभल कस्बे में 90 फीसद बिजली की चोरी होती थी और यह व्यवस्था तो ठीक करनी ही थी। कार्यक्रम में योगी ने दिल्ली की आप सरकार पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि दिल्ली में बिजली की दरें 9-10 रुपये प्रति यूनिट हैं, जबकि उत्तर प्रदेश में यह 3.5 रुपये प्रति यूनिट है। दिल्ली में सबसे ज्यादा पावर कट होते हैं। यमुना की सफाई और बुनियादी ढांचे पर काम नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार ने यमुना के कार्यों को रोक दिया, जिससे वहां की स्थिति बदतर हो गई है। सीएम योगी ने आम आदमी पार्टी के कन्वीनर अरविंद केजरीवाल को 5 फरवरी पहले महाकुम्भ में पहुंच कर पूरी दिल्ली कैबिनेट के साथ त्रिवेणी संगम में स्नान करने की भी सलाह दी। उन्होंने कहा कि इसके बाद उनको यह मौका नहीं मिलेगा, दिल्ली में सरकार बदल जाएगी। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार ने मां यमुना के साथ अन्याय किया है। यमुना की गंदगी देख ● शेष पेज 11 पर

# निर्वाण महोत्सव में ढहा मंच, सात की मौत और 75 श्रद्धालु घायल

एजेंसी

बागपत। उत्तर प्रदेश के बागपत जिले में बड़ा हादसा हुआ है। बागपत में भगवान आदिनाथ के निर्वाण लड्डू पर्व पर कार्यक्रम के लिए लकड़ी से बना मंच ढह गया। नीचे दबने से सात श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि 75 से अधिक घायल हैं। मृतकों की संख्या में इजाफा हो सकता है।

बताया गया कि तुरंत एम्बुलेंस नहीं



मिलने पर घायलों को ई रिक्शा में बैठाकर अस्पताल पहुंचाया गया। सूचना पर बड़ौत कोतवाली इंस्पेक्टर भी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। एसपी और एडिशनल एसपी भी मौके पर पहुंचे। घायलों में तकरीबन 15 पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। जानकारी के अनुसार, बड़ौत शहर कोतवाली इलाके के गांधी रोड पर यह दर्दनाक हादसा हुआ है। श्री दिगंबर जैन डिग्री कॉलेज के मैदान पर बनाए गए कार्यक्रम का मंच टूट गया। इससे सात लोगों की मौत हो गई, जबकि 75 से अधिक लोग घायल हुए हैं। घायलों को अलग-अलग अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आज निर्वाण महोत्सव के तहत यहां धार्मिक कार्यक्रम ● शेष पेज 11 पर

# भारत करोड़ों लोगों की आकांक्षाओं से प्रेरित विकास पथ की ओर अग्रसर: मोदी

एजेंसी

भुवनेश्वर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत करोड़ों लोगों की आकांक्षाओं से प्रेरित विकास के पथ पर अग्रसर है।

श्री मोदी ने मंगलवार को जनता मैदान में उत्कर्ष ओडिशा-मेक इन ओडिशा कॉन्क्लेव 2025 का उद्घाटन करते हुए इस बात पर जोर दिया कि एआई का मतलब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ऐस्पिरेशन ऑफ इंडिया (भारत की आकांक्षा) दोनों



है, जो देश की ताकत है। उन्होंने कहा कि जब लोगों की जरूरतें पूरी होती हैं, तो आकांक्षाएं बढ़ती हैं और पिछले दशक में करोड़ों नागरिकों को सशक्त बनाया गया है, जिससे देश को फायदा हुआ है। प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि ओडिशा इस आकांक्षा का प्रतिनिधित्व करता है। उन्होंने राज्य को उत्कृष्ट और नए भारत के आशावाद और मौलिकता का प्रतीक बताया। श्री मोदी ने कहा कि ओडिशा खाद्य प्रसंस्करण, पेट्रोकेमिकल्स, बंदरगाह आधारित विकास, ● शेष पेज 11 पर

# पर्सनल लॉ नहीं, सेकुलर प्रॉपर्टी कानून चाहिए

एजेंसी

नई दिल्ली। देश भर में यूनिफॉर्म सिविल कोड को लेकर डिबेट जारी है। इस बीच सुप्रीम कोर्ट में सेकुलर प्रॉपर्टी कानून की मांग उठाते हुए एक मुस्लिम महिला ने याचिका दायर की है। इस पर शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार से जवाब मांगा है। महिला ने अदालत में अपील की है कि यदि कोई मुस्लिम चाहे तो उसे उत्तराधिकार कानून के तहत प्रॉपर्टी में अधिकार दिया जाए। इस पर बेंच ने केंद्र सरकार से पूछा है कि कैसे एक मुस्लिम को शरिया कानून की बजाय सेकुलर कानून के तहत प्रॉपर्टी में अधिकार दिया जा सकता है। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना की अगुवाई वाली बेंच ने अगली सुनवाई की तारीख 5 मई तय की है। यह अर्जी केरल की रहने वाली महिला साफिया ने दायर की थी। महिला का कहना है कि वह अपनी पूरी संपत्ति बेटी को देना चाहती है।

महिला का कहना है कि मेरा बेटा मनमौजी है और बेटी ही मेरी देखभाल करती है। इसलिए मैं अपनी सारी संपत्ति उसके ही नाम करना चाहती हूं। लेकिन इसमें दिक्कत यह आ रही है कि वह शरिया



❐ सुप्रीम कोर्ट पहुंची मुस्लिम महिला उठाई मांग

कानून के तहत ऐसा नहीं कर सकती। मुस्लिम पर्सनल लॉ के अनुसार यदि पैतृक संपत्ति का बंटवारा होता है तो फिर बेटे को बेटी के मुकाबले दोगुना हिस्सा मिलता है। मान लीजिए कि किसी परिवार में एक बेटा है और एक बेटी है तो बंटवारे में बेटे को 66 फीसदी हिस्सा मिलेगा और बेटी को 33 फीसदी। यही वजह है कि महिला अपनी संपत्ति बेटी के नाम नहीं कर पा रही है क्योंकि मुस्लिम लॉ के अनुसार बेटे का दो तिहाई संपत्ति पर अधिकार है। महिला का कहना है कि उसे शरीयत कानून में विश्वास नहीं है और वह चाहती है कि उस पर उत्तराधिकार कानून लागू हो। अब अदालत ने इस पर केंद्र सरकार की राय मांगी है। एक्स-मुस्लिम्स ऑफ केरल की महासचिव और अलाप्पुझा की रहने वाली सफिया पीएम ने यह याचिका दाखिल की, जिस पर चीफ जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ ने सुनवाई की।

केंद्र का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि याचिका में दिलचस्प सवाल उठाया गया है। उन्होंने कहा, 'याचिकाकर्ता महिला जन्म से मुस्लिम है। अब उसका कहना है कि वह शरीयत में विश्वास नहीं करती है और उसे लगता है कि यह पिछड़ा कानून है।' मेहता ने इस मुद्दे पर जवाबी हलफनामा दायर करने के लिए एससी से तीन सप्ताह का समय मांगा। पीठ ने उन्हें चार हफ्ते का समय दिया और कहा कि मामले की अगली सुनवाई 5 मई से शुरू होने वाले सप्ताह में होगी। सुप्रीम कोर्ट इस याचिका पर पिछले साल 29 अप्रैल को भी केंद्र ● शेष पेज 11 पर

समस्त जनपद वासियों को गणतंत्र दिवस एवं बसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं



अतुल कुमार तिवारी
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
जनपद गोण्डा



सिद्धार्थ दीक्षित
सहायक वित्त एव लेखाधिकारी
समग्र शिक्षा क्षेत्र-गोण्डा

# महाकुंभ में श्रद्धालुओं का रेला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महाकुंभ नगर। तीन दिन से आ रहे श्रद्धालुओं का रेला मंगलवार को चरम पर पहुंच गया। मंगलवार सुबह से ही शास्त्री पुल, फाफामऊ पुल, नैनी नया और पुराना पुल समेत संगम की ओर जाने वाली सभी सड़कों पर बड़े-बूढ़े, युवक-युवतियां, महिला-पुरुष और बच्चे ही दिखाई पड़ रहे थे। सुबह ही पूरा मेला क्षेत्र श्रद्धालुओं से भरा नजर आया। सनातन धर्मावलम्बियों के उत्साह का अंदाजा इसी बात से लगा सकते हैं कि दोपहर 12 बजे तक 1.88 करोड़ लोग स्नान कर चुके थे। जबकि पौष पूर्णिमा के पहले स्नान पर्व पर पूरे दिन में 1.65 करोड़ श्रद्धालुओं ने स्नान किया था। महाकुम्भ में स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या दिन-प्रतिदिन नए कीर्तिमान बनाती जा रही है। मुख्य स्नान पर्व मौनी अमावस्या पर संगम में पुण्य की डुबकी लगाने का उत्साह



❐ मौनी अमावस्या पर मेला प्रशासन की सलाह, जिस घाट पर पहुंचें वहीं स्नान करें

चरम पर दिखा। एक दिन पहले मंगलवार को शाम चार बजे तक ही स्नान करने वालों की संख्या ने मकर संक्रांति के पहले शाही स्नान के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। 14 जनवरी को मकर संक्रांति पर 3.5 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के पवित्र संगम में स्नान किया था, जबकि मंगलवार शाम चार बजे तक 3.90 करोड़ आस्थावान पुण्य की डुबकी लगा चुके थे। इनमें दस लाख से अधिक कल्पवासी भी शामिल हैं। इस तरह महाकुम्भ में अब तक 16 दिन में 18.66 करोड़ आस्थावान पुण्य की डुबकी लगा चुके हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महाकुम्भनगर राजेश द्विवेदी ने मंगलवार को बताया कि महाकुम्भ के दूसरे अमृत स्नान मौनी अमावस्या को लेकर विशेष तैयारियां की गई हैं। खासकर श्रद्धालुओं को जागरूक किया जा रहा है कि वो सजग रहें और किसी तरह की अफवाह में न फंसें। व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस का सहयोग करें और किसी भी तरह की समस्या में पुलिस का सहयोग लें। पुलिस और प्रशासन श्रद्धालुओं की मदद के लिए 24 घंटे उपलब्ध है। श्रद्धालुओं को सलाह दी गयी है कि संगम घाट पहुंचने के लिए अलग-अलग लेन से ही जाएं। गंगा स्नान के लिए जाते समय ● शेष पेज 11 पर

कैनविज टाइम्स अखबार की 14वीं वर्षगांठ पर महाकुंभ प्रयागराज की तरफ़ से ढेर सारी हार्दिक शुभकामनाएं



संतोष यादव
पत्रकार
कैनविज टाइम्स
प्रयागराज



संजीव श्रीवास्तव
ग्राम पंचायत अधिकारी
विकास खंड करछना
प्रयागराज



डॉ विजय बाबू यादव
जिला पंचायत
सदस्य/निदेशक
प्रकाश हॉस्पिटल डीहा
करछना प्रयागराज



नागेन्द्र पांडेय
प्रधान
ग्राम पंचायत पनासा,
विकास खंड करछना
प्रयागराज

# वक्फ संशोधन विधेयक पर जेपीसी की रिपोर्ट को लेकर विवाद

❒ अनीस मंसूरी ने बताया पसमांदा मुस्लिम समाज पर हमला, सरकार पर लगाए गंभीर आरोप

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 को लेकर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की रिपोर्ट ने विवाद को जन्म दे दिया है। पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अनीस मंसूरी ने इस रिपोर्ट को पक्षपातपूर्ण और पसमांदा समाज के अधिकारों का हनन करार दिया है। उनका कहना है कि यह विधेयक न केवल वक्फ संपत्तियों के मूल उद्देश्य को कमजोर करेगा, बल्कि इससे पसमांदा समाज के गरीब, वंचित और बेसहारा वर्गों के अधिकार पूरी तरह छिन जाएंगे। अनीस मंसूरी ने कहा कि इस्लाम में वक्फ की अवधारणा गरीबों, यतीम बच्चों, बेवा औरतों, समाज के वंचित वर्गों और परिवार से अलग कर दिए गए वृद्धों की मदद के



लिए की गई थी। वक्फ संपत्तियों का प्रबंधन और इनका उपयोग इन वर्गों की सहायता के लिए किया जाना चाहिए था, लेकिन हकीकत यह है कि वक्फ बोर्डों के अध्यक्ष, सदस्य, अधिकारी और मुतवल्ली लंबे समय से इन संपत्तियों का दुरुपयोग कर रहे हैं। उन्होंने पसमांदा समाज के अधिकारों को कुचलते हुए इन संपत्तियों को अपने निजी लाभ के लिए इस्तेमाल किया और अपने परिवारों की संपत्तियां बनाई। उन्होंने कहा कि सरकार अब इस विधेयक के माध्यम से वही कार्य बड़ी नीति के तहत करने जा रही है। इससे वक्फ संपत्तियां गरीब और जरूरतमंद वर्ग के बजाय अमीर और प्रभावशाली लोगों के कब्जे में चली जाएंगी। गैर-मुस्लिम सदस्यों की नियुक्ति पर तीखी प्रतिक्रिया विधेयक में वक्फ बोर्ड और केंद्रीय वक्फ परिषद में गैर-मुस्लिम सदस्यों की संख्या बढ़ाने के प्रावधान पर श्री मंसूरी ने तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा ''वक्फ संपत्तियां मुस्लिम समाज की धार्मिक और सांस्कृतिक संपत्तियां हैं। इनका प्रबंधन गैर-मुस्लिम सदस्यों को सौंपना वक्फ की मूल अवधारणा का खुला उल्लंघन है। यह न केवल मुस्लिम समुदाय के अधिकारों पर हमला है, बल्कि वक्फ संपत्तियों को उनके धार्मिक और सामाजिक उद्देश्य से भटकाने की कोशिश है।'' श्री मंसूरी ने कहा कि यह प्रावधान केवल वक्फ की धार्मिक संरचना को कमजोर करने और सरकार के प्रभाव को बढ़ाने के लिए लाया गया है।

### विवाद निपटारे और न्यायाधिकरण पर सवाल

विधेयक में विवाद निपटाने के लिए स्वतंत्र न्यायाधिकरण का प्रावधान किया गया है, जिसे 90 दिनों में मामलों का निपटारा करना होगा। श्री मंसूरी ने इस प्रावधान पर सवाल उठाते हुए कहा कि न्यायाधिकरण की संरचना और उसकी स्वायत्तता संदिग्ध है। उन्होंने कहा कि यह न्यायाधिकरण पूरी तरह से सरकार के नियंत्रण में होगा और इसका उद्देश्य निष्पक्षता से अधिक सरकारी एजेंडे को लागू करना होगा।

### पसमांदा समाज के हक को छीना जा रहा है

अनीस मंसूरी ने कहा कि पसमांदा समाज वक्फ संपत्तियों का सबसे बड़ा हकदार है, लेकिन इतिहास में हमेशा उनके साथ भेदभाव हुआ। उन्होंने कहा कि जो वक्फ संपत्तियां समाज के गरीब, बेरोजगार, विधवा महिलाओं और यतीम बच्चों के लिए थीं, वे संपत्तियां बड़े प्रभावशाली लोगों के नियंत्रण में आ गईं। अब यह विधेयक इन संपत्तियों को पूरी तरह से पसमांदा समाज से छीनने की कोशिश है।

# छात्र-छात्राओं की मनमोहक प्रस्तुति ने मोहा मन

❒ नवोदित इंटर कॉलेज शंकरगढ़ का वार्षिकोत्सव समारोह धूमधाम से सम्पन्न

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बारा, प्रयागराज। .सोमवार को नवोदित इंटर कॉलेज शंकरगढ़ के सालाना जलसे में छात्र-छात्राओं की मनमोहक और रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति ने वहां पर उपस्थित विशिष्टजनों और अतिथियों का मन मोह लिया। कार्यक्रम की शुरुआत कॉलेज के प्रबंधक संतोष त्रिपाठी द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। उसके पश्चात कक्षा 12 की छात्रा शिल्पा साहू व उनकी सहेलियों द्वारा सरस्वती वंदना करके समा बांध दिया गया। स्वागत गीत में रिया तिवारी व उनकी सहेलियां, पिता का प्यार नाटक में यास्मी, प्रिया तिवारी, रिया तिवारी, अंशिका केसरवानी की प्रस्तुति ने मौजूद लोगो के अंदर भावनाओं की बाढ़ ला दी। इसीतरह अलग-अलग कक्षाओं के छोटे-बड़े विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रकार के



कार्यक्रमों की प्रस्तुत ने सभी का दिल जीत लिया। इस अवसर पर प्रबंधक संतोष त्रिपाठी ने बच्चों को संस्कृतिक कार्यक्रमों और खेलो द्वारा अपने विकास को प्रोत्साहित करने की प्रेरणा दी। उन्होंने बताया कि जीवन में शिक्षा के साथ खेलों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का बहुत बड़ा योगदान होता है। इस अवसर पर सरदार पटेल इंटर कॉलेज पटहट के पूर्व प्रवक्ता रोहिणी सिंह पूर्व मंडल अध्यक्ष कुलदीप सिंह, सोमनाथ वर्मा उपस्थित रहे । इस अवसर पर कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रताप बहादुर सिंह, ज्ञानेंद्र मिश्रा, विजय शंकर मिश्रा, अशोक त्रिपाठी, उत्तम सिंह बघेल, दीपक विश्वकर्मा, संदीप सिंह, प्रदीप मिश्रा, पुष्पेंद्र पांडे, सोमेश शुक्ला, शिवेंद्र सिंह, अनिल कुमार, रविंद्र कुमार, पुष्पराज सिंह, कमलाकर सिंह ,राजेश सिंह, एलन वर्मा, श्रीमती कामिनी सिंह,आभा मिश्रा, अर्चना सिंह, अनीता सिंह, माया सिंह, सोनाली पांडे ,शीला यादव, प्रतिमा सिंह उपस्थित रहे।

# फ़र्ज़ी डिग्री मामले में केशव प्रसाद मौर्या को जांच पूरी होने तक पद से हटाए सरकार : शाहनवाज़ आलम

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। अखिल भारतीय कंग्रेस कमेटी के सचिव शाहनवाज़ आलम ने उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की फर्जी डिग्री से जुड़े मामले में पुनरीक्षण याचिका को खारिज करने वाले इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट द्वारा रद्द कर दिये जाने का स्वागत किया है। शाहनवाज़ आलम ने जारी बयान में कहा कि केशव प्रसाद मौर्य ने चुनाव आयोग में अपनी शैक्षिक योग्यता में हिंदी साहित्य सम्मेलन द्वारा जारी प्रथम, द्वितीया आदि की डिग्री लगाई है। जोकि प्रदेश सरकार या किसी बोर्ड से मान्यता प्राप्त नहीं है। इन्हीं डिग्रियों के आधार पर उन्होंने इंडियन ऑयल कारपोरेशन से पेट्रोल पंप भी प्राप्त किया है। इस अपराध में दोषी सिद्ध होने पर उन्हें तीन साल तक की सज़ा हो सकती। यानी केशव प्रसाद मौर्या का राजनीतिक करियर इस मुकदमे के फैसले पर टिका है। इसलिए आरोपी किसी भी हद तक जा सकता है। शाहनवाज़ आलम ने कहा कि चूंकि आरोपी रसूखदार व्यक्ति है



और उप मुख्यमंत्री होने के कारण जाँच को प्रभावित कर सकता है इसलिए उसके पद पर बने रहते सही विवेचना नहीं हो सकती। इसलिए योगी सरकार को चाहिए कि जाँच पूरी होने तक केशव प्रसाद मौर्या को पद से हटा दें। शाहनवाज़ आलम ने कहा कि यह भी संज्ञान में रखा जाना चाहिए कि आरोपी केशव प्रसाद मौर्या पर 22 सितंबर 2008 को कौशांबी के मोहब्बतपुर पइंसा थाने में थाना प्रभारी चंद्रशेखर प्रसाद द्वारा दर्ज किए गए मुकदमें में दुर्गा पूजा का फ़र्ज़ी पैड छपवाकर अवैध वसूली करने का आरोप लगाया गया था। जिसमें मौर्य पर 420, 467 और 468 धारा के तहत मुकदमा कायम हुआ था। इस मुकदमें में उन्हें न्यायिक प्रक्रिया में निर्दोष पाए जाने पर क्लीन चिट नहीं मिली है बल्कि 2020 में योगी जी ने जनहित बताकर मुकदमा वापस ले लिया था।

# न्यू चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस



❒ बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम की लोगों ने की सराहना

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बारा, प्रयागराज। सिंधी टोला स्थित न्यू चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल में गणतंत्र दिवस के अवसर पर विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए जिसमें बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों से सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए प्रबंधन समिति की तरफ से राम सुमिरन मिश्रा ने ध्वजारोहण करते हुए राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। न्यू सेंट्रल एकेडमी के प्रबंधक अंकुश मिश्रा द्वारा सरस्वती प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित कर उनके ऊपर पुष्प अर्पित किया गया। विद्यालय की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना और आए हुए अतिथियों के स्वागत में स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। इसके बाद विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने ''देश मेरा रंगीला'' ''हम हैं इंडिया वाले'' ''नन्हा मुन्ना राही हूं'' ''भारत मेरा बेमिसाल है'' जैसे कई गीत व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की संचालक शीतल सिंह ने सभी आए हुए सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उपस्थित छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं दीं।इस अवसर पर अनुराग तिवारी, नीतू सिंह, अंजली मिश्रा ,जय केसरवानी, जाह्नवी जायसवाल ,सुमन सिंह, संध्या सिंह सहित सभी शिक्षक शिक्षिका व छात्र-छात्र मौजूद रहे।

### तालाब से मिट्टी खनन को लेकर प्रधान ने की शिकायत

**करछना कैनविज टाइम्स संवाददाता।** तहसील क्षेत्र में मिट्टी का खनन जोरों पर है। खनन माफिया पुलिस के मिलीभगत से दिन रात मिट्टी का अवैध खनन कर के मोटी रकम में बेंच रहे है। सोमवार की बीती रात कौंधियारा क्षेत्र के नौगवाँ ग्राम पंचायत में खनन माफियाओं द्वारा सरकारी तालाब से मिट्टी खोद कर बेंच दिया गया। तालाब में हो रहे खनन का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद भी पुलिस हरकत में नहीं आई। पूरी रात खनन चलता रहा। सोमवार सुबह ग्राम प्रधान मनिका चंद्र को खनन के बारे में जानकारी हुई तो पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया की रात के अंधेरे में गौरा निवासी खनन माफिया आर एन सिंह तथा जेसीबी मालिक लहबरा निवासी मोनू पाण्डेय नौगवाँ में स्थित ग्राम पंचायत में आरक्षित तालाब की मिट्टी सोमवार की रात चोरी से जेसीबी व ट्रैक्टर के माध्यम से खनन कर कई स्थानों पर बेच दिये। जिससे ग्राम पंचायत को भारी नुकसान हुआ है जिनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्यवाही करने की मांग की है। कौंधियारा प्रभारी निरीक्षक राजेश यादव ने बताया की शिकायती पत्र मिला है हल्का इंचार्ज को भेज कर जांच कर रहा हूं उसके बाद कार्यवाही की जाएगी।

### रामकथा सुन भाव विभोर हुए भक्त गण

**करछना प्रयागराज कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राम कथा सुन्दर करतारी संसय विहंग उड़ावन हारी पूर्व वर्षों की भांति पाण्डेय पुर प्रवाह प्रयागराज में पंडित भोलानाथ पाण्डेय के मुखारविंद से राम कथा का रसपान क्षेत्र की जनता प्रतिदिन कर रहे हैं राम कथा की अमृत वर्षा से क्षेत्र के जनमानस आनन्दित व प्रफुल्लित हो रहें है राम कथा का श्रवण करने वालों में सर्व श्री डा शीतला प्रसाद पाण्डेय श्री मती मानती देवी आनन्द कुमार पाण्डेय राजेश कुमार पाण्डेय सतीष कुमार पाण्डेय रजनीश कुमार पाण्डेय आर्दश कुमार पाण्डेय आयुश कुमार पाण्डेय यश पाण्डेय निहाल पाण्डेय यज्ञ नारायण पाण्डेय लक्ष्य पाण्डेय अरूण तिवारी राम छविले मिश्र प्रधान मंत्री त्रिपुरारी कांत मिश्र डा दिनेश कुमार सोनी ।



### श्रद्धालु बोले, महाकुम्भ में गरीबी मिटाने नहीं अपनी आस्थावश जा रहे

**बलिया।** महाकुम्भ में मौनी अमावस्या पर आस्था की पवित्र डुबकी के लिए श्रद्धालुओं का रेला प्रयागराज की ओर चल पड़ा है। कोई बस से तो कोई ट्रेन से जाने के लिए बस अड्डे और रेलवे स्टेशन पर पहुंचा था। महाकुम्भ में स्नान करने की चाहत के आगे सियासत करने वालों के बयान का आस्थावानों पर कोई असर नहीं दिखता। बलिया रेलवे स्टेशन पर सोमवार शाम पांच बजे का दृश्य यह बताने के लिए काफी था कि आस्था के आगे महाकुम्भ को लेकर चल रही नकारात्मक बयानबाजी बेअसर है। बल्कि कुछ का तो यह भी मानना है कि हमारी आस्था के साथ खिलवाड़ नहीं होना चाहिए। बलिया जिला मुख्यालय से करीब 13 किलोमीटर दूर स्थित सुखपुरा गांव की महिलाओं की एक टोली प्लेटफार्म नंबर एक पर आती हुई ट्रेन की तरफ दौड़ रही थी। मगर जैसे ही पता चल रहा था कि यह ट्रेन प्रयागराज नहीं जाएगी, महिलाओं की यह टोली थोड़ी निराश हो जा रही थी। सुखपुरा की कबूतरी, ज्ञानती और ललिता सिंह बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस ट्रेन के पास खड़ी थीं। किसी ने उन्हें बताया कि यह प्रयागराज नहीं जाएगी, फिर थोड़ी निराशा हुई। बावजूद इसके अगली गाड़ी का इंतजार के लिए यह टोली बैठ गई। हिन्दुस्थान समाचार से इन महिलाओं ने बात करते हुए कहा कि चाहे कोई कुछ भी कहे कि डुबकी लगाने से गरीबी दूर नहीं होती, हम जरूर जायेंगे। कबूतरी देवी ने कहा कि हम अपनी आस्था के लिए जा रहे हैं। गरीबी मिटाने के लिए सरकार प्रयास कर ही रही है। यह महाकुम्भ सौ वर्ष से भी अधिक समय बाद आया है। इसे हम जाया नहीं कर सकते।

# मोटरसाइकिल दुकान का सामान चोरी



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**


बंथरा,लखनऊ। थाना क्षेत्र में स्थित सादुल्ला नगर गांव की एक मोटरसाइकिल रिपेयरिंग दुकान से बीती रात अज्ञात चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर अंदर रखे लाखों रुपए की मशीन उठा ले गए। दुकान मालिक अरशान मंगलवार सुबह जब दुकान खोलने आए तो देखा कि अंदर रखी सारी मशीन गायब हैं इसके बाद आसन में पुलिस को चोरीकी सूचना दी। सादुल्ला नगर गांव निवासी अरसान पुत्र कल्लन के अनुसार गांव के चौराहे पर उसकी मोटरसाइकिल की दुकान है किन्हीं कारणों वश वह कुछ दिनों से दुकान नहीं खोल रहा थे। 26 जनवरी को वह दुकान गया था तब दुकान में रखा पूरा सामान मौजूद था वहीं मंगलवार को जब सुबह आकर उसने दुकान खोला तो दुकान का सारा सामान गायब था जिसमें चोरों ने दुकान में रखा जनरेटर, धुलाई मशीन, हवा मशीन, स्टाटर के साथ अन्य सामान उठा ले गए थे। पुलिस ने सूचना पर पहुंचकर मौके पर अपनी जांच पड़ताल की है।

# मड़ियांव थाने के बाहर ही सज रही अवैध अतिक्रमण की दुकानें, बड़ी संख्या में खड़े होने लगे फुटपाथी ठेले

❒ अभियान के समय दुकानें हटी, अभियान खत्म होते ही फिर सज गई बाजार

❒ जब थाने के बाहर ही अवैध अतिक्रमण, तो शहर को कैसे कराएंगे अतिक्रमण मुक्त

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




लखनऊ। शहर में अतिक्रमण हटाने को लेकर भले ही अभियान चलाया जा रहा हो लेकिन यह अभियान भी महज एक खानापूर्ति बनकर ही रह जाता है। दिखावे के लिए चौराहो के आस पास अतिक्रमण हटवाकर विभाग अपनी पीठ थपथपा लेता है लेकिन ठीक उसी जगह पर दूसरे दिन ही अवैध अतिक्रमण की भरमार दिखाई देता है। हालांकि इस अवैध अतिक्रमण को स्थानिय पुलिस का पूरा सहयोग मिलता है जिसके चलते खुलेआम सड़क पर अवैध अतिक्रमण की भरमार है। तो वहीं थाने से चंद कदमों की दूरी पर यानी थानें के बाहर की अवैध अतिक्रमण की भरमार है। यह फोटो थाना मड़ियांव की है जहां थाने के बाहर ही फ्लाई ओवर के नीचे अवैध अतिक्रमण की दुकाने सजी हुई है। थाने के गेट पर टिक्की चाट बताशे से लेकर कपड़े और गाड़ी बनाने की दुकान व सब्जी पूड़ी समेत बड़ी संख्या में थाने के आस पास दुकाने सजी है, जिसके चलते स्थानिय पुलिस पर तरह तरह के आरोप भी लगते है लेकिन स्थानिय पुलिस प्रशासन इन दुकानो से अपनी वसूली मजबूत करने के चक्कर में इनको संरक्षण देने का काम कर रही है जिसके चलते यहां पर दिन पर दिन फुटपाती दुकानें व ठेले बढ़ते ही जा रहे है। ऐसे में शाम को यहां पर ट्रैफिक व्यवस्था भी इन्ही दुकानों व ढेले वालों की वजह से चरमरा जाती है। लोगो का आरोप है कि विभाग भी उन्ही पर कार्यवाही करता है जो इनकी वसूली का केन्द्र नही बनते है, आखिर अभियान में दुकाने हटने के बाद कैसे थाने के बाहर ही बिना स्थानिय पुलिस की मर्जी के दुकानें सज जाती है। नगर निगम ने अभियान चलाया दुकानें हटी, लेकिन फिर दूसरे ही दिन से थानें के बाहर दुकानें सजने लगी।

### विश्वामित्र की तपोस्थली,राधाकृष्ण एवं मनकामेश्वर मंदिर के पर्यटन विकास पर खर्च होंगे डेढ़ करोड़

**झांसी।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार धार्मिक महत्व के स्थलों पर पर्यटन सुविधाओं का विकास करने का काम निरंतर कर रही है। झांसी जिले के दो स्थलों पर पर्यटन विकास के कार्यों को मंजूरी मिली है, जिस पर डेढ़ करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि खर्च की जाएगी। कार्य शुरू करने के लिए सरकार ने 77 लाख रुपए रिलीज भी कर दिए हैं। दोनों स्थलों पर जल्द ही विकास कार्य शुरू हो जाएंगे। ग्राम गुढ़ा के निकट धसान नदी पर स्थित ऋषि विश्वामित्र की तपोस्थली और मंदिर के निकट पर्यटन सुविधाओं के विकास पर 80.84 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। इसके लिए सरकार ने 40 लाख रुपए रिलीज कर दिए हैं। टौरिया के पास स्थित राधाकृष्ण एवं मनकामेश्वर मंदिर के आसपास पर्यटन सुविधाओं के विकास पर 75.48 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। इसके लिए सरकार ने 37 लाख रुपए रिलीज कर दिए हैं। दोनों स्थानों पर आने वाले पर्यटकों लिए मूलभूत सुविधाओं का विकास और सुंदरीकरण का काम किया जायेगा। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी कीर्ति ने बताया कि दोनों स्थलों का धार्मिक रूप से काफी महत्व है और इन स्थानों पर काफी संख्या में लोग आते हैं। दोनों स्थानों पर पर्यटन सुविधाओं के विकास का काम एक से दो महीने में शुरू हो जाएगा। दोनों कार्यों को इसी वर्ष पूरा कर लेने का लक्ष्य है।

# परम धर्म संसद में एक मंच पर आए तीन पीठों के शंकराचार्य, जारी किया धर्मादेश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

महाकुंभनगर। प्रयागराज महाकुम्भ में बुधवार को आयोजित परम धर्म संसद में तीन पीठ के शंकराचार्यों ने गौ माता को राष्ट्र माता बनाने के लिए एक मंच पर आकर धर्मादेश जारी किया। संगम लोवर मार्ग के सेक्टर 12 में गंगा सेवा अभियानम में आयोजितत परम धर्म संसद को संबोधित करते हुए द्वारका के शंकराचार्य स्वामी सदानंद ने कहा कि हम सब सनातन धर्मावलंबी है हम आत्मा को अजर-अमर मानते हैं। पूरे विश्व में जो भी दिखायी दे रहा है वो परमब्रह्म परमात्मा का विलास मात्र दिखायी पड़ता है। वेद संस्कृत भाषा में ही है इसलिए हमारी मूल भाषा संस्कृत है। जितना भी हमारा धार्मिक साहित्य है सब संस्कृत में है इसलिए संस्कृत भाषा का बहुत महत्व है। श्रृंगेरी के शंकराचार्य विदुशेखर भारती ने कहा कि परमेश्वर के अवतार सनातन वैदिक धर्म के धारक परमपूज्य आदि गुरु शंकराचार्य ने लोकउद्धार के लिए एक विशिष्ट ग्रंथ प्रश्नुत्तरमल्लिका लिखी, जिसमें उन्होंने स्वयं प्रश्न करके उत्तर दिया। इस ग्रंथ में एक प्रश्न है माता कौन है इसका जवाब आदि शंकराचार्य ने लिखा धेनुः अर्थात गौ माता। आदि शंकराचार्य जी ने अपनी मल्लिका में दिखाया है की गौ माता की क्या महिमा है? इसलिए गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करना चाहिए और गौ माता का विशेष रूप से रक्षा हो। जब तक गौ हत्या होती रहेगी हम इस देश में सुख-शांति से नहीं रह सकते। लोग पूछते हैं हमें गौ हत्या बंद करने का प्रयास कब तक करना है? इसका जवाब है हमें गौ हत्या को पूणर्तः प्रतिबंधित करने का प्रयास तब तक करना है जब तक गौ हत्या पूरी तरह बंद हो जाए और गौ माता राष्ट्र माता घोषित हो जाये। गाय के हर अंग में एक देवता है। गोमय में स्वयं लक्ष्मी माता विराजमान होती है। लोग अब संस्कृत भाषा को भूल गए है इसलिए हमे इस स्थिति को बदलना है सभी हिंदुओं को संस्कृत भाषा सीखनी चाहिए, प्रयोग में लानी चाहिए और इस भाषा के प्रति विशेष रूप से श्रद्धा रखनी चाहिए । ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि शंकराचार्य की परंपरा अलौकिक है जो कभी समाप्त नहीं हो सकती। यहां तीन शंकराचार्य ब्रह्म, विष्णु,महेश के रूप में दिख रहें है और चौथे शंकराचार्य भी यहां विद्यमान है, लेकिन जैसे परमब्रह्म दिखता नहीं वैसे वो दिखायी नहीं दे रहे हैं। देवताओं की भाषा संस्कृत है इसलिए देवताओं से संवाद करने के लिए हमें संस्कृत भाषा आनी चाहिए। हमेशा से संस्कृत हमारी भाषा रही है। इस बार जब भाषा की जनगणना हो तो ८० करोड़ लोग बताए हमारी भाषा संस्कृत है। इससे सरकार को संस्कृत भाषा के लिए बजट देना होगा और संस्कृत भाषा के लिए महाविद्यालय बनाने होंगे, जिससे रोजगार भी बढ़ेगा और हम फिर से अपनी भाषा की ओर जाएंगे। द्वारका शारदा पीठ एवं ज्योतिष पीठ के ब्रह्मचारी सुबुद्धानंद ने कहा हमें बहुत प्रसन्नता है की तीन पीठ के शंकराचार्य त्रिवेणी गंगा के तट पर एक साथ उपस्थित है। लोग एक शंकराचार्य के दर्शन के लिए तरसते हैं और आज यहां परमधर्मसंसद में उपस्थितं लोगों का परम सौभाग्य है कि एक साथ तीन शंकराचार्यों के दर्शन लाभ ले पा रहे हैं।

# FIIT-JEE कोचिंग का बंद होना शिक्षा में पूंजीवादी लूट का नतीजा : घनश्याम श्रीवास्तव

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। FIIT-JEE कोचिंग के अचानक बंद होने से हज़ारों की संख्या में अभिभावक एवं छात्र/छात्राएं परेशान एवं असमंजस की स्तिथि में हैं। स्वराज आंदोलन ट्रस्ट ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि उनके पास लगातार छात्र/छात्राओं व अभिभावकों की शिकायतें आ रही हैं कि क्क्न्न्ध-ख्क्क कोचिंग ने अचानक से अपनी कक्षाएं बन्द कर दी हैं और पूछने पर कहीं से कोई जवाब नहीं मिल रहा है। ट्रस्ट के अध्यक्ष घनश्याम श्रीवास्तव ने कहा कि क्क्न्न्ध-ख्क्क कोचिंग का अचानक बन्द होना शिक्षा में संगठित पूंजीवादी लूट का परिणाम है, जिसने छात्रों का भविष्य खतरे में डाल दिया है। अचानक से कोचिंग बन्द होने से हर तरफ ऐसा संदेश जा रहा है कि कोचिंग हजारों छात्र/छात्राओं एवं अभिभावकों का पैसा हड़प कर भाग गयी है, क्योंकि उसने लखनऊ सहित अन्य शहरों में अपने संस्थान बन्द कर दिए हैं। ट्रस्ट के प्रदेश सचिव एवं मीडिया प्रभारी अजय गुप्ता ने बताया कि जब इस शिकायत को लेकर स्वराज आन्दोलन ट्रस्ट की टीम ने सर्वे किया तो पता चला कि लखनऊ में कई कॉर्पोरेट्स कोचिंग शिक्षा विभाग से सांठ-गांठ या उनकी अनदेखी से सरे आम गैर-कानूनी रूप से काम कर रही हैं, जिनमे कुछ बड़े व नामी स्कूल भी उनके साथ शामिल हैं। उनकी इस संगठित नूट से अभिवभाव तो लुट ही रहा है, साथ ही प्रदेश सरकार की छवि व टैक्स दोनों का नुकसान हो रहा है। स्वराज आंदोलन ट्रस्ट ने मांग करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार शीघ्र ही क्क्न्न्ध-ख्क्क कोचिंग के संचालकों व इनके साथ शामिल स्कूलों पर शीघ्र कार्यवाही करे तथा अभिभावकों को उनका पैसा वापस दिलवाये। चूंकि क्क्न्न्धख्क्क कोचिंग की ब्रांचे पूरे देश में हैं, अतः बड़े नुकसान को देखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार इनके विरुद्ध सी.बी.आई. जांच की संस्तुति करे। कॉर्पोरेट्स कोचिंगे एवं कुछ स्कूल इस समय प्रदेश सरकार की आंखो में धूल झोंककर अभिभावकों से गैर-कानूनी रूप से संगठित लूट में संलग्न हैं उनके विरुद्ध व्यापक अभियान शुरु किया जाये।

### महिला मित्र के खर्च ने युवक को बनाया कर्जदार, अपने ही घर में की चोरी

**कानपुर।** जिले में एक युवक ने महिला मित्र के शौक और खुद पर हुए कर्ज को उतारने के लिए अपने ही घर में चोरी की। फिर पुलिस बुलाई और खुलासा करने को लेकर पुलिस पर दबाव बनाता रहा। शक के आधार पर जब उससे कड़ाई से पूछताछ की गई तो उसने अपना गुनाह स्वीकार कर लिया। आरोपित की निशानदेही पर 24 घण्टों के अंदर घर से ही चोरी का सारा माल और नकदी बरामद कर उसे जेल भेज दिया गया है। मंगलवार को एडीसीपी विजेंद्र द्विवेदी ने पत्रकार वार्ता कर जानकारी देते हुए बताया कि आरोपित की एक गर्लफ्रेंड है जिस पर वह काफी रुपये उड़ा चुका है। उसे ऑनलाइन गेम में सट्टा खेलने की भी लत लग गयी। उसने आपस के लोगों से कर्ज लेना शुरू कर दिया। वह बेरोजगार है, इसलिए उसके पास कर्ज लौटाने के लिए रुपये नहीं थे। ऐसे में उसने अपने ही घर चोरी की योजना बनाई। सोमवार को जब घर के सभी लोग छत पर धूप का आनंद ले रहे थे, तब आरोपित ने मौके का फायदा उठाकर घर में रखे तकरीबन चार लाख रुपये की ज्वेलरी और 18,500 रुपये नकदी चुराकर घर में ही छुपा दिया। जब घर वालों को चोरी की जानकारी हुई तो पुलिस को सूचित किया। मामला दर्ज कर पुलिस जब पीड़ित के घर जांच करने पहुंची तो घर में मौजूद वादी के बेटे आयुष दोहरे से पूछताछ के दौरान पुलिस को उस पर शक हुआ। कड़ाई से पूछताछ पर आयुष ने अपना गुनाह स्वीकार कर लिया। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर चोरी के माल समेत नकदी बरामद कर उसे जेल भेज दिया है।

### छात्रा का फोटो एडिट कर अश्लील बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने के आरोप में अज्ञात पर केस

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद महानगर के थाना सिविल लाइंस क्षेत्र निवासी महिला ने थाना पुलिस को दी तहरीर में अज्ञात व्यक्ति पर आरोप लगाते बताते हुए बताया कि आरोपित ने उसकी बेटी का फोटो एडिट कर उसे अश्लील बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। सिविल लाइन सर्किल के क्षेत्राधिकारी कुलदीप गुप्ता ने बताया कि मामले में पीड़िता की मां की तहरीर पर थाना सिविल लाइन पुलिस ने मंगलवार को अज्ञात आरोपित के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। थाना सिविल लाइन क्षेत्र के कांठ रोड पर एमडीए कालोनी निवासी ग्रेजुएश की छात्रा की मां ने पुलिस को दी।

# किसानों की समस्याओं को लेकर हुई किसान पंचायत



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सरोजिनी नगर, लखनऊ। राजधानी में मंगलवार को बंथरा के चुनौटी गांव में स्थित एक निजी फार्म हाउस पर क्षेत्र के किसानों की समस्याओं को लेकर एक किसान पंचायत का आयोजन किया गया। किसान नेता रितेश सिंह चौहान की अध्यक्षता में संपन्न हुई किसान पंचायत में किसानों की दो मुख्य समस्याओं को लेकर विचार विमर्श किया गया। मौजूद किसानों ने गहरू पावर हाउस से सप्लाई होने वाली सिंचाई हेतु विद्युत सप्लाई को 10 घंटे एवं क्षेत्र में जमीनों के सर्किल रेट 10 सालों से न बढ़ने को लेकर अपनी नाराजगी व्यक्त की किसानों का कहना था कि मौजूदा सर्किल रेट का चार गुना होना चाहिए वहीं सिंचाई हेतु सप्लाई होने वाली विद्युत को 10 घंटे से बढ़कर 18 घंटे करना चाहिए। किसान पंचायत में एकजुट हुए क्षेत्र के दर्जनों गांवों से मौजूद सैकड़ो किसानों ने एक राय होकर इन मागों पर अपनी सहमति जताई है। किसान पंचायत में समरसता भोज का भी आयोजन किया गया अंत में आए हुए किसानों का रितेश सिंह ने धन्यवाद किया। किसान पंचायत में मुख्य रूप से किसान मजदूर संगठन के पूर्वी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष प्रताप बहादुर, किसान नेता रामपाल रावत, गंगाराम भारती, बादे खेड़ा गांव से शिवबरन सिंह, नरपति सुमन, हिंदू खेड़ा से आनंद मोहन सिंह, ऐन गांव से सुनील सिंह, गोंदौली से नीरज साहू, अंधपुर से जयकरण लोधी, शहजादी सरांय से राजेश सिंह के अलावा सैकड़ो की संख्या में किसान मौजूद रहे।

# पति ने पत्नी का काटा गला

## चाकू से खुद को भी किया घायल तलाक के मुकदमे को लेकर था परेशान



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सरोजनीनगर-लखनऊ। बिजनौर थाना क्षेत्र में पति ने पत्नी के गले पर चाकू से कई बार वार करके उसे लहूलुहान कर दिया और बाद में अपने गले पर भी चाकू से कई बार किया जिससे वह भी जख्मी हो गया। जानकारी पाकर पहुंची बिजनौर पुलिस ने लघुलुहान पति-पत्नी को इलाज के लिए ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया है, जहां दोनों की हालत गंभीर बनी हुई है।

बिजनौर पुलिस के अनुसार सीतापुर जिले के लहरपुर स्थित केसरी गंज की रहने वाली रानी सरोजिनी नगर अंतर्गत बिजनौर में एक किराए के मकान में रहती है। कुछ समय पूर्व से उसका लखीमपुर खीरी स्थित जमुनिया के रहने वाले पति रमेश कश्यप से तलाक का मुकदमा चल रहा है रानी अपने दो बच्चों के साथ बिजनौर में ही किराए पर रहकर मजदूरी करती है जबकि दो बच्चे रमेश के पास रह रहे हैं। रमेश काफी लंबे समय से तलाक का मुकदमा चलने के बावजूद अपने साथ रहने का दबाव बना रहा था। पुलिस ने बताया कि रमेश सुबह पत्नी को लेने के लिए उसके घर आया था लेकिन जब रानी ने उसके साथ जाने से मना कर दिया तब दोनों के बीच विवाद हो गया इसी बीच विवाद बढ़ने पर रमेश ने चाकू से रानी के गले पर ताबड़तोड़ कई बार वार कर दिए जिससे वह जख्मी होकर जमीन पर गिर गई जिसे देखकर रमेश के भी होश उड़ गए और उसने खुद को भी चाकू से कई बार करके जख्मी कर लिया। यह देखकर बच्चों ने जब शोर मचाया तब वहां पड़ोसियों की भीड़ लग गई और सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर एंबुलेंस से दोनों घायलों को इलाज हेतु ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया है। बिजनौर थाना प्रभारी अरविंद सिंह राणा ने बताया कि महिला के घर वालों को सूचना दी गई थी जिसके बाद महिला के भाई द्वारा लिखित तहरीर देने के बाद आरोपी रमेश कश्यप के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

## विज्डम वे स्कूल में मनाया गया धूमधाम से गणतंत्र दिवस



**लखनऊ,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** चिनहट ब्लॉक के मटियारी चौराहा अयोध्या रोड हाईवे स्थित विजडम वे प्रोगेसिव इंटर कॉलेज में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस। झंडारोहण के बाद भाषण कविता के साथ-साथ संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन हुआ साथी ही साथ शिक्षक व बड़ी संख्या में छात्रों द्वारा रैली भी निकल गई।

## बाइक सवारों ने युवक का पर्स और मोबाइल छीना

**नगराम, लखनऊ,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगराम क्षेत्र के एक गांव के पास बीते 23 जनवरी की रात अज्ञात बाइक सवार तीन युवकों ने एक बाइक सवार को रोककर उसका पर्स और मोबाइल छीन लिया और फरार हो गए , पुलिस ने शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। नगराम क्षेत्र के समेसी निवासी हरीश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बाट 23 जनवरी की रात लगभग 10:30 बजे लखनऊ से खुजौली होते हुए अपने घर समेसी आ रहा था जैसे ही वह डोभिया गांव से नगराम की तरफ आगे आ रहा था , तभी सामने से एक बाइक पर तीन युवक आए और उसकी बाइक रुकवा ली । जैसे ही उसने बाइक रोकी तो बाइक सवार तीनों नीचे उतर आए और उसे मार-पीट कर उसकी जेब से पर्स व मोबाइल छीनकर मौके से फरार हो गए । पीड़ित के मुताबिक पर्स में जरूरी कागजात थे, पुलिस ने शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। मामले में नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि अज्ञात चोरों के विरुद्ध मिली तहरीर के मुताबिक मामला दर्ज किया गया है , जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

## सामान खरीदने का ऑफ़र देकर खाते से निकाले रुपये, रिपोर्ट दर्ज

**लखनऊ,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सुशांत गोल्फ सिटी के अश्लेशा सी में रहने वाली रंजना राय को सामान खरीद का ऑफर देकर साइबर जालसाजों ने एक लाख से अधिक नकदी खाते से निकाल ली। पीड़िता को जब इस बात की जानकारी हुई तो सुशान्त गोल्फ सिटी थाने पहुंचकर जालसाजों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस के मुताबिक पीड़िता को साइबर ठगों ने सामान खरीद का ऑफर दिया। जिसके बाद पीड़िता ने डेबिट कार्ड के माध्यम से शॉपिंग करने के लिए लिंक खोलकर पेमेंट डिटेल भरी, वैसे ही उसके खाते से पहले 42218, फिर 9054 तथा 51272 रुपये कुल 102524 रुपये निकल गए। खाते से पैसा कटने का मैसेज आते ही जानकारी होते ही पीड़िता ने तत्काल 1930 पर काल कर कंप्लेन दर्ज कराई। उसके बाद सुशांत गोल्फ सिटी थाने पर तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि फोन कर ऑफर देने वाले अपने को बिग बास्केट से परवेज, निपुल कोलकाता से बताया कि साइबर ठगो आपके लिए ऑनलाइन शॉपिंग पर ऑफर है। शॉपिंग के दौरान पेमेंट डिटेल भरते ही खाते से पैसा निकलने लगा। जिसके बाद आभास हुआ कि मेरे साथ ऑफर के नाम पर फ्राड हुआ है।

## डीएसएचआरडी ने गणतंत्र दिवस पर फहराया तिरंगा, न्यायमूर्ति आरके रस्तोगी की गरिमामयी उपस्थिति

**लखनऊ,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** डिवोटेड सोसाइटी फॉर ह्यूमन रिफॉर्मेशन एंड डेवलपमेंट (डीएसएचआरडी) ने 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर भमरौली शाहपुर लालाबाग, निकट लोधी मार्केट दुबग्गा स्थित उत्तर प्रदेश महासचिव श्री एस.के. मोदनवाल के आवासीय कार्यालय परिसर में एक भव्य समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मान्यवर न्यायमूर्ति आर.के. रस्तोगी (पूर्व जज, हाईकोर्ट प्रयागराज) और विशिष्ट अतिथियों के रूप में श्री रमाकांत जैसवार (प्रदेश सचिव, एससी/एसटी प्रकोष्ठ, उत्तर प्रदेश), श्री धनजीत गुप्ता (जिलाध्यक्ष, मऊ, ओबीसी प्रकोष्ठ) उपस्थित रहे। न्यायमूर्ति आर.के. रस्तोगी ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया, जिसके बाद सभी कार्यकर्ताओं ने तिरंगे को सलामी दी और राष्ट्रगान गाया। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती और बाबा भीम राव अंबेडकर जी के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर की गई। इसके बाद बच्चों ने रंगारंग और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी, जिन्हें उपस्थित सभी लोगों ने तालियों से सराहा। एस.के. मोदनवाल ने मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने का संदेश दिया और सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन श्री सुदेश कुमार ने किया। अंत में, संगठन के सभी सदस्यगण को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में सभी पदाधिकारी और सदस्यगण उपस्थित रहे।

# पूर्व विधायक ने गोसाईगंज में पीडीए चौपाल में की शिरकत



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। मंगलवार को पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने गोसाईं गंज क्षेत्र अन्तर्गत बक्कास स्थित ग्राम सभा पासिन ढखवा में आयोजित पीडीए चौपाल कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। इस दौरान आयोजक सेक्टर प्रभारी मुलायम सिंह यादव और राकेश रावत ने पूर्व विधायक का स्वागत और अभिनंदन किया। पीडीए चौपाल को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार में बेरोजगारों , मजदूरों, किसानों, दलितों और पिछड़ों समेत अन्य वंचित वर्गों की समस्याओं की कोई सुनवाई नहीं हो रही है। उन्होंने संविधान की रक्षा के लिए आगामी विधानसभा 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने का आह्वान किया और सभी से पीडीए के पक्ष में एकजुट रहने की अपील की।कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधान सभा क्षेत्र अध्यक्ष उमाशंकर वर्मा, धर्मवीर पासवान, श्रवण यादव, मनोज रावत, बीडीसी मनोहर रावत, संत राम रावत, हरी शंकर रावत, मुनेश्वर लाल, रामसेवक रावत, नन्हे लाल, सचिन कुमार, आशीष लोधी, श्रीराम समेत गांव के अन्य लोग भी उपस्थित रहे।

# गणतंत्र दिवस पर स्कूली बच्चों में भी दिखा विशेष उत्साह



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। 26 जनवरी को देश अपना 76वा गणतंत्र मना रहा था इस दिन सभी देशवासियों के दिल मे देश के लिए प्यार उमड़ता दिखाई दे रहा था जगह जगह पर राष्ट्रीय ध्वज को फहराया जा रहा था और राष्ट्रगान की गूँज सभी ओर से सुनाई दे रही थी क्या आम क्या खास सभी इस जश्न मे डूबे हुए दिखाई दे रहे थे।इसी कड़ी मे गऊघाट स्थित प्राथमिक विद्यालय मे झंडा रोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे बच्चों में मिठाइयां भी बांटी गई इस अवसर पर बच्चों में बहुत उत्साह देखने को मिला ये जानकारी दौलतगंज वार्ड 94 गऊघाट महेश कुमार द्वारा उपलब्ध कराई गई है।

# असहाय जरूरतमंदों को विधायक ने किया कंबल वितरण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज लखनऊ विधान सभा क्षेत्र के गदियाना में विधायक का ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया ग्रामीणों को कंबल भेंट करते हुए कहा क्षेत्र में कोई कच्ची सड़क नहीं रहेगी ।मोहनलालगंज विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय गदियाना में पहुंचे भारतीय जनता पार्टी के मोहनलालगंज विधान सभा से विधायक अमरेश कुमार रावत का ग्रामीणों ने माला पहना कर जोरदार स्वागत किया । वही महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष शालिनी सिंह एवं हनुमान रावत ने विधायक को पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया ,विधायक अमरेश कुमार ने ग्रामीणों को कंबल वितरण करते हुए कहा कि विधानसभा क्षेत्र के डांडा सिकंदरपुर ,गदियाना की जनता के लिए विशेष रूप से सहयोग के लिए तैयार रहूंगा ,मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सबसे बड़ा काम किया जो गुंडा माफियाओं का सफाया कर दिया अब किसी बहन बेटी को कोई चिंता नहीं रहती रात में भी निडर होकर निकल सकती है ।आजादी के बाद से मोहनलालगंज विधान सभा क्षेत्र में कई विधायक बने कई बार विधायक बने कैबिनेट मंत्री रहे लेकिन विकास के नाम पर धोखा दिया ,मुख्यमंत्री ने उद्योग लगाने हेतु ग्रामीण युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए पांच लाख तक ऋण मुहैया कराने की व्यवस्था की है इसके लिए गांवों में चौपाल लगाकर लाभार्थियों को चुना जाएगा जिससे गरीब तबके के परिवार अपने घर परिवार चलाने में सफल हो सकते हैं,मैने संकल्प लिया था कि अपने कार्यकाल के चार वर्ष पूरे होने तक पूरे विधान सभा क्षेत्र में कोई भी कच्ची सड़क नहीं रहने दूंगा,शीघ्र ही डांडा सिकंदरपुर नहर पटरी से गदियाना जाने के लिए पक्की सड़क का निर्माण शुरू हो जाएगा तथा क्षेत्र की प्रत्येक सड़क को संपर्क मार्ग से जोड़ा जाएगा।इस मौके पर चौकी इंचार्ज हुलास खेड़ा अनूप सिंह प्रधान संघ अध्यक्ष देवेंद्र सिंह बबलू गदियाना प्रधान रूपरानी , किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष अभय सिंह मस्तीपुर प्रधान सूर्य कुमार द्विवेदी ,कनेरी प्रधान ब्रजेश वर्मा ,मान सिंह ,कृष्ण पाल सिंह,बजरंग, पारीदीन,राम खेलावन,मलखान सिंह,शिक्षक यश करन सिंह,प्रधान प्रतिनिधि राम कुमार रावत, राजेश रावत, होरी लाल,राम फ़ेर,वीरू रावत,कार्यक्रम का संचालन पूर्व प्रधान रविन्द्र यादव ने किया ,प्राथमिक विद्यालय गदियाना में काफी संख्य में ग्रामीणों का तांता लगा था।


# अधिशासी अभियन्ता, जोन-3 जलकल विभाग, नगर निगम, सेक्टर बी पानी की टंकी परिसर अलीगंज, लखनऊ

पत्रांक- 1870/EE-3/GL-7/24-25 दिनांक- 28-01-2025

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

एतद्द्वारा जलकल विभाग निगम जोन-3 लखनऊ के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्यों हेतु विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से पृथक-पृथक निविदाएं दिनांक 04-02-2025 अपरान्ह 3.00 बजे तक आमंत्रित किया जाएगा है जो उसी दिन अपरान्ह 4:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 04/02/2025 को अपरान्ह 2.00 बजे तक इस कार्यालय के कैश काउन्टर में निर्धारित निविदा शुल्क जमा की जाएगी। निविदा के साथ वांछित धरोहर राशि जमा करना अनिवार्य है। निविदा खोलने के दिवस अवकाश घोषित होने पर उसके अगले कार्य दिवस में नियत समय पर निविदाएं प्राप्त व खोली जाएगी। अन्य नियम व शर्त तथा कार्य विवरण निविदा प्रपत्र में उल्लिखित है जो किसी भी कार्य दिवस में अवलोकित की जा सकती है-

| क्र. सं. | कार्य | निविदा शुल्क | धरोहर धनराशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अयोध्यादास प्रथम वार्ड, डालीगंज निराला नगर वार्ड महानगर वार्ड तथा कदमरसूल वार्ड के अन्तर्गत 7 स्थानो पर समरसेबिल पम्प मरम्मत कार्य। | Rs. 200/- | 3400.00 | 7 days |

**अधिशासी अभियन्ता जोन-3**
**जलकल विभाग नगर निगम**


# अटल स्मृति संकल्प एवं संपर्क अभियान के अंतर्गत साझा की गई अटल की यादें



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बीकेटी,लखनऊ। बख्शी का तालाब सीतापुर रोड़ स्थित एक निजी होटल में भाजपा द्वारा मंगलवार को अटल स्मृति संकल्प एवं संपर्क अभियान के अंतर्गत प्रेस वार्ता आयोजित हुई,जिसमें मुख्य अतिथि एमएलसी धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि यह वर्ष भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी का जन्म शताब्दी वर्ष है।उनकी जयंती 25 दिसम्बर को सुशासन दिवस के रूप मनाई गयी,इस अवसर पर बूथ, मंडल,जिला,प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर अनेकों कार्यक्रम व्यापक रूप से संपन्न हुए।उन्होंने कहा कि अटल स्मृति संकलन एवं सम्पर्क अभियान-हम सभी भारतीय जनता पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ता एवं श्रद्धेय अटल जी के प्रिय देशवासी,अटल स्मृति संकलन एवं सम्पर्क अभियान 2025 के माध्यम से 31 जनवरी 2025 तक सभी जिलों में ऐसे व्यक्तियों को चिन्हित करेंगे जिनके पास श्रद्धेय अटल जी के साथ साझा किये गये किसी भी क्षण की स्मृति या तो कागजी माध्यम( पेपर कटिंग,किताब पर दिया गया ऑटोग्राफ)या अन्य कोई कागज जो कि प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से अटल जी से सम्बद्ध है या स्मृति का ऑडियो क्लिप,विडियो क्लिप उपलब्ध है।हम लोग इस अभियान के अन्तर्गत उन पुण्य जिलावासियों के पास जाकर उन्हे सम्मानित कर उपलब्ध स्मृति को सम्मान पूर्वक उसकी एक कॉपी लेकर संकलित करेंगे,इसी अभियान के अन्तर्गत उन भाग्यवान व्यक्तियों/कार्यकर्ताओं को चिन्हित करेंगे,जिन्होने प्रत्यक्ष रूप से श्रद्धेय अटल जी के साथ राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ,भारतीय जनता पार्टी या संघ के किसी अनुसांगिक संगठन में कार्य किया हो हम उन सभी वरिष्ठ जनों को सूचिबद्ध कर सम्मानित करने का कार्य करेंगे।इसी कार्यक्रम के अन्तर्गत अटल जी पर लिखे गये लेखों,पुस्तकों को एकत्रित कर सूचिबद्ध किया जायेगा।तदोपरान्त इनमें से चुनी हुई जानकारी हम प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित करेंगे। वहीं इस कार्यक्रम के पश्चात 15 फरवरी से 15 मार्च, 2025 तक अटल विरासत सम्मेलन आयोजित होगा जिसमें जिले के प्रबुद्धजन,सूचीबद्ध विशिष्ट जन एवं अटल जी के सभी प्रसंशक आमंत्रित किये जायेंगे तथा संकलित स्मृतियों की जानकारी का डिजिटल प्रस्तुतिकरण भी होगा।प्रेसवार्ता के मौक़े पर जिला अध्यक्ष विनय प्रताप सिंह,पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश तिवारी,पूर्व जिलाध्यक्ष जितेंद्र कुमार सिंह,जिला कार्यक्रम संयोजक जिला महामंत्री रामलाल वर्मा,जिला महामंत्री विजय मौर्य,जिला मीडिया प्रभारी विवेक सिंह,बीकेटी मंडल अध्यक्ष संदीप यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता बाबा प्रदीप यादव,प्रेम वर्मा,राजकुमार सिंह,नीरज तिवारी सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


# कार्यालय ग्राम पंचायत शुम्भा विकासखण्ड त्रिवेदीगंज जनपद बाराबंकी

पंत्रांक- मेमो /ग्रा.पं. निविदा/2024-25 दिनांक-

ग्राम पंचायत शुम्भा में मनरेगा योजना से 181619-50/पन्द्रवां वित्त/पंचम राज्य वित्त 757784-50 से पंचायत भवन निर्माण साम्रगी आपूर्ति हेतु निविदा वित्तीय सत्र 2024-25 के लिए आमंत्रित की जाती है इच्छुक आपूर्तिकर्ता 30-01-2025 से 10.02.2025 सायं 4.00 बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत में अपनी निविदा वन्छित पत्र बंद लिफाफे में रखकर जमा करा सकते है। निविदा दिनांक 11-02-2025 को दोपहर 2.00 बजे के बाद कमेटी द्वारा खोली जायेगी। आवेदन पत्र का मूल्य रू.100 निहित होगा।

| क्र.सं. | कार्य विवरण | आपूर्ति की जाने वाली साम्रगी का विवरण | मद का विवरण | स्वीकृक प्राक्कलन की धनराशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पंचायत भवन का निर्माण कार्य | ईंट, ईंट गिट्टी, सीमेंट, मौरंग, लेबर, मिस्त्री इत्यादि बालू, पत्थर, गिट्टी, लोहे की सरिया दरवाजे खिड़की व्हाईट सीमेन्ट, वाटर टैंक, बास ब्रेसिन, यूरिनल, ट्वायलेट सीट, इलेक्ट्रिकल सामाग्री, टाईल्स, सेनेटरी फिटिंग, प्राइमर, साकेट, कार्टेज हेतु ट्राली कांच का कार्य, बाल पुट्टी, पेंट, ब्रूश,फैब्रिकेशन कार्य इत्यादि | मनरेगा योजनान्तर्गत<br>15वां/पंचम राज्य वित्त | 801619.50<br>757781.50 |

**नियम शर्ते-**

1. आपूर्तिकर्ता (कर्म) जीएसटी पंजीकृत होनी चाहिए जिसके बैंक डिटेल के साथ प्रमाणित छायाप्रति संलग्न होनी चाहिए।
2. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराए जाने के कार्य हेतु अपूर्ति आदेश ग्राम पंचायत द्वारा दिया जाएगा। समय से आपूर्ति न कर पाने व बिलंब करने पर आदेश निरस्त कर अन्य किसी फर्म को अपूर्ति आदेश देने के लिए स्वतंत्र होगी।
3. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी रूप से गुणवत्ता प्रमाणित होने व मापन के उपरांत ही किया जाएगा।
4. निविदा ग्राम पंचायत की कार्य योजना में सम्मिलित कार्यों के अनुसार अलग अलग देय है।
5 प्रस्तुत दरें पीडब्ल्यूडी द्वारा मान्य दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए।
6. आपूर्तिकर्ता फर्म द्वारा इस आशय का शपथ पत्र भी प्रस्तुत करना होगा कि उपयुक्त फर्म किसी ग्राम प्रधान ब्लाक प्रमुख या अन्य उच्च पद पर पदस्थ जनप्रतिनिधि या उनके रिश्तेदारों से संबंधित नहीं है। अधिक जानकारी हेतु अपर मुख्य सचिव महोदय के आदेश पत्र संख्या 137/38.7.2022.63 नरेगा / 2009 दिनांक 21मार्च 2022 में दिए आदेश का अवलोकन अवश्य कर लें।

**श्री दुर्गेश कुमार**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत शुम्भा**
**विकासखण्ड त्रिवेदीगंज**
**जनपद बाराबंकी**

**श्रीविनय कुमार शुक्ला**
**ग्राम पंचायत अधिकारी**
**ग्राम पंचायत शुम्भा**
**विकासखण्ड हैदरगढ़**
**जनपद बाराबंकी**

# वेंडिंग जोन का किया जाएगा विकास, माडल बनेगा खैराबाद नगरपालिका



कैनविज टाइम्स संवाददाता

खैराबाद सीतापुर। अब खैराबाद नगर पालिका परिषद को माडल के रूप में विकसित किया जाएगा। खैराबाद मोहल्ला कुलहन सरायं में खाली पड़ी भूमि पर अधिशासी अधिकारी प्रेम शंकर गुप्ता,नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता व स्थानीय लेखपाल के साथ निरीक्षण खाली भूमि का निरीक्षण गया। अभिषेक गुप्ता ने बताया स्ट्रीट वेंडर को डवलप होने से स्थानीय पटरी दुकानदारो को रोजगार के अवसर मुहैया करवाये जाएंगे व जो रोड के आसपास पटरी ठेला लगने से शहर में जाम लगती है उससे निजात मिलेगी। अधिशासी अधिकारी प्रेम शंकर गुप्ता ने बताया इसमें स्ट्रीट वेंडर्स की सुविधा का खास ख्याल रखते हुए विकास कार्य कराए जाएंगे। जल्द ही हम जिला अधिकारी महोदय के पास प्रस्ताव भेजेंगे जिससे नगरपालिका के राजस्व व विकास को बल मिलेगा। वेंडिंग जोन को माडल रूप में विकसित करने की योजना है। इसमें स्ट्रीट वेंडर्स को बेहतर सुविधा मुहैया कराने के लिए ट्रेनिंग दी जा रही है। कूड़ा प्रबंधन, शौचालय, पेयजल, पार्किंग समेत अन्य मूलभूत सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

# राकेश राठौर को जल्द गिरफ्तार किया जाए: भाजपा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर । महिला के साथदुष्कर्म के आरोपी सांसद की गिरफ्तारी को लेकर भारतीय जनता पार्टी लगातार विरोध प्रदर्शन कर रही है इसी क्रम में महोली विधानसभा के कार्यकर्ताओं द्वारा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला के । नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया गया इस अवसर पर महोली विधानसभा के कार्यकर्ता पदाधिकारी व जन सामान्य सर्वप्रथम राजा कॉलेज मैदान पर एकत्रित हुए और लाल बाग पहुंचकर मुख्य चौराहे पर दुष्कर्म के आरोपी सांसद राकेश राठौर का पुतला दहन किया और सांसद राकेश राठौर की गिरफ्तारी के नारे लगाए। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी पीड़िता के साथ है और उसको न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है हम सभी कार्यकर्ता आरोपी सांसद कि जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग करते हैं कार्यक्रम में बोलते हुए ब्लॉक प्रमुख पिसावा मिथिलेश यादव ने बताया की बलात्कार आरोपी सांसद राकेश राठौर की गिरफ्तारी तक हम सब लगातार प्रदर्शन करते रहेंगे उन्होंने बताया कि सांसद के पद पर रहते हुए उक्त आरोपी ने बहुत घृणित कार्य किया है उसकी जल्द से जल्द गिरफ्तारी होनी चाहिए इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख महोली जगदीश राजवंशी ने भी आरोपी सांसद की गिरफ्तारी की मांग की और उसके खिलाफ कठोर दंड की भी मांग की। गन्ना समिति के अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह चौहान ने आरोपी सांसद की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष प्रथम राजन गुप्ता नगर अध्यक्ष द्वितीय पंकज पांडे कौशलेंद्र सिंह,अमित दीक्षित, पूर्व प्रधान जगदीश लोधी, , जगदीश प्रसाद लोधी, विश्राम सागर राठौर ओम प्रकाश शर्मा कुसुम सिंह ,इंदु सिंह, संतोष शुक्ला संतोष सिंह रामबाबू शुक्ला, सचिन मिश्रा, अभिषेक मिश्रा अशोक सिंह , ऋषभ चंद्र त्रिवेदी सहित महोली विधानसभा के जन सामान्य उपस्थित रहे।

# दबंग कोटेदार ने सरकारी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की बाउंड्री वॉल पर किया अवैध निर्माण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। जनपद के विकास खंड परसेंडी ग्राम सभा नवा महमूदपुर में दबंग कोटेदार के द्वारा गांव में ही बने उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की बाउंड्री वॉल पर अवैध निर्माण करके दुकान बनवाए जा रही है स्कूल प्रबंधन भी मूर्ख दर्शक बना हुआ है पिछले एक सप्ताह से निर्माण कार्य चल रहा है सूत्र बताते हैं कि कहीं ना कहीं स्कूल प्रधानाध्यापिका की सहमत पर ही अवैध निर्माण हो रहा होगा वहीं पर बना है पंचायत भवन ग्राम प्रधान की सम्मिलित भी खूब चर्चा का विषय बनी हुई है गांव में ग्रामीणों द्वारा यह भी बताया गया है कि कोटेदार की दबंगई जग जाहिर है पिछले कई महीनो से उसके प्रार्थना पत्र देखकर शिकायत की जा रही है पर कोई हल नहीं निकला दबंग कोटेदार की दबंगई के चलते ग्राम सभा की 70% की आबादी उसके राशन लेने नहीं जाती दबंगई का परिचय दिखाते हुए स्कूल के बाउंड्री पर दीवार उठा करके दुकानों का निर्माण करवा रहा है स्कूल की प्रधान प्रधानाध्यापिका व प्रधान कि सम्मिलित है स्कूल के सामने बनी डामर रोड पर लगे मार्ग चिन्ह का पोल भी उखाड़ कर किनारे फेंक दिया है स्कूल की बाउंड्री के बीच में जो शेष जगह है वह पीडब्ल्यूडी और विद्यालय परिसर की है उच्च अधिकारियों द्वारा संज्ञान लेकर के उचित कार्रवाई की जाए ग्रामीणों में काफी रोश है ।

# अटल जी की स्मृतियों से जुड़े महानुभावों को सम्मानित करेगी भाजपा: अशोक रावत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। मिश्रिख सांसद अशोक रावत द्वारा भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता में जानकारी दी गई कि गत 25 दिसंबर2024 को संपूर्ण भारतवर्ष में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की जन्म शताब्दी मनाई गई इसी क्रम में भाजपा अटल जी की स्मृतियां को संकलन कर अटल जी के साथ कार्य कर चुके महानुभावों को सम्मानित करने का कार्य करेगी इसी क्रम में अटल स्मृति संकलन एवं संपर्क अभियान के तहत भाजपा 31 जनवरी 2025 तक जिले में ऐसे व्यक्तियों को चिन्हित करेंगे जो अटल जी के साथ साझा किया क्षण जिनकी स्मृति या तो कागजी माध्यम (पेपर कटिंग, अथवा किताब पर दिए गए संस्मरण ऑटोग्राफ) या अन्य कोई कागज जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से अटल जी से संबंधित हो या स्मृति का ऑडियो क्लिप अथवा वीडियो क्लिप उपलब्ध है पार्टी के कार्यकर्ताओं को उपलब्ध करा सकते हैं भारतीय जनता पार्टी ऐसे महानुभावों से प्राप्त स्मृति प्रतिको को संकलित करेगी और उनके साथ कार्य करने वाले महानुभावों को सूचीबद्ध करके सम्मानित करेगी इस अभियान के तहत अटल जी पर लिखे गए लेखो पुस्तकों को एकत्रित कर सूचीबद्ध किया जाएगा तदुपरांत इनमें से चुनी हुई जानकारी प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित की जाएगी सांसद अशोक रावत ने बताया कि जिन महानुभावों के पास पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई से जुड़ी हुई कोई भी स्मृति उपलब्ध हो या वह सभी वरिष्ठ जन जिन्होंने उनके साथ कार्य किया है भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय मोबाइल नंबर 9935609421 पर जानकारी उपलब्ध करा सकते हैं। जिससे हमारे संगठन के कार्यकर्ता उन महानुभावों तक पहुंच सके। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने आए हुए सभी पत्रकार बंधुओ को इस अभियान में सहयोग करने का आवाहन किया एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जन्म शताब्दी पर इस राष्ट्रीय कार्यक्रम में भाग लेने का आवाहन भी किया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक रमेश भार्गव दीपू, नीरज वर्मा झल्लर आदि उपस्थित रहे।

# बांकेगंज कस्बे में धूमधाम से मनाया गया 76वा गणतंत्र दिवस



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बांकेगंज-खीरी। बांकेगंज कस्बे में 76 वा गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। परिषदीय विद्यालय सहित प्राइवेट विद्यालयों में गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। ब्लॉक संसाधन केंद्र बांकेगंज पर खंड शिक्षा अधिकारी राकेश कुमार एवं विकासखंड कार्यालय पर खंड विकास अधिकारी ऋषिकांत अहिरवार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बांकेगंज पर अधीक्षक अमित कुमार सिंह किसान सहकारी समिति बांकेगंज पर अध्यक्ष नौबत सिंह चंदेल ने गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर ध्वजारोहण किया इसी क्रम में कस्बा स्थित भारतीय स्टेट बैंक इंडियन बैंक पोस्ट ऑफिस विनायक इंटर कॉलेज सहित सरकारी एवं प्राइवेट संस्थानों पर गणतंत्र दिवस के महापर्व पर ध्वजारोहण किया गया। और विद्यालयों में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

## जिलाधिकारी ने इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन भण्डारण कक्ष का मासिक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं

**सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने मंगलवार को इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन भण्डारण कक्ष का मासिक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। जिलाधिकारी ने सुरक्षा व्यवस्था, सी0सी0टी0वी0 कैमरे सहित अन्य व्यवस्थाओं को भी देखा। उन्होंने निर्देश दिए कि मा0 भारत निर्वाचन आयोग से प्राप्त निर्देशों का शतप्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करते हुए सुरक्षा के समुचित प्रबंध किए जाए। साथ ही निरन्तर साफ-सफाई कराए जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। इस दौरान अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) नीतीश कुमार सिंह सहित विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि एवं निर्वाचन विभाग कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पांच घंटे चला हाईवोल्टेज ड्रामा, पूर्व ब्लॉक प्रमुख ने मंदिर में खुद को किया कैद



**लखीमपुर-खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जमीन विवाद को लेकर लखीमपुर खीरी के मितौली में मंगलवार को बड़ा हंगामा हुआ, जब कांग्रेस नेता और पूर्व ब्लॉक प्रमुख राधेश्याम भार्गव ने आत्महत्या की धमकी देकर प्रशासन को सकते में डाल दिया। जमीन पर कब्जा न मिलने और मंदिर की नई कमेटी के गठन से नाराज पूर्व ब्लॉक प्रमुख ने बाबा कष्ट हरण धाम मंदिर में खुद को कैद कर लिया। इस दौरान वे तेजाब और पेट्रोल साथ लेकर आत्मदाह की धमकी देने लगे।घटना की सूचना मिलते ही तहसीलदार, नायब तहसीलदार, इंस्पेक्टर और राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। मामले को लेकर प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों में अफरा-तफरी मच गई। भारी मशक्कत और अधिकारियों के समझाने-बुझाने के बाद पांच घंटे बाद पूर्व प्रमुख मान गए, तब जाकर स्थिति सामान्य है।राधेश्याम भार्गव अपने गांव रतहरी के पास कठिना नदी किनारे स्थित बाबा कष्ट हरण धाम मंदिर पहुंचे और मंगलवार सुबह दोनों गेट पर ताले लगाकर खुद को कैद कर लिया। उन्होंने मंदिर के घंटे में फंदा बांध लिया और आत्महत्या की धमकी देने लगे। इस घटना के पीछे जमीन पर कब्जा न मिलने और मंदिर की नई कमेटी के गठन को लेकर नाराजगी मुख्य कारण बताई गई। मौके पर पहुंचे तहसीलदार दिनेश कुमार, नायब तहसीलदार अखिलेश मौर्य और इंस्पेक्टर राजू राव ने उन्हें काफी समझाने की कोशिश की। उनकी पत्नी और बेटे ने भी उन्हें मनाने का प्रयास किया, लेकिन राधेश्याम केवल डीएम को बुलाने और अपनी जमीन पर कब्जा दिलाने की मांग पर अड़े रहे। प्रशासन ने दिलाया भरोसा करीब पांच घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद तहसीलदार ने उन्हें जमीन पर कब्जा दिलाने और मंदिर कमेटी की जांच का भरोसा दिलाया। इसके बाद ही राधेश्याम मंदिर से बाहर निकले। प्रशासन ने विवादित जमीन का निरीक्षण किया और मामले की जांच शुरू कर दी है। पैमाइश और जांच में जुटा प्रशासन तहसील प्रशासन ने विवादित जमीन के गाटा संख्या और नक्शे की जांच शुरू कर दी है। तहसीलदार दिनेश कुमार ने बताया कि यदि अभिलेखों में जमीन राधेश्याम की साबित होती है, तो उन्हें कब्जा दिलाया जाएगा। इसके साथ ही मंदिर कमेटी के गठन को लेकर भी नियमानुसार जांच की जाएगी। कांग्रेस पार्टी से विधानसभा चुनाव लड़ चुके हैं राधेश्याम राधेश्याम भार्गव 2022 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के टिकट पर कस्ता सीट से चुनाव लड़ चुके हैं, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। इस हाईवोल्टेज ड्रामे ने प्रशासन को बड़ी चुनौती दी, लेकिन फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है। मंदिर कमेटी और जमीन विवाद को लेकर जांच जारी है।

## प्रशासन के पहल पर खंडित हुई मूर्ति के बनने पर शांत हुई भीड़



**कुशीनगर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम सभा भलुही में स्थित डाध भीमराव अंबेडकर की मूर्ति के दाहिने हाथ को बीते सोमवार की रात में किसी अराजक व्यक्ति द्वारा तोड़ दिए जाने की जानकारी मंगलवार को सुबह जैसे ही ग्रामीणों को पता चला वे आक्रोशित हो गये. ग्रामीण प्रदर्शन के साथ उग्र रूप लेते हुए धरने पर बैठने के लिए आमादा हो गए ऋसूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे प्रशासनिक अधिकारियों के पहल पर खंडित हुई मूर्ति के टूटे हुए दाहिने हाथ को तत्काल सीमेंट से ठीक कराए जाने के बाद आक्रोशित ग्रामीण शांत हुए 28 जनवरी मंगलवार के दिन विकास खंड कप्तानगंज के ग्राम सभा भलुही में स्थित डाध भीमराव अंबेडकर की मूर्ति के दाहिने हाथ को टूटने की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार कप्तानगंज जितेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ थानाध्यक्ष कप्तानगंज धनवीर सिंह द्वारा उपस्थित ग्रामीणों सहित भीम आर्मी के नेताओं से बातचीत कर पहल करते हुए तत्काल सीमेंट मगवाकर टूटे हुए मूर्ति के दाहिने हाथ को ठीक कराने में जुड़ गए ऋ मौके पर एसडीएम कप्तानगंज विकास चंद व क्षेत्राधिकारी कसया कुंदन सिंह द्वारा भी गांव पहुंच कर मामले की जानकारी ली ऋभीम आर्मी सहित ग्रामीणों द्वारा अपने मांग को लेकर एसडीएम कप्तानगंज विकास चंद को ज्ञापन भी सौंपा गया ऋदिए गए ज्ञापन में बाबा साहब के स्थल का बाउंड्रीवाल कराते हुए गेट लगाने सहित स्थल पर प्रकाश के व्यवस्था की मांग की गई है ऋडाध भीमराव अंबेडकर की मूर्ति के खंडित होने की सूचना मिलते ही चौकी मंसूरगंज व बोदरवार की पुलिस के साथ चौकी इंचार्ज पंकज कुमार सिंह मौके पर सुबह से ही पहुंच कर ग्रामीणों को शांत करने में लगे रहे ऋ प्रशासनिक अधिकारियों के पहल पर खंडित मूर्ति को बनने के बाद उग्र भीड़ शांत हुई मौके पर शांति व्यवस्था बनी हुई ऋइस दौरान भीम आर्मी जिलाध्यक्ष अयोध्या भाई, ग्राम सभा अध्यक्ष विनय प्रसाद, चंद्रशेखर बौद्ध, विपिन, गिरधर प्रसाद, जितेंद्र, प्रवीण गौतम, समरेंद्र सिंह सैथवार, राजेश साहनी, द्वारिका, प्रमोद रंजन, रविंद्र, छोटेलाल भारती, बिंदू गुप्ता, अजय कन्नौजिया, हरिपाल,राधेश्याम,रामकोला विधान सभा अध्यक्ष रोहित निगम, बसपा जिलाध्यक्ष रमेश कुमार गौतम,जिलाप्रभारी यशवंत कुमार प्रभारी सुदर्शन सहित आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

## कृषकों के हर सवालों के देंगे जवाब और आय को करेंगे दोगुनी: डॉ. आरके यादव

**कानपुर।** राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत कृषकों को बेहतर बागवानी और आय को दोगुनी करने के उद्देश्य से देश भर के तमाम कृषि केंद्रों में निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को सीएसए के निदेशक प्रसार डॉ. आरके यादव और उनकी टीम ने फिरोजाबाद स्थित कृषि विज्ञान केंद्र का जायजा लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही कहा कि इन कृषि केन्द्रों के जरिए किसानों को हर सवालों का जवाब मिल जाएगा जिससे उनकी आमदनी में बढोत्तरी होगी। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) कुलपति डॉ. आनंद कुमार सिंह के निर्देश के क्रम में विश्वविद्यालय के निदेशक प्रसार डॉ. आरके यादव एवं उनकी टीम द्वारा फिरोजाबाद स्थित कृषि विज्ञान केंद्र का निरीक्षण किया गया। निदेशक प्रसार ने राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत केंद्र पर कराए जा रहे निर्माण कार्यों का बारीकी से निरीक्षण किया गया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सजीव इकाइयों को सुद्रण रखें। जिससे कि किसान भाइयों को उनकी आवश्यकतानुसार प्रयोगात्मक तरीके से प्रशिक्षण दिया जा सके।

# बसंत पंचमी पर छोटी काशी पतंग महोत्सव 2025 के आयोजन की तय की गई रूपरेखा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोला गोकर्णनाथ-खीरी। नगर पालिका परिषद के सभागार में नगर पालिका परिषद अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू की अध्यक्षता में हुई बैठक में बसंत पंचमी पर पतंग महोत्सव के आयोजन की रूपरेखा तय की गई। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष ने कहा कि पतंगबाजी देश के प्राचीन आयोजनों में से एक है। पतंगे प्राचीन काल में संदेश व पतंग बाजी खेल एवं मनोरंजन का मुख्य मध्य हुआ करती थी। आज पतंग बाजी में शीशे नायलॉन से बने प्राण घातक चाइनीज मांझे का इस्तेमाल होने लगा है। अभी कुछ दिन पहले की घटना है कि पड़ोस के जनपद शाहजहांपुर में चाइनीज मांझे में उलझ एक पुलिस के सिपाही की मृत्यु हो गई थी। वही इस तरह का मांझा पक्षियों के लिए भी प्राण घातक है। इस चीनी मांझे के खिलाफ जागरूकता के उद्देश्य से मेरे द्वारा गोला टूरिज्म के संयुक्त तत्वावधान में बसंत पंचमी पर पतंग महोत्सव का आयोजन कराने का निर्णय लिया गया है। इस महोत्सव के तहत पतंगबाजी में 50 प्रतिभागियों का निःशुल्क प्रतिभाग कराया जाएगा। यह दो दिवसीय आयोजन स्वर्गीय राजेंद्र गिरी स्टेडियम में एक और दो फरवरी को होगा। दो फरवरी को प्रतियोगिता का फाइनल होगा। प्रथम विजेता को 5100 और द्वितीय विजेता को 2100 की नगद धनराशि, प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी से पुरस्कृत किया जाएगा। साथ ही सभी प्रतिभागियों को भी प्रतिभा प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर प्रस्तुत किया जाएगा। इस महोत्सव की पतंग बाजी प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए प्रतिभागी को नगर पालिका परिषद से एक आवेदन पत्र भरना होगा। जो निःशुल्क है। पंजीकृत प्रतिभागी ही इस प्रतियोगिता में भाग ले सकेगा। इस मौके पर अध्यक्ष नगर पालिका परिषद गोला विजय शुक्ला 'रिंकू', विनायक श्रीवास्तव, रविन्द्र कटियार, अनुज त्रिवेदी, प्रेम गुप्ता, मिलिंद शुक्ला, लवकुश अवस्थी आदि लोग उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने जिला चिकित्सालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर । जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने जिला चिकित्सालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। जिलाधिकारी ने ओ0पी0डी0, भर्ती वार्ड, आई0सी0यू0, एन0आर0सी0, सर्जिकल वार्ड, आपरेशन कक्ष, सी0टी0 स्कैन कक्ष, एक्सरे वार्ड, ई0एन0टी0 वार्ड, टेलीमेडिसिन सेवा कक्ष, साथिया केन्द्र काउंसलिंग कक्ष, आर0बी0एस0के0 यूनिट, इमरजेंसी वार्ड, ब्लड बैंक आदि वार्डों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं एवं समुचित उपचार उपलब्ध कराया जाये। सभी चिकित्सकों एवं कार्मिकों की समय से उपस्थिति सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। निर्धारित ड्यूटी स्थल पर अनुपस्थित पाये जाने पर डा0 अरशद जमाल, डा0 रवि शेखर श्रीवास्तव, डा0 कुलदीप शुक्ला एवं डा0 राकेश श्रीवास्तव के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने चेतावनी देते हुये कहा कि यदि कोई चिकित्सक अथवा कार्मिक ड्यूटी में लापरवाही करता पाया जायेगा तो उसके विरूद्ध नियमानुसार कठोर विभागीय कार्यवाही की जायेगी। जिलाधिकारी ने सभी चिकित्सकों, सिक्योरिटी गार्ड एवं अन्य स्टॉफ को निर्देश दिये कि वह अपना पहचान पत्र प्रदर्शित रखें। सभी ओ0पी0डी0 कक्षों एवं अन्य कक्षों पर संबंधित चिकित्साधिकारी का फोटोयुक्त नाम पट्टिका अवश्य प्रदर्शित रखा जाये। उन्होंने कहा कि मरीजों को व्यवस्थित रूप से देखने हेतु पर्याप्त प्रबंध सुनिश्चित कराये जाये। एक्सरे, अल्ट्रसाउण्ड आदि सेवाएं नियमानुसार मरीजों को उपलब्ध करायी जायें एवं उन्हें आवश्यक जानकारियां भी समय से दी जायें। जिला चिकित्सालय में पी0पी0पी0 मॉडल पर संचालित सी0टी0 स्कैन सेवा को भी जिलाधिकारी ने देखा। ब्लड बैंक के निरीक्षण के दौरान उन्होंने ब्लड सेपरेटर यूनिट तत्काल संचालित कराये जाने के निर्देश दिये। ई-संजीवनी एप के माध्यम से टेलीकन्सल्टेशन सेवा में सुधार हेतु जिलाधिकारी ने निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि निर्धारित मानकों को पूरा करते हुये एन0आर0सी0 को नई बिल्डिंग में तत्काल स्थानान्तरित कराये जाने के निर्देश दिये। भर्ती मरीजों को गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने हेतु भी जिलाधिकारी ने निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने जिला चिकित्सालय चौकी पर भी व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली।

# बसंत पंचमी पर भव्य यज्ञोपवीत संस्कार का आयोजन देवकली में

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर-खीरी। सनातन हिन्दू धर्म के 16 संस्कारों में से एक ''उपनयन संस्कार'' के अंतर्गत ही जनेऊ पहना जाता है जिसे ''यज्ञोपवीत संस्कार'' कहते हैं, बसंत पंचमी के अवसर पर जनपद लखीमपुर-खीरी के श्रीमती चन्द्रकला संस्कृत विद्यापीठ देवकली तीर्थ स्थल में नवीन सत्र में अध्ययनरत वटुक ब्रह्मचारियों व समाज से आए वटुको का सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार महोत्सव सुनिश्चित हुआ है महंत प्रमोद जी महाराज ने कहा कि बसंत पंचमी के दिन बिना किसी मुहूर्त के यज्ञोपवीत संस्कार और विवाह करने की मान्यता है हिंदू धर्म में 16 संस्कारों में यज्ञोपवीत संस्कार सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है।देवकली तीर्थ स्थित श्रीमती चन्द्रकला संस्कृत विद्यापीठ में इस बसंत पंचमी ,03 फरवरी को ब्राह्मण बटुकों के लिए यज्ञोपवीत संस्कार का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस विशेष आयोजन की जानकारी महंत प्रमोद जी महाराज ने दी। श्रीमती चन्द्रकला आश्रम परिवार की तरफ से श्रीमती चन्द्रकला संस्कृत विद्यापीठ देवकली तीर्थ स्थल के नवीन सत्र में अध्ययनरत वटुक ब्रह्मचारियों एवं समाज से आए बटुकों का यज्ञोपवीत संस्कार किया जाएगा। महंत प्रमोद जी महाराज ने बताया कि इस वर्ष भी बड़े धूमधाम से यह आयोजन होगा। विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोगों को इस पवित्र संस्कार में भाग लेने के लिए अपील की है।आश्रम ने इस बार अधिकतम बटुकों का उपनयन संस्कार कराने का लक्ष्य रखा है। पंजीकरण प्रक्रिया शुरू यज्ञोपवीत संस्कार के लिए पंजीकरण प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है।जो भी बन्धु अपने पाल्यो का यज्ञोपवीत संस्कार कराना चाहते हैं।वह परिजन शीघ्रातिशीघ्र श्रीमती चन्द्रकला संस्कृत विद्यापीठ देवकली तीर्थ स्थल कार्यालय पहुंचकर पंजीकरण करवा सकते हैं। पंजीकरण की अंतिम तिथि 30 जनवरी 2025 रखी गई है आश्रम प्रबंधन ने आयोजन को सफल बनाने के लिए पूरी तैयारी कर ली है। यज्ञोपवीत संस्कार श्रीमती चन्द्रकला संस्कृत विद्यापीठ देवकली तीर्थ में आयोजित यह उपनयन संस्कार आगामी बसंत पंचमी 03 फरवरी, दिन सोमवार को सम्पन्न होगा। इस सेवा के तहत बटुकों का पवित्र संस्कार पूरे विधि-विधान के साथ संपन्न कराया जाएगा। यज्ञोपवीत संस्कार आयोजन के लिए तैयारियां पूरी श्रीमती चन्द्रकला संस्कृत विद्यापीठ/आश्रम प्रबंधन ने इस आयोजन को यादगार बनाने के लिए हर संभव प्रयास किए हैं। आयोजन स्थल को सजाने और आने वाले अतिथियों के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। समाज के लिए विशेष महत्व :- महंत प्रमोद जी महाराज यह यज्ञोपवीत संस्कार ब्राह्मण समाज के लिए एक महत्वपूर्ण आयोजन है। हर साल की तरह इस बार भी यह आयोजन ब्राह्मण समाज को एकजुट करने और उनके पारंपरिक संस्कारों को जीवित रखने के उद्देश्य से किया जा रहा है। बसंत पंचमी पर यज्ञोपवीत संस्कार का आयोजन श्रीमती चन्द्रकला आश्रम/संस्कृत विद्यापीठ देवकली तीर्थ स्थल में बसंत पंचमी के शुभ दिन पर आयोजित इस कार्यक्रम में आने वाले बटुकों के जीवन में यह संस्कार एक नई शुरुआत का प्रतीक होगा।आश्रम प्रबंधन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे इस पवित्र आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इसे सफल बनाएं। महंत प्रमोद जी महाराज का संदेश ल्यह यज्ञोपवीत संस्कार ब्राह्मण समाज की परंपरा और संस्कृति को आगे बढ़ाने का एक प्रयास है। हमें खुशी है कि हर साल समाज का सहयोग इस आयोजन को सफल बनाने में मिल रहा है। इस बार भी आप सभी का स्वागत है। यह भव्य यज्ञोपवीत संस्कार कार्यक्रम न केवल धार्मिक दृष्टि से,बल्कि समाज को एकजुट करने के उद्देश्य से भी एक महत्वपूर्ण पहल है।महंत प्रमोद जी महाराज ने सभी धर्मानुरागी बंधुओं से इस पवित्र कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का अनुरोध किया है।

# सपाइयों ने चौपाल लगाकर पीडीए पर की चर्चा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बहराइच। ग्राम पंचायत अढमलपुर में समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष नंदेश्वरनंद यादव के नेतृत्व में जिला सचिव लोहिया वाहिनी सुनील यादव के द्वारा 'पीडीए चर्चा' चौपाल का आयोजन किया गया जिसका संचालन मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के जिला उपाध्यक्ष विनोद यादव ने किया। सर्वप्रथम संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष नंदेश्वर नंद यादव ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए पीडीए समाज के हक अधिकारों के बारे में पीडीए समाज को संबोधित करते हुए कहा कि आज की भाजपा सरकार जो केंद्र व प्रदेश में बैठकर के पीडीए के लोगों का शोषण कर रही है उसे हम सबको जागना होगा सबक सिखाना होगा हमें अपने हक और अधिकारों की लड़ाई खुद लड़नी होगी आज देश की संसद में सर्वोच्च पद पर बैठे गृहमंत्री देश के लोकसभा में बैठकर अपने संबोधन में संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी का अपमान करते है और माफी नहीं मांगते है। देश व प्रदेश के युवा बेरोजगार हैं नौकरी नहीं है किसानों के खेत आवारा पशु खा रहे हैं महिलाएं असुरक्षित हैं उनके साथ तमाम अशोभनीय घटनाएं घट रही है। चाहे उत्तर प्रदेश हो या देश की केन्द्र सरकार दोनों सरकारें मूकदर्शक बनी हुई देख रही है। प्रदेश उपाध्यक्ष मौर्य शैलेश सिंह शैलू ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने हम सभी को सर उठाकर जीने के लिए वोट का अधिकार दिए तो हमारा भविष्य बेहतर हो इसके लिए संविधान में आरक्षण का अधिकार दिए संविधान में बहुत सारे प्रावधान दिए तो वहीं दलित समाज को सुरक्षा कवच एससी/एसटी वर्ग के लोगो को कोई उन पर अत्याचार करता है या उनका अपमान करता है, तो उसके खिलाफ अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निरोधक) अधिनियम, कानून दिया कि कोई सामंतवादी प्रभुत्वादी व्यक्त दलितों के साथ अत्याचार ना कर सके । पीडीए चौपाल को कैसरगंज विधायक प्रतिनिधि अभिषेक कुमार यादव अपने संबोधन में कहा कि हम सभी को अपने अधिकारों को लड़ कर लेना होगा इन सामंतवादी सोच के लोगों से अब हक मांगने से नहीं मिलेगा लड़ना होगा क्योंकि हक अधिकार मांगने से नहीं मिलता लड़ने से मिलता है वहीं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के व लोहिया के विचारों पर प्रकाश डालते हुए समाजवादी पार्टी के सरकार में पूर्व के कार्यकाल में किए गए कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। जिसमें मुख्य रूप से रामू गौतम, जगत राम गौतम, लालू वर्मा,कल्लू यादव बीडीसी,बाबा विश्वनाथ वर्मा, प्रकाश यादव, बबलू राम यादव राजित राम यादव, बुद्धई,राकेश, तीरथ,बलराम, सत्यम राहुल रामनरेश कैलाश गोविंद यादव अरविंद यादव आनंद यादव गिरधारी बैजू शिवम आदि गांव के तमाम सैकड़ों साथी मौजूद रहे।

# महाकुम्भ मेले में जाने वालो का रेलवे स्टेशन पर जन सैलाब,ट्रेन में चढ़ने को नहीं मिल रही जगह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। मौनी अमावस्या पर प्रयागराज कुंभ में स्नान के लिए जाने वालो क़ी उमड़ी भारी भीड़ के कारण के मनका पुर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को भारी परेशानियों का साम ना करना पड़ा।रेलवे स्टेशन पर रात में श्रद्धालुओं का जमा वड़ा लगा गया वही जहां कड़ाके की ठंड में हजारों लोगों को रात गुजारनी पड़ी।मनकापुर स्टेशन से प्रयागराज जाने वाली दो प्रमुख ट्रेनें - मनवर संगम और सरयू एक्सप्रेस में यात्रियों की संख्या क्षमता से कहीं अधिक थी।ट्रेनों की बो गियां इतनी भरी हुई थीं कि अधिकांश यात्रियों को खड़े होकर यात्रा करने को मजबूर होना पड़ा। ट्रेन में भीड़ इत नी ज्यादा थी कि कई श्रद्धालुओं को बिना यात्रा के ही वाप स घर लौटना पड़ा।वही गोंडा और उसके आसपास के क्षे त्रों से आए श्रद्धालु घंटों लाइन में खड़े रहे लेकिन ट्रेनों में सीमित जगह न होने के कारण सभी को समायोजित नहीं किया जा सका।रेलवे प्रशासन ने भीड़ को नियंत्रित करने का प्रयास किया लेकिन श्रद्धालुओं की संख्या इतनी अधि क थी कि व्यवस्था चरमरा गई।कई श्रद्धालु निराश होकर अपने घरों को लौटने को मजबूर हुए।यह स्थिति विशेष रू प से चिंताजनक इसलिए भी थी क्योंकि कड़ाके की ठंड में लोगों को खुले में रात बितानी पड़े या फिर वापस घर लौट ना पड़े इससे यह साफ जाहिर होता हैं कि प्रशासन की ओर से कोई पर्याप्त व्यवस्था न होने के कारण श्रद्धालुओं को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा।वही इस घटना ने रेलवे प्रशासन की तैयारियों पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

# नहर में फिसलकर गिरने से भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष के पिता की मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

राजापाकड़/कुशीनगर। मंगलवार की सुबह सेवरही थानाक्षेत्र के ग्राम पंचायत धर्मपुर पर्वत में पंचायत भवन से तीन सौ मीटर उत्तर धर्मपुर माइनर में पानी में एक 75 वर्षीय व्यक्ति का शव औंधे मुंह पड़ा मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकालवाया। शव की पहचान पटहेरवा थानाक्षेत्र के ग्राम पंचायत बगही निवासी भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष श्रीनिवास राय के पिता रामनयन राय के रुप में हुई। जो सोमवार को दिन में तीन बजे से गुमशुदा थे। पुलिस ने शव को पीएम हेतु भेज दिया। जानकारी के मुताबिक मृतक रामनयन राय सोमवार को परिजनों को बिना कुछ बताए घर से निकल गए। उनकी हरसंभव तलाश की गई तथा सोशल मीडिया पर सूचना साझा की गई। देररात तक उनका पता नहीं चल सका। इधर धर्मपुर गांव खेत की तरफ गए किसी व्यक्ति ने नहर में शव देखकर शोर मचाया। मौके पर जुटे ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। एसओ धीरेंद्र राय हल्का इंचार्ज शेषनाथ यादव व अन्य पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे व शव को बाहर निकलवाया। सोशल मीडिया पर प्रसारित फोटो से तुलना करते हुए ग्रामीणों ने बगल में स्थित ग्राम पंचायत मठिया भोकरिया निवासी व मृतक के दामाद दिलीप राय के घर सूचना दी। सूचना पर पहुंचे मृतक के पुत्र व अन्य लोगों ने शव का शिनाख्त किया। पुलिस को दी गई तहरीर में मृतक के पुत्र ने घटनाक्रम का उल्लेख करते हुए मृतक के तबीयत ठीक न होने की बात बताई। आशंका जताई जा रही है कि मानसिक संतुलन ठीक न होने से व पैर फिसल जाने से नहर में गिरकर मृत्यु हो गई होगी। पुलिस ने शव का पंचनामा बनवाकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है।

# परिवार नियोजन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वास्थ्य कर्मियों को किया गया पुरस्कृत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। जनपद स्तरीय स्वास्थ्य टीम के अधिकारियों के द्वारा टाउन हॉल में परिवार नियोजन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सर्जन टीम व एनएम एवं आशा कार्यकर्त्ता को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया है।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद स्तरीय डॉ. अनिल तिवारी,डॉ.आदित्य वर्मा,डॉ.सी.के.वर्मा,डॉ. जय गोविंद के नेतृत्व में कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया,जिसमें जनपद के समस्त सर्जन एवं टीम डॉ.डी.एन.सिंह,डॉ.उदय प्रताप सिंह,डॉ. सौम्या,डॉ.अविनाश पाण्डेय को नसबंदी सेवाओं में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया है।वही जनपद में आशा सुशीला देवी के द्वारा सर्वाधिक तेरह महिला नसबंदी के लाभर्थोयों को सेवाओं प्रेरित किया गया एवं क़ज़ीदेवार से सुमन गिरी द्वारा बारह महिला नसबंदी के लाभर्थोयों को सेवाओं प्रेरित किया गया हैपरिवार नियोजन कार्यक्रम में सहयोग करने वाली संस्था मोबियस फाउंडेशन से प्रभात कुमार द्वारा मातृ स्वास्थ्य एवं परिवार नियोजन विषयक एवं मोबि यस फाउंडेशन द्वारा किये जा रहे कार्यों के विषय में चर्चा की गयी कि जनपद के कुल 47 प्रतिभागियों को परिवार नियोजन कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु सम्मानित किया गया है। कार्यक्रम में जनपद स्तरीय अ धिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे,वही परिवार नियो जन कार्यक्रम प्रति डॉ.सी. के.वर्मा अपर मुख्य चिकि त्सा अधिकारी द्वारा विस्तृत चर्चा की गई जिसके अंत रगत योग्य दम्पत्तियों को आशा द्वारा परिवार नियोजन का परामर्श एवं सेवा दिलाने, सामूहिक स्तरीय सास बहू बेटा सम्मेलन,स्मार्ट सम्मेलन के द्वारा पुरुषों की सहभागिता बढ़ाने,स्वास्थ्य इकाई पर प्रसव पूर्व जाँचों के साथ परिवार नियोजन परामर्श द्वारा मातृ स्वास्थ्य एवं शिशु स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की दिशा में कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया गया,वही अपर मुख्य चि कित्सा अधिकारी' डॉ.आदित्य वर्मा ने परिवार नियो जन की विधियों जैसे तिमाही अंतरा गर्भ निरोधक इंजेक्शन, आईयूसीडी, छाया गर्भ निरोधक गोली की प्रत्येक स्तर पर मानक के अनुसार परामर्श एवं सेवा उपलब्ध करते हुए कार्यक्रम के द्वारा अधिक से अधि क लाभार्थियों को सेवा दिलाने हेतु चर्चा की गया,वही पापुलेशन फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया के द्वारा परिवार नियोजन विषयक प्रशिक्षण एवं उम्मीद परामर्श केंद्र के माध्यम से अधिक से अधिक सेवा दिलाने हेतु कहा गया,परिवार नियोजन के उपयोग में वृद्धि से ही मातृ एवं शिशु स्वस्थ्य में भी सुधार हो पायेगा,उक्त कार्यक्रम में उक्त कार्यक्रम में डॉ.देवेन्द्र,डॉ.आर.पी.सिंह सलाह उद्दीन लारी,रंजीत राठौर,उमा शंकर,पॉपुलेशन फाउंडे से स्मिता एवं अमरीश कुमार पाण्डेय यूपीटीएसयू से राम गुलाम वर्मा,आदि उपस्थित रहे।

# गोण्डा पुलिस ने दो गैंगस्टरों की संपत्ति की जब्त,मारपीट और हत्या के आरोप



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। जिले में पुलिस और प्रशासन ने दो कुख्यात गैंगस्टरों की एक करोड़ नव लाख 41 हजार रुपए की अवैध संप त्ति को कुर्क कर लिया है।जिला मजिस्ट्रेट नेहा शर्मा के आ देश पर की गई इस कार्रवाई में आरोपियों के तीन मकान और पांच मोटरसाइकिलें जब्त की गई हैं।आरोपी बलराम तिवारी और अनिल कुमार पर संगठित गिरोह बनाकर मार पीट और गैर इरादतन हत्या का आरोप है।इनकी मारपीट की एक घटना में एक युवक की मौत हो चुकी है जिसका मुकदमा इटियाथोक थाने में दर्ज है।धानेपुर पुलिस ने दोनों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है। कार्रवाई के दौरान एसडीएम सदर अवनीश त्रिपाठी,सीओ सदर शि ल्पा वर्मा और धानेपुर थाना प्रभारी राकेश कुमार व पुलिस टीम के साथ आरोपियों के गांव पहुंचे।सुरक्षा के कड़े इंत जाम के बीच मुनादी कराकर संपत्ति को कुर्क किया गया।

## धानेपुर थाने में रखी गईं बाइकें

अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत ने बताया कि दोनों आरोपी कई मारपीट की घटनाओं में शामिल रहे हैं।जब्त की गई मोटरसाइकिलों को धानेपुर थाने में रखा गया है और पुलिस आगे की जांच कर रही है।

# भारत सरकार ने भुलई भाई को पश्री से किया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर । जनपद के रामकोला क्षेत्र के पगार गांव निवासी पूर्व विधायक श्रीनारायन उर्फ भुलई भाई को मरणोपरांत भारत सरकार ने पश्री से सम्मानित करने का निर्णय लिया है। पहली बार जनसंघ से विधायक बने भुलई भाई ईमानदारी व कर्तव्यनिष्ठा की मिसाल थे। 111 साल की उम्र में उन्होंने वर्ष 2024 में अंतिम सांस ली। जीवन पर्यंत उन्होंने कभी सिद्धातों से समझौता नहीं किया।रामकोला के पगार छपरा गांव निवासी पूर्व विधायक श्रीनारायन उर्फ भुलई भाई का जन्म एक नवंबर 1914 को हुआ था। बचपन से ही जनसंघ से प्रभावित भुलई भाई प्रचारक रहे। उनकी पढ़ाई पैतृक गांव के बाद कक्षा 10 व कक्षा 12 गोरखपुर सेंट एंड्यूज कॉलेज में हुई। गोरखपुर विश्वविद्यालय से बीएड व एमएड की डिग्री लेने के बाद वह बेसिक शिक्षा अधिकारी बन गए। नौकरी छोड़ कर राजनीत में आ गए और 1974 से लेकर 1980 तक दो बार विधायक रहे। उनका निधन 31 अक्तूबर 2024 की देर शाम पैतृक निवास पर हुई। वह 111 वर्ष तक जीवित रहे। बेटे जनार्दन ने उन्हें मुखाग्नि दी। भुलई भाई की मौत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने ट्वीटर के जरिए गहरा दुःख प्रकट किया था। सदन मे फ़ेका था रुपये से भरा अटैची जनसंघ से पहली बार वर्ष 1974 में विधायक बने भुलई भाई ने वर्ष 1977 से लेकर 1980 तक विधायक रहे। उनके पौत्र कन्हैया चौधरी बताते हैं कि कांग्रेस ने क्रॉसवोटिंग के लिए उनके पास अटैची में रुपये भर कर भेजा था। वही अटैची लेकर वह अगले ही दिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वितीय सरसंचालक माधव राव सदाशिवराव गोलवलकर व स्वयंसेवक संघ के संचालक नाना जी देशमुख के पास पहुच गए। दोनों लोगों के पर वह रुपये से भरा अटैची लेकर सदन में पहुंचे और सभापति के सामने गैलरी में उसे फेंक दिया और कहा कि कांग्रेस ने उन्हें खरीदने के लिए पैसा दिया है। इन्दिरा गांधी से मिल कर छितौनी बंधा व रेलवे लाइन की मांग की छितौनी बाजार में 1974 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी एक कार्यक्रम को संबोधित करने आई थीं। उस समय क्षेत्र के लोग बाढ़ से प्रभावित थे और आने- जाने में दिक्कत हो रही थी। कार्यक्रम में श्रीनारायन उर्फ भुलई भाई ने प्रधानमंत्री से मिल कर छितौनी बंधा व रेलवे लाइन की मांग की थी। उनकी मांग पर बांध और रेलवे लाइन बिछाई गई थी। आपातकाल के दौरान वह कई महीने जेल में रहे। भुलई भाई सादगी और ईमानदारी के लिए प्रसिद्ध थे। उनकी पहचान केसरिया गमछा था जिसे वह हमेशा धारण करते थे। उनका जीवन राजनीतिक संघर्ष और समाज सेवा से भरा रहा, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेगा। पीएम मोदी ने पूछा था कुशलक्षेम प्रधानमंत्री मोदी ने इस वयोवृद्ध नेता से कोरोना काल में पीएमओ से फोन मिलाकर बात की थी और उनके स्वास्थ्य के बारे में जाना था। उस समय भचलई भाई घर के बाहर कुर्सी पर बैठे थे और फोन पर पीएम मोदी से खुलकर बात की थी। इतना ही नही जब पीएम मोदी कुशीनगर आये थे तो उन्होंने भुलई भाई को कुशीनगर एयरपोर्ट बुलाकर मुलाकात की और कुशलक्षेम पूछा था।

# बहराइच में मैक्स लखनऊ ने शुरू की कैंसर और हृदय रोगों की विशेष ओपीडी सेवाएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच। मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, लखनऊ ने बहराइच में अपनी विशेष ओपीडी सेवाओं की शुरुआत की है। इन सेवाओं को शहर के दो प्रमुख अस्पताल - छाया मैटरनिटी सेंटर और होप हॉस्पिटल के साथ साझेदारी में शुरू किया गया है।इस पहल का मकसद बहराइच और निकटवर्ती जिलों के नागरिकों को सर्जिकल ऑन्कोलॉजी और कार्डियोथोरेसिक वास्कुलर सर्जरी (सीटीवीएस) में विशेषज्ञ चिकित्सा सलाह उपलब्ध कराना है, ताकि उन्हें बड़े शहरों की यात्रा करने की ज़रूरत न पड़े। भारत में बढ़ते कैंसर और दिल की बीमारियों के मद्देनज़र यह कदम उठाया गया, जिससे छोटे शहरों के लोगों को समय पर और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा देखभाल मिल सके।इस ओपीडी सेवा की शुरुआत मैक्स हॉस्पिटल, लखनऊ के वरिष्ठ सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. शशांक चौधरी की उपस्थिति में हुई।मैक्स हॉस्पिटल, लखनऊ के एसोसिएट डायरेक्टर सीटीवीएस डॉ. विशाल श्रीवास्तव और सर्जिकल ऑन्कोलॉजी के सीनियर कंसल्टेंट डॉ. शशांक चौधरी की ओपीडी सेवाएं हर महीने के चौथे शनिवार को छाया मैटरनिटी सेंटर (सुबह 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक) और होप हॉस्पिटल (दोपहर 1:00 बजे से 3:00 बजे तक) में उपलब्ध होंगी। डॉ. शशांक चौधरी कैंसर सर्जरी, लेप्रोस्कोपिक सर्जरी, हेड और नेक ऑन्कोलॉजी, थोरासिक ऑन्कोलॉजी, गेस्ट्रोइंटेस्टाइनल और हेपेटोबिलियरी ऑन्कोलॉजी, गायनिक ऑन्कोलॉजी, ब्रेस्ट कैंसर, यूरो-ऑन्कोलॉजी और मस्क्युलोस्केलेटल सर्जिकल ऑन्कोलॉजी जैसे कई क्षेत्रों में विशेषज्ञता रखते हैं। कैंसर उपचार में समय पर इलाज की अहमियत पर जोर देते हुए, डॉ. चौधरी ने कहा, ल्लकैंसर का इलाज सही समय पर शुरू होना चाहिए, लेकिन स्थानीय स्तर पर विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाओं की कमी के कारण यह अक्सर संभव नहीं हो पाता। धूम्रपान, प्रदूषण, मिलावटी भोजन और केमिकल्स के संपर्क में आने से कैंसर के मामले बढ़ रहे हैं। इस ओपीडी सेवा से बहराइच के मरीज़ यहीं पर उन्नत परामर्श प्राप्त कर सकेंगे। इन अस्पतालों के अतिरिक्त, मैक्स हेल्थकेयर अपने ब्रांड मैक्सअहोम और मैक्स लैब्स के तहत क्रमशः होमकेयर और पैथोलॉजी बिजनेस का संचालन भी करता है। मैक्सअहोम के तहत घर पर ही हेल्थ एवं वेलनेस सर्विसेज प्रदान की जाती हैं, जबकि मैक्स लैब के तहत अपने नेटवर्क से बाहर के मरीजों को भी डायग्नोस्टिक्स की सुविधा प्रदान की जाती है।

## अखिलेन्द्र बने माध्यमिक शिक्षक संघ उपाध्यक्ष

**कैसरगंज बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता।** हुकुम सिंह इंटर कॉलेज कैसरगंज हिंदी प्रवक्ता अखिलेन्द्र चौधरी का माध्यमिक शिक्षक संघ (शर्मा गुट) जनपद बहराइच के वार्षिक निर्वाचन में उपाध्यक्ष पद पर मनोनयन किया गया। जनपदीय शिक्षक विचार गोष्ठी व निर्वाचन प्रक्रिया में विभिन्न विद्यालय के शिक्षकों ने प्रतिभाग किया, जिसमें निर्वाचन प्रक्रिया के द्वारा अखिलेन्द्र चौधरी को उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। उनके उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचन पर विद्यालय प्रबंधक विश्वपाल सिंह, प्रधानाचार्य ज्ञानचंद, प्रवक्ता राम शंकर सरोज, तेज नारायण, ध्रुव राज सिंह, शिक्षक नीलेन्द्र विक्रम सिंह, मोहम्मद हारुन, अरस्तु, अरविंद कुमार, शिवकुमार, सुरेंद्र कुमार आदि सहित दर्जनों शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

## खिचड़ी समरसता भोज में दिखी सामाजिक समरसता की झलक

**नानपारा, बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगर के मोहल्ला पुरानी बाजार रामलीला चबूतरा में खिचड़ी समरसता भोज का आयोजन भारतीय जनता पार्टी तथा अपना दल के संयुक्त तत्वाधान में किया गया जिसके मुख्य अतिथि अपना दल एस के नानपारा विधायक रामनिवास वर्मा रहे। कार्यक्रम का संचालन संयुक्त रूप से नगर मंडल महामंत्री आनंद रस्तोगी तथा विनय प्रकाश आर्य ने संयुक्त रूप से किया। सभा को संबोधित करते हुए नानपारा विधायक रामनिवास वर्मा ने कहा कि पूरा भारत वर्ष विविधताओं से भरा हुआ है पूरी दुनिया में कहीं अन्य जगह ऐसी विविधताएं नहीं है, परंतु भारतीय संस्कृति में एक साथ भोजन से एकता उत्पन्न होती है। एकता से समृद्धि आती है। प्राचीन भारत की सीमाएं बहुत समृद्धि थी 12 देश अलग हो चुके हैं सोचो प्राचीन काल का भारत कितना बड़ा था।अनेकता में एकता ही हमारी संस्कृति है हमें एक साथ एक रहने की शपथ लेनी होगी। महाकुंभ के लिए बसों की व्यवस्था करवाने के पूर्व सभासद नीरज शर्मा के सवाल पर विधायक ने एआरएम एवं जिलाधिकारी से बात करके बसों की जगह एवं टाइम का बैनर लगवाने की बात कही। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सौरभ वर्मा, वंदना मिश्रा, अशोक जायसवाल, किरण, पिंटू रस्तोगी उपाध्यक्ष सर्राफा व्यापार मंडल नानपारा, तीरथ राम साहू, खंड शिक्षा अधिकारी बलहा विपिन सिंह, दिनेश कुमार श्रीवास्तव, डॉ संजय कुमार, चमन चौरसिया, पूर्व नगर अध्यक्ष भाजपा नानपारा अजय कुमार गुप्ता, वसीम हसन राजा समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## बिहार लोक सेवा आयोग की परीक्षा में सफल होकर प्रखंड कृषि पदाधिकारी बने करन

**राजापाकड़/कुशीनगर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** तमकुही विकास खंड के ग्राम पंचायत बरवाराजापाकड़ के बहुरिया टोला निवासी वृजलाल शर्मा व निर्मला देवी के होनहार पुत्र करन कुमार शर्मा का चयन बिहार राज्य में प्रखंड कृषि पदाधिकारी (बीएओ) के पद पर हुआ है। पहले ही प्रयास में करन को मिली सफलता पर लोगों ने बधाई दी है। शुरु से ही पढ़ाई में तेज करन ने वर्ष 2013 में श्री अन्नपूर्णा इंटरमीडिएट कालेज गुरवलिया से हाईस्कूल, 2015 में बुद्ध इंटरमीडिएट कालेज कुशीनगर से इंटर की परीक्षा पास करने के उपरांत वर्ष 2020 में बीआरडीपीजी कालेज देवरिया से कृषि विज्ञान में स्नातक की उपाधि हासिल की। चंद्रशेखर आजाद यूनिवर्सिटी आफ एग्रीकल्चरल साइंस एंड टेक्नोलॉजी में परास्नातक की पढ़ाई के दौरान करन को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के हाथों मेडल प्राप्त हुआ था। करन ने वर्ष 2023 में एएसआरबी नेट की परीक्षा भी क्वालीफाई की थी। बीपीएससी द्वारा आयोजित किए गए कृषि अधीनस्थ सेवा का परीक्षा परिणाम गत सोमवार को जारी हुआ। जिसमें आलओवर 122 रैंक हासिल करने वाले करन का चयन उक्त पद के लिए होने पर दादा विभूति ठाकुर, महेंद्र ठाकुर, बासुदेव ठाकुर, तूफानी पटेल, मुन्ना खरवार, सुनील पटेल, कमलेश्वर पटेल, पवन पटेल आदि ने बधाई दी है।

## शासनादेश को ठेंगा दिखा रहे ईओ मथौली, नहीं करते निवास

**कुशीनगर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत मथौली सर्वेश कुमार श्रीवास्तव जब से कार्यभार ग्रहण किए है, नगर में एक दिन भी निवास नहीं किए। जबकि शासनादेश है कि जो अधिकारी जहां तैनात है वहीं अपना निवास स्थल बनाए। लेकिन मथौली के ईओ शासनादेश को ठेंगा दिखा 6 माह से हाटा में निवास कर रहे है। बता दें कि योगी सरकार ने नगर पालिका और नगर पंचायत में तैनात अधिशाषी अधिकारियों को वहीं पर निवास करने का आदेश संबंधित जिलाधिकारियों को भेजा है। जिसमें साफ तौर पर लिखा गया है कि जो भी अधिकारी जहां तैनात है तैनाती स्थल में ही निवास करें। लेकिन नगर पंचायत मथौली के अधिशाषी अधिकारी नगर में निवास न करके 15 किमी दूर हाटा में निवास करते है। इन्हें नगर पंचायत सुकरौली का भी अतिरिक्त प्रभात मिला है, वहां भी निवास नहीं करते है। जनहित व नगर की तमाम समस्याओं को लेकर नगर के राकेश उर्फ भोला यादव, मोनू शर्मा, आनंद जायसवाल, नूरसलाम, अजय कुमार, अखंड यादव सहित दर्जनों लोगों ने शासन व प्रशासन से मांग किया है कि अधिशाषी अधिकारी मथौली नगर में निवास करें। इनके निवास न करने से नगर में जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने सहित तमाम समस्याएं समय से निस्तारण नहीं हो पा रही है। इसको देखते हुए नगर के लोगों ने अधिशाषी अधिकारी को नगर में ही निवास करने की मांग शासन व प्रशासन ने मांगा है। इस संबंध में ईओ ने बताया कि दो नगर पंचायतों का चार्ज होने के कारण हाटा में निवास करना पड़ रहा है।

# परिवहन विभाग के सेटिंगबाज बाबुओं पर सरकार की ट्रांसफर पॉलिसी बेअसर,अफसर भी नतमस्तक

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा। सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार की ट्रांसफर पॉलिसी का प्रभाव परिवहन विभाग के अफसरों पर लागू नहीं हो रहा है गोण्डा के आरटीओ कार्यालय में तैनात बाबुओं के कार्यकाल पर नजर डालें तो ट्रांसफर पॉ लिसी बेमानी साबित हो रही है और योगी सरकार की किर किरी हो रही है।वही सूत्र बताते हैं कि आरटीओ ऑफिस में ऐसे भी बाबू हैं जिनकी आय से अधिक संपत्ति हैं अगर सही तरीके से विजिलेंस की जांच हो जाए तो ऐसे बाबुओं का बहुत बड़ा खुलासा होगा।लेकिन ऐसे बाबुओ के ऊपर तक जुगाड़ होने के चलते किसी तरह की कार्रवाई तो दूर कार्यालय के पटल से हटाने तक की अफसरों की हिम्मत नहीं पड़ रही है बाकायदा ऐसे बाबू को और उसे अतिरिक्त चार्ज दिया जाता है जिसका पूरे आरटीओ ऑफिस में उस बाबू का सिक्का चलता है और बाबुओं से गठजोड़ तथा जिम्मेदार अफसरों द्वारा आंखें बंद किए रहने के कारण सिस्टम बेपटरी पर है।सूत्र बता रहें हैं कि गोण्डा परिवहन विभाग में तैनात बाबू लवकुश सिंह,लेखाकार सभाजीत त्रिपाठी,और मनोज मिश्रा ये तीनो मठाधीश इन दिनों काफी चर्चा में है।जिसके बिना आरटीओ ऑफिस में एक पत्ता नहीं मिल सक ता है।बताते चले की करीब चालीस से पचास हजार वेतन पाने वाले लिपिक के हाथ में लगभग डेढ़ लाख की मोबाइ ल के साथ ही गले में तकरीबन दो लाख की सोने की चेन झूल रही है,एक स्कॉर्पियो गाड़ी,जो उसके राजसी ठाठ की गवाही दे रही है।सूट-बूट और हाव-भाव किसी अधिकारी से कम नहीं है।अब उस बाबू को और कार्यभार सौंप दिया गया है।वही सूट-बूट वाले बाबू का हाव-भाव किसी अधि कारी से कम नहीं है।वैसे तो देवीपाटन मंडल मुख्यालय पर स्थित आरटीओ कार्यालय इन दिनो सुर्खियों में है।वही सूत्रों का कहना है कि आरटी ओ कार्यालय गोण्डा में लवकुश बाबू का सिक्का चलता है।खुद को अधिकारियों का करी बी बताने वाले लवकुश सिंह के संरक्षण में ही दलालों का नेटवर्क फैला हुआ है,जो जिले के दूरदराज इलाकों से आने वाले लोगों से अवैध रूप से वसूली करते हैं।यहां पंजीकरण से लेकर लाइसेंस ट्रांसफर फिटनेस,सहित अन्य कार्य बिना दलालों का सह योग लिए नहीं हो सकता है।हालत यह है कि आवेदकों के सीधे लिपिक के पास जाने पर उन्हें इस पटल से उस पटल दौड़ाया जाता है।आखिर में थक-हारकर वह दलालों की शरण में ही जाने को विवश होते हैं।

## इन आरटीओ बाबुओं की बड़ी लम्बी पहुंच

जेल रोड़ पर स्थित आरटीओ कार्यालय की बात करें तो यहां पर लेखाकार विभाग में तैनात सभाजीत त्रिपाठी कई वर्षो से जमे हुए हैं वही स्थानांतरण के बाद बाबुओं को सम्बद्ध क़र दिया गया हैं।आरटीओ कार्यालय में तैनात बाबू मनोज मिश्रा व सभाजीत तिवारी का गैर जनपद तबा दला कर दिया गया था।पूरे सिस्टम को संभालने वाले ये दोनों बाबू गोण्डा छोड़कर जाना नहीं चाहते थे।आरटीओ के करीबी होने के कारण इन्हें गोण्डा कार्यालय में ही सम्ब द्ध कर दिया गया।ऐसे में दलालों के नेटवर्क को और खाद-पानी मिल रहा है और बाबुओं व दलालों का गठजोड़ दिनों दिन बढ़ता जा रहा है।सूत्र बताते हैं कि ऊपर तक अच्छा खासा हिसाब किताब है इन बाबुओ का इसलिए अफसर इधर अपनी नजरें ही टेढ़ी नहीं कर पाते हैं।लेखाकार सभा जीत त्रिपाठी गोण्डा आरटीओ कार्यालय में अपनी जगह पक्की किए हुए हैं।पिछली बार भी ट्रांसफर पॉलिसी आई,लेकिन इनका कुछ न कर पाई हैं।सूत्र बता रहें हैं कि लेखाकार सभाजीत त्रिपाठी कुछ दिन के लिए गोण्डा से बलरामपुर कार्यालय ज्वाइन किया फिर उसके कुछ महीने रहें फिर गोण्डा आरटीओ कार्यालय में तब से यहीं पर जमे हैं बात यह है कि यह बलरामपुर में कागजों पर रहे,सेवाएं गोण्डा में दे रहें हैं।ट्रांसफर पॉलिसी आती-जाती रही, इन पर कोई असर न हुआ और न होगा क्यो कि अधिकारियों की कृपा से ट्रांसफर पॉलिसी को लगातार मुंह चिढ़ा रहे हैं. सरकार कि तबादला नीति आई और गई लेकिन बाबू का जलवा बरकरार रहा,इन्हीं बाबुओं की तरह और भी बाबू है जिन पर ट्रांसफर पॉलिसी बेअसर साबित हो रही है।

# ठेकेदारों को धमकाना पड़ गया महंगा विभाग ने धमकाने वाले की ही फार्मों को किया निरस्त मचा हड़कंप

❑ खबरे छापने के नाम पर मांगता था रुपए पंजीकृत ठेकेदारों ने की शिकायत जांच कमेटी में सिद्ध हुए आरोप हुई कार्यवाही

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पीलीभीत। लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदार अरविंद राजेश अफजल शमसुद्दीन नेक सामूहिक शिकायती प्रार्थना पत्र देकर शिकायत की की एक कथित पत्रकार अंकित मिश्रा खुद को दैनिक समाचार पत्र लोकतंत्र टुडे का पत्रकार बताता है साथ ही विधि व्यवसाय भी करना बताता है लोक निर्माण विभाग पीलीभीत में अक्सर उसका आना-जाना रहता है लोक निर्माण विभाग में कार्य करने वाले ठेकेदारों को डरा कर धमका कर अनैतिक रूप से पैसे की मांग करता है और धमकी देता है कि तुम्हारे लोगों की कमियों को अपने दैनिक समाचार पत्र लोकतंत्र टुडे में बड़ी हैडलाइन बनाकर छापुंगा। ठेकेदारों द्वारा जानकारी की गई तो पता लगा कि इसका राज्य विधिक परिषद उत्तर प्रदेश से पंजीकृत है।जिनका पंजीकरण नंबर यूपी 05757/2018 हैं। साथ में अभी जानकारी लगी है कि उपरोक्त कथित पत्रकार अंकित मिश्रा ने कार्यालय अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग पीलीभीत के पत्रांक 1983/7 ए दिनांक 21 अक्टूबर 2023 को पंजीकरण संख्या 340 मार्ग/श्रेणी (डी) 2018 व फॉर्म/ ठेकेदार आईडी डीडीपीएलबीपीडीओ 626 एन -40479 विनायक कंस्ट्रक्शन के नाम से पंजीकृत है। जिसका प्रोपराइटर अंकित मिश्रा कथित पत्रकार है।इसका पता माधोटांडा रोड निकट गोनिया चौराहा पीलीभीत अंकित है। कथित पत्रकार अंकित मिश्रा ने अपनी माता राम लड़ेती देवी निवासी निरंजन कुंज कॉलोनी के नाम मेसर्स राम लड़ेती ठेकेदार के नाम कर रखी है ठेके से संबंधित कार्य नगर पालिका परिषद पीलीभीत जिला नगरीय विकास अभिकरण ढूंढा पीलीभीत शारदा सागर खंड पीलीभीत में अनुबंध कार्य की देखरेख सगा पुत्र अंकित मिश्रा करेगा इस बात का पावर ऑफ अटॉर्नी रजिस्टर नाम राम लड़ेती देवी ने अपने पुत्र अंकित मिश्रा के पक्ष में की है।जिसका जिल्द नंबर 1395 के प्रश्न संख्या 231 से 240 तक रजिस्टर्ड किया गया है। नियमाअनुसार अगर कोई अधिवक्ता उत्तर प्रदेश बार काउंसिल में पंजीकृत है तो वह व्यापार, नौकरी, ठेकेदारी अन्य कार्य नहीं कर सकता है। इन सभी बिंदुओं की शिकायत लोक निर्माण विभाग में की गई। जिसको विभाग ने गंभीरता से लिया और तीन सदस्य जांच समिति का गठन किया गया जांच समिति ने बड़े ही गहराई से जांच की तो सभी आरोप सत्य पाए गए। अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग पीलीभीत ने लोक निर्माण विभाग शासनादेश का उल्लंघन करने पर उपरोक्त सभी फर्मों को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया है।

## पुरानी पेंशन बहाल कराने को लेकर किया प्रदर्शन

**पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पुरानी पेंशन बहाली की मांग करते हुए प्रदेश के सभी सरकारी कर्मचारियों द्वारा एनपीएस गजट की प्रतिया जलाकर विरोध प्रदर्शन किया गया है।जिसके अंतर्गत पूरनपुर विकास खंड क्षेत्र के कई सरकारी कर्मचारी संगठनों द्वारा भी एनपीएस की प्रतियां जलाई गई है। शिक्षा विभाग में एनपीएस व यूपीएस के विरोध में यूपीएस गजट की प्रतीकात्मक प्रतियां जलाकर पूरनपुर मे सारे शिक्षकों ने अपना विरोध प्रदर्शन किया है। विरोध प्रदर्शन करने वालों में मुख्य रूप से रोहित कुमार मिश्रा, पूनम यादव, प्रदीप शुक्ला, वीरेंद्र कुमार राठौर,वंदना शर्मा, मंजू रानी, सुषमा आर्य, सुरेश कुमार, जितेंद्र कुमार, अश्विनी, राजेश, चंद्रिका प्रसाद, रामपाल, देवेंद्र कुमार, रवि कुमार ,संजय भारती कमल सिंह, वेद प्रकाश सहित दर्जनों शिक्षक और शिक्षकाएं उपस्थित रहे

# पुलिस की वर्दी पहनकर रौब गांठने वाला फर्जी दरोगा गिरफ्तार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



अमेठी। थाना मुसाफिरखाना पुलिस व स्वाट टीम अमेठी द्वारा यूपी पुलिस की वर्दी पहने हुये एक फर्जी दरोगा को गिरफ्तार किया गया है जिसके कब्जे से कूटरचित पुलिस आई कार्ड बरामद हुआ है। पुलिस ने पकड़े गये फर्जी दरोगा को जेल भेज दिया है।थाना मुसाफ़िरखाना के उप निरीक्षक राजेश कुमार दीक्षित मय हमराही को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति पुलिस की वर्दी पहने हुये है जो स्थानीय थाने का नहीं है जो थाना क्षेत्र में कई दिनों से घूमकर वर्दी का रोब दिखा रहा है। उक्त सूचना पर उप निरीक्षक राजेश कुमार दीक्षित मय हमराही द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये मुखबिर के बताये स्थान पर पहुंच कर देखा गया तो एक व्यक्ति पी कैप लगाये हुये यूपी पुलिस की वर्दी में मौजूद है।रेलवे क्रॉसिंग पर खड़े होने का कारण पूछा गया तो बताया कि ग्राम कोदैली जाना चाह रहे हैं साधन का इंतजार कर रहे हैं । नियुक्ति के संबंध में पूछने पर बताया कि जनपद फतेहपुर में नियुक्त हूं थाने का नाम व पीएनओ नंबर पूछने पर बता न सका।शंका होने पर उक्त व्यक्ति को पुलिस हिरासत में लेकर नाम पता पूछने पर अपना नाम प्रमोद कुमार पाण्डेय पुत्र भरत कुमार पाण्डेय निवासी कोदैली मजरे भददौर थाना मुसाफिरखाना उम्र छब्बीस वर्ष बताया।जामा तलाशी से यूपी पुलिस का आई कार्ड बरामद हुआ है। पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ में प्रमोद कुमार ने बताया कि मैं बीएससी तक पढ़ा हूं मेरी महत्वाकांक्षा पुलिस में जाने की थी लेकिन मैं भर्ती नहीं हो पाया।इसीलिये पुलिस की वर्दी बनवायी और वर्दी में लगाने वाले सामान, स्टार, मोनोग्राम, बेल्ट, पी कैप, सीटी डोरी आदि यूपी पुलिस वर्दी का सामान खरीदा और पहनने लगा।मैंने अपने गांव व रिश्तेदारों में प्रचारित कर दिया कि मेरी नौकरी पुलिस में लग गयी है और मेरी ट्रेनिंग रायबरेली में हो रही है और मैं कमरा लेकर रायबरेली में रहने लगा। बीते वर्ष की सोलह नवम्बर को मेरी शादी हो गयी व उत्तर प्रदेश पुलिस में उप निरीक्षक के पद पर होने के नाम पर दहेज के रूप में ससुराल पक्ष से एक ब्रेजा गाड़ी व दस लाख रुपये भी मिले थे।रोजगार का कोई साधन न होने के कारण व गृहस्थी चलाने के लिये मैं वर्दी का नाजायज फायदा उठाने लगा।कानून का भय दिखाकर मैंने भोले भाले लोगों से काफी रुपया कमाया।प्रमोद कुमार पाण्डेय उपरोक्त को दादरा रेलवे क्रासिंग के पास से समय करीब साढ़े बारह बजे दिन में गिरफ्तार कर थाना मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

# प्रदर्शनी का हुआ आयोजन



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पीलीभीत। हॉबीज हेरिटेज इंडिया सोसाइटी के द्वारा एक एंटीक चीजों की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है।रेड क्रॉस सोसाइटी के जिला सचिव कौशलेंद्र भदौरिया ने पीलीभीत स्थित ओम लॉन में हॉबीज हेरीटेज सोसायटी के द्वारा एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें एंटीक चीजों की प्रदर्शनी लगाई गई जिसमें डाक टिकट,प्राचीन मुद्राएं,कैमरा एवं अन्य चीजों की प्रदर्शनी लगाई गई रेड क्रॉस सोसाइटी के जिला सचिव कौशलेंद्र भदौरिया के द्वारा विगत तीन सालों में किए गए कार्यों के फोटो की भी प्रदर्शनी लगाई गई प्रदर्शनी में डीएफओ मनीष सिंह ,ट्रेनी डिस्ट्रिक्ट फॉरेस्ट ऑफिसर विपिन, उपजिला अधिकारी वित्त आशुतोष गुप्ता ने सभी के द्वारा लगाए गए संग्रहों की तारीफ करी रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा निरंतर किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना करी कार्यक्रम में मुख्य रूप से हेरिटेज हॉबीज समिति के संरक्षक रमाकांत शर्मा,हर्षल सिंह,राजेश गंगवार, राकेश कुमार,सौरभ अग्रवाल, साकेत सक्सेना कौशलेंद्र भदोरिया, विक्रम सक्सेना आदि सदस्य गण मौजूद रहे हैं।

# विद्याकलश हाई स्कूल खानापुर चपरा के बच्चों ने निकाली मनमोहक झाकियां

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



तिलोई अमेठी। तहसील तिलोई क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में गणतंत्र दिवस का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सरकारी कार्यालयों के साथ ही परिषदीय एवं मान्यता प्राप्त विद्यालयों में ध्वजारोहण के साथ ही बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। क्षेत्र पंचायत तिलोई में ब्लाक प्रमुख अर्चना सिंह तो सिंहपुर में ब्लाक प्रमुख अंकित पासी ने ध्वजारोहण किया। ब्लाक संसाधन केन्द्र सिंहपुर के साथ ही कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी ने ध्वजारोहण किया। जनता जर्नादन इण्टर कालेज शंकरगंज में ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने ध्वजारोहण कर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया।गणतंत्र दिवस पर विद्यालय की पूर्व छात्रा प्रीति विश्वकर्मा जो वर्तमान में गोरखपुर में उप निरीक्षक के पद पर तैनात है।विद्यालय के प्रबंधक कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने प्रीति विश्वकर्मा को अशोक स्तम्भ भेंटकर सम्मानित किया जो कि उनकी उपलब्धियों और उनके द्वारा किये गये कार्यों के प्रति सम्मान का प्रतीक है।धनपाला मेमोरियल स्कूल कैथागांव में बच्चों द्वारा मोबाइल फोन के अधिक उपयोग पर एकांकी प्रस्तुत कर अतिथियों को भाव विभोर कर दिया। विद्या कलश हाई स्कूल एवं प्राइमरी स्कूल खानापुर चपरा द्वारा संयुक्त रूप से झांकी निकाली गई जिसका शुभारम्भ विद्यालय के अध्यक्ष डॉ रामकल्प तिवारी ने ध्वजारोहण के साथ किया। बच्चों ने राष्ट्र भक्ति से ओत प्रोत गीतों, नृत्य, समूह गान, एकांकी आदि के माध्यम से समा बांध दी।सांस्कृतिक कार्यक्रम के उपरांत विद्यालय के बच्चों ने एक भव्य व दिव्य झांकी निकाली गई। झांकी का मुख्य आकर्षण भारत माता एवं जल,थल व वायु सेना के प्रमुखों के रूप में बच्चियों व बच्चों एवं शिक्षकों द्वारा निर्मित भारत का मनोहारी माडल रहा।झांकी में विद्यालय के बैंड जूनियर, बालिका बैंड, बालक बैंड, कलर पार्टी बालक, कलर पार्टी बालिका, स्काउट दल, गाइड दल, रेस क्रॉस दल, स्पोर्ट दल, स्वामी विवेकानंद सदन, मेजर ध्यान चंद सदन, रानी लक्ष्मी बाई सदन, कल्पना चावला सदन सहित विद्यालय के सैकड़ो बच्चों ने मार्च किया। विद्यालय के प्रबंधक डॉ आलोक तिवारी ने बताया कि पथ संचलन विद्यालय से आरम्भ होकर अरियावा,शंकरगंज, मोहनगंज, तिलोई, रस्तामऊ , राजा फत्तेपुर, करनगांव, पूरे ठकुराइन, मत्तेपुर, सरदारगंज, खानापुर चपरा होते हुये विद्यालय में आकर सम्पन्न हुआ। झांकी पथ संचालन का क्षेत्र में जगह जगह क्षेत्र वासियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया साथ ही बच्चों के प्रदर्शन को देखने के लिये जनसमूह उमड़ पड़ा। इसके साथ ही परिषदीय विद्यालयों में प्रधानाध्यापकों द्वारा ध्वजारोहण किया गया और बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

## जगदीशपुर में एक दिवसीय रोजगार मेला आज होगा

**अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय एवं संजय गाँधी पॉलिटेक्निक जगदीशपुर द्वारा उनतीस जनवरी को पूर्वान्ह साढ़े दस बजे जनपद के संजय गांधी पॉलिटेक्निक जगदीशपुर में एक दिवसीय नि:शुल्क रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि उक्त मेले में निजी क्षेत्र की कंपनियों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा तथा रोजगार मेले में मैकेनिक और इलेक्ट्रिकल डिप्लोमा उर्तीर्ण अभ्यर्थी रोजगार हेतु प्रतिभाग करने हेतु रोजगार संगम पोर्टल पर अपना पंजीकरण करके अपने योग्यता के अनुरुप इच्छुक कम्पनी में आवेदन कर सकते हैं। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि रोजगार मेले में भाग लेने हेतु इच्छुक अभ्यर्थी फोटो तथा बायोडाटा के साथ उपस्थित होकर प्रतिभाग कर सकते है, इस हेतु उन्हें कोई मार्ग व्यय देय नही होगा।

## भादर में मिशन वात्सल्य योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु हुई बैठक

**अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** आज मिशन वात्सल्य योजना के प्रभावी कियान्वयन हेतु विकास खण्ड भादर में ब्लाक बाल कल्याण संरक्षण समिति की बैठक ब्लाक प्रमुख भादर की अध्यक्षता में आयोजित की गयी जिसमें समस्त पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि ब्लॉक प्रमुख द्वारा बाल संरक्षण के एजेण्डा बिन्दु पर विकास खण्ड में सभी छह से चौदह वर्ष तक के बच्चों की शिक्षा व पोषण पर विशेष ध्यान देते हुए एवं उनके सर्वांगीण विकास तथा उन्हें सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं से जोड़ने के लिये सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। उक्त के क्रम में जिला बाल संरक्षण इकाई के संरक्षण अधिकारी अजय कुमार द्वारा बच्चों के सर्वोत्तम हितों के दृष्टिगत महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं यथा स्पॉन्सरशिप योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य,कोविड, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के बारे विस्तार से परिचर्चा की गयी तथा इसके अतिरिक्त मिशन शक्ति अभियान के तहत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं व पति की मृत्यु के उपरान्त निराश्रित महिला पेंशन योजना में पेंशन का लाभ ले रही महिलाओं को उनकी फैमिली आई0डी0 बनाये जाने पर जानकारी प्रदान की गयी। उन्होंने बताया कि इस दौरान बैठक में ब्लाक प्रमुख भादर, खण्ड विकास अधिकारी विकास खण्ड भादर, बाल विकास परियोजना अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी, सहायक पंचायत अधिकारी, संरक्षण अधिकारी जिला बाल संरक्षण इकाई, अमेठी, गुलाब पाल आउटरीच कार्यकर्ता जिला बाल संरक्षण इकाई अमेठी उपस्थित रहे।

## विद्यालय में हुए कार्यक्रम मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रही ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा



**पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर गजरौला कला के पास स्थित माला कॉलोनी में उदय पब्लिक स्कूल मे मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों ने रंगारंग कई कार्यक्रम प्रस्तुत किया जिसमें देशभक्ति के गीतों पर अच्छा प्रदर्शन करने वाले बच्चों को मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख मरौरी सभ्यता वर्मा ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया है। इस मौके परविद्यालय के प्रधानाचार्य जीवन हलदर एवं समस्त शिक्षकगण अभिभावक गण एवं प्यारे बच्चों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की है।

# अटल के आदर्श हमारे लिए अमूल्य धरोहर : डॉ एमपी सिंह



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सुलतानपुर। भाजपा भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर पूरे वर्ष विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करेंगी। पूर्व पीएम की जन्म शताब्दी वर्ष को लेकर पयागीपुर स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय परिषद सदस्य डॉ एमपी सिंह ने उनसे जुड़े संस्मरणों को साझा किया। उनके राजनीतिक जीवन पर चर्चा की।उन्होंने कहा अटल जी के आदर्श हम सबके लिए अमूल्य धरोहर है।उन्होंने अटल जी को लोकतांत्रिक व मानवतावादी मूल्यों की प्रतिमूर्ति बताया। उन्होंने कहा वह इतने विशाल व्यक्तित्व के नेता थे कि विपक्ष समेत दुनिया भर के नेता उनकी सराहना और सम्मान करते थे।उन्होंने बताया कि 15 फरवरी से 15 मार्च तक अटल विरासत सम्मेलन आयोजित होगा भाजपा प्रदेश मंत्री व जिला प्रभारी मीना चौबे ने अटल जी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर चर्चा करते हुए उनको राजनीति का ध्रुवतारा बताया और अटल जी रचित कविता सुनाई।भाजपा प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी के संचालन में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष डॉ.आरए वर्मा ने पूर्व पीएम अटल जी को राजनीति का अजातशत्रु बताया।उन्होंने बताया की पूर्व पीएम अटल जी के जन्म शताब्दी वर्ष के तहत 25 दिसम्बर 2024 से 25 दिसम्बर 2025 तक विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से उनको याद किया जाएगा।इस दौरान मौजूद लोगों ने पार्टी कार्यालय पर अटल जी के जीवन व योगदान पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

# जनता ने जिन्हें विधानसभा चुनाव 2017 में नकारा वही सपा नेत्री फिर से लगी है लाइन में

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पीलीभीत। विधानसभा चुनाव 2017 में भारतीय जनता पार्टी से बुरी तरह से पटकनी खाने के बाद भी समाजवादी पार्टी पूरनपुर और बीसलपुर से विधानसभा चुनाव हारने के बाद भी अपनी खोई हुई जमीन को तलाश में लगी हुई है। सपा नेत्री दिव्या गंगवार और आरती देवी विधानसभा चुनाव 2017 में चुनाव लड़ी थी। लेकिन हार का मुंह देखना पड़ा था।पूरे जनपद में समाजवादी का खाता नहीं खुला था। चारों विधानसभाओं में भगवा रंग लहराया था। सदर विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी योगी सरकार में गन्ना राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने जीत हासिल की थी।वहीं विधानसभा पूरनपुर से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी दो बार के विधायक बाबूराम पासवान ने जीत की हैट्रिक लगाई थी। बीसलपुर विधानसभा से पूर्व मंत्री रामशरन वर्मा के पुत्र विवेक वर्मा ने जीत हासिल कर सपा नेत्री दिव्या गंगवार को बुरी तरह से हराया था। बरखेड़ा विधानसभा से स्वामी प्रवक्ता नंद ने अपने विरोधियों को धूल चटाई थी। और जीत का सेहरा अपने सर सजाया था। पूरे जनपद में भारतीय जनता पार्टी के सभी प्रत्याशी जीते थे और समाजवादी पार्टी के सभी प्रत्याशी बुरी तरह से हारे थे। पूरनपुर विधानसभा से चुनाव लड़ी आरती को भी जनता ने नकार दिया था। फिर भी कभी कभार पूरनपुर विधानसभा में अपनी खोई हुई जमीन को तलाश करने आ जाती है।यही हाल बीसलपुर विधानसभा से चुनाव हारी हुई सपा नेत्री दिव्या गंगवार भी कभी कभार बीसलपुर विधानसभा क्षेत्र में घूमते हुए नजर आ जाती है। बीसलपुर के लोग बताते हैं। कि सपा नेत्री जब कभी मीटिंग या कोई कार्यक्रम होता है। तभी ही नजर आती हैं। अक्सर गैर जनपद मेरठ सहित अन्य जगहों पर रहती है।यही हाल सपनेत्री आरती देवी का है। वह भी जिला मुख्यालय के मोहल्ला अशोक कॉलोनी में रहती है। अब भला ऐसे में जनता इनको नकारे नहीं तो क्या करेगी जनता उसी के सर पर ताज सजाती है। हर समय उपलब्ध हो और जो उनके हर सुख दुख में साथ देता है। कई सपा कार्यकर्ता और पदाधिकारियो के मुंह अक्सर यह सुनने को मिल जाता है। कि हमारे पास मोबाइल नंबर तक नहीं है। मिलना तो दूर की बात है। चुनावी चर्चा में अक्सर नेता अपना ठिकाना तलाशने के लिए मात्र कुछ समय के लिए ही दिखाई देते हैं। बाद में ऐसे गायब हो जाते हैं।

## बसंत पंचमी के अवसर पर एपी इंटर कॉलेज में खिचड़ी भोज का होगा आयोजन

**पूरनपुर।** नगर की रामलीला मैदान के पास स्थित आर्य पाठशाला इंटर कॉलेज में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बसंत पंचमी का पर्व पर बड़े ही हर्षोल्लास के साथ 2 फरवरी को मनाया जाएगा। आर्य पाठशाला इंटर कॉलेज के प्रबंधक ठाकुर निरंजन सिंह ने बताया कि आगामी 2 फरवरी को प्रातः 11:00 बजे से खिचड़ी भोज का कार्यक्रम आयोजित किया।

## तीन दिवसीय आर्य समाज कार्यक्रम का हुआ समापन



**पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** अमरैया कलां में 25 जनवरी से 27 जनवरी तक चलने वाले आर्य समाज का तीन दिवसीय कार्यक्रम का समापन हो गया है।आर्य समाज के कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस पर ग्राम प्रधान सत्यपाल शर्मा द्वारा ध्वजारोहरण कर राष्ट्रीय गीतों के साथ हुआ था। कार्यक्रम में भानू प्रकाश शास्त्री भजनोपदेशक बरेली,गीता आर्या जनोपदेशक बहराइच,मुकेशानंद महाराज भजनोपदेशक शाहजहांपुर,साध्वी सत्यप्रिया भजनोपदेशक शाहजहांपुर,विकास आर्या गीतकार पूरनपुर ने पहुंच कर शोभा बढ़ाई थी।कार्यक्रम समापन में मुख्य रूप से आर्य समाज के प्रधान डॉक्टर तेज बहादुर सिंह तेजू, एपी इंटर कॉलेज के प्रबंधक निरंजन सिंह,ग्राम प्रधान सतपाल शर्मा, किसान नेता अनंत अग्रवाल,संतराम विश्वकर्मा सहित सैकड़ो भक्त मौजूद रहे हैं।

## खाद एवं रसद विभाग ने चलाया अभियान भरे कई नमूने

**पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के प्रवर्तन दल द्वारा दिनांक 27.01.2025 से दिनांक 30.01.2025 तक जनपद में मिलावटी खाद्य व पेय पदार्थो की रोकथाम हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में स्वतंत्र कुमार श्रीवास्व,मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने नेतृत्व में सतीश कुमार, तेज बहादुर सिंह, प्रेम कुमार यादव एवं अनन्त स्परूप खाद्य सुरक्षा अधिकारी की टीम द्वारा संदेह के आधार पर इरफान मिष्ठान भण्डार न्यूरिया से छेना रसगुल्ला, मो0 आसिक मिल्क हॉकर न्यूरिया से भैंस का दूध,पीलीभीत की मशहूर बदनाम लस्सी आसाम चौराहा पीलीभीत से छेना रसगुल्ला,हिमांश यादव ग्राम ढकरिया मिल्क हॉकर बिलसण्डा से मिश्रित दूध, प्रेमपाल सिंह निवासी डंडिया भंडसर, डेयरी ग्राम घनश्यामपुर बिलसण्डा से भैंस का दूध व मिश्रित दूध, कृष्ण पाल निवासी अबदला बरेली प्रतिष्ठान मिल्क हॉकर बीलसपुर रोड़ बरखेड़ा से मिश्रित दूध, विशम्बर मण्डल निवासी भक्ति नगर रूद्रपुर ऊधमसिंह नगर प्रतिष्ठान केक शॉप गोला रोड बिलसण्डा से पेस्ट्री, विवेक दुबे निवासी बीसलपुर प्रतिष्ठान ग्राम नॉद लिक्विड जैगरी राब,प्रमोद गुप्ता निवासी बिलसण्डा प्रतिष्ठान ईशू टेडर्स बिलसण्डा से साबूदाना एवं राम औतार निवासी मानपुर टेहरी प्रतिष्ठान कैंचुआ से लिक्विड जैगरी राब नियमानुसार नमूना संग्रहण की कार्यवाही की गयी।उक्त सभी नमून जॉच हेतु राजकीय खाद्य विश्लेषक को प्रेषित किये जा रहे है।जॉच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

## एनसीसी ने निकाली सड़क सुरक्षा रैली, हेलमेट लगाने का किया निवेदन

**सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स व राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने मंगलवार को सड़क सुरक्षा रैली निकाली। विद्यार्थियों ने रास्ते में आने जाने वालों को यातायात नियमों की जानकारी दी व हेलमेट लगाकर चलने का निवेदन किया। प्राचार्य प्रोफ़ेसर दिनेश कुमार त्रिपाठी ने कालेज परिसर से हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली सिविल लाइंस हनुमान मंदिर चौराहा व एमजीएस चौराहा होते हुए कालेज पहुंची। रैली के साथ चल रहे एनसीसी समन्वयक डॉ आलोक कुमार, असिस्टेंट प्रोफ़ेसर ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह रवि,एनएसएस कार्यक्रमाधिकारी डॉ. प्रभात श्रीवास्तव,वीरेंद्र कुमार गुप्त व डॉ विभा सिंह ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। असिस्टेंट प्रोफ़ेसर ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह रवि ने बताया कि रैली के रास्ते में मिलने वाले 90 प्रतिशत से अधिक बाइक चालक बिना हेलमेट के और चार पहिया चालक बिना सीट बेल्ट के थे। सभी से हेलमेट और सीट बेल्ट लगाकर चलने का निवेदन किया गया।

# तुलसी के आंगन में हुआ मेधा व बुजुर्गजनों का सम्मान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बलदीराय/सुल्तानपुर। बल्दीराय ब्लाक के पूरे तुलसीराम तिवारी का पुरवा में स्वर्गीय जगपति देवी की द्वितीय पुण्यतिथि धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर मेधावियों का सम्मान हुआ। पांच 80 वर्षीय स्वास्थ्य बुजुर्गजन सम्मानित हुए।ग्राम सभा सादुल्लापुर के सौ अल्पआय वर्ग परिवार के प्रतिनिधियों का कंबल भेंट किया गया। मुख्यअतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघ चालक डा. अवधेश तिवारी, विशिष्ट अतिथि भाजपा नेत्री मनीषा पांडेय व मंडल अध्यक्ष विशाल जायसवाल रहे। कार्यक्रम की शुरुआत स्वर्गीय जगपति के चित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। जिला संघ चालक डा अवधेश तिवारी ने कहा कि विद्यार्थियों को ज्ञान प्राप्त करना आवश्यक है, लेकिन इसके उपयोग का तरीका जानना भी जरूरी है। बताया कि त्रेतायुग का महाज्ञानी ज्ञान के दुरुपयोग के कारण ही दुरात्मा रावण बना। कहा शिक्षा का सदुपयोग करना होगा। सदमार्ग पर चलकर समाज व राष्ट्र के उन्नयन में सहायता करनी होगी। विशिष्ट अतिथि मनीषा पांडेय ने कार्यक्रम को सराहा। इसे ग्राम स्तर पर ही नहीं बल्कि जिला व प्रदेश स्तर के लिए उदाहरण है। कहा ग्राम सभा में मेधावियों को सम्मानित करना उन्हें प्रेरित करना है। उन्होंने आयोजक वीरेंद्र कुमार तिवारी को विशेष धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का संयोजन इंजीनियर नवीन तिवारी, अभिषेक तिवारी व विवेक तिवारी ने किया। सम्मानित होने वाले मेधावियों में कैप्टन बाल चंद इंटर कालेज मीरपुर , रामरति मेमोरियल चिल्ड्रन स्कूल रसूलपुर के मेधावी क्रमशः हर्षिता मिश्रा, आयुषी श्रीवास्तव, श्रद्धा यादव, साक्षी सिंह, वैभव अग्रहरि, अनिमेष यादव, आदित्य तिवारी, गौरव यादव, सुरेंद्र द्विवेदी को मेडल व पट्टी पहनाकर सम्मानित किया गया। गौरव यादव को स्वर्गीय रामबली प्रजापति सम्मान दिया गया। अन्य मेधावियों को स्वर्गीय रामसुमिरन, गयादीन, शिवमूर्ति व राममूर्ति सम्मान से नवाजा गया। इसके अलावा प्रेरणादायी बुजुर्ग पंडित राम कुमार शास्त्री, संकठा प्रसाद तिवारी व देवी प्रसाद, राम करन वर्मा व संत राम प्रजापति को शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। देवी प्रसाद तिवारी ने नई पीढ़ी को खान पान अच्छा व खूब परिश्रम करने को कहा। इसके बाद सौ ग्राम सभा के सौ परिवारों के प्रतिनिधि सदस्यों को कंबल भेंट किया गया। इसके पहले सुंदरकांड के पारायण से इसकी शुरुआत हुई। वीरेंद्र कुमार व पत्नी शेष तिवारी ने आरती की। प्रसाद का वितरण हुआ। इस मौके पर राजधर शुक्ला, घनश्याम अग्रहरि, प्रदीप यादव, एबीवीपी के विभाग कार्यालय मंत्री दुर्गेश तिवारी, अमन वर्मा, रूपेश द्विवेदी, अमरनाथ तिवारी, रूप नारायण, तिवारी, करूणा शंकर तिवारी, अर्जुन यादव, जय प्रकाश मिश्रा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# सभी लाइसेंसधारी व्यापारियों के लिए शस्त्र ट्रेनिंग कैंप का हो आयोजन: डीपी गुप्ता

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सुलतानपुर। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित उद्योग बंधु व व्यापार बंधु की बैठक में शिरकत करते हुए भारतीय उद्योग किसान व्यापार मंडल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डी पी गुप्ता एडवोकेट ने जिला अधिकारी सुल्तानपुर कुमार हर्ष को एक आवेदन पत्र सौंप कर सेफ हैंडलिंग आफ आर्म्स एंड एम्युनिशन हेतु जिले में व्यापारियों के लिए एक शस्त्र प्रशिक्षण शिविर आयोजित करवाये जाने की मांग किया। दिए गए अपने आवेदन पत्र में भारतीय उद्योग किसान व्यापार मंडल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डी पी गुप्ता एडवोकेट ने लिखा कि जिले के तमाम व्यापारियों को प्रशासन द्वारा उनकी जान माल की सुरक्षा हेतु शस्त्र लाइसेंस जारी किए गए हैं परन्तु शस्त्रों के सुरक्षित रखरखाव व इस्तेमाल हेतु उन्हें किसी भी प्रकार का कोई प्रशिक्षण आज तक नहीं मिला है। ऐसे में किसी मुसीबत या आपराधिक वारदात होने पर वे अपने जान माल की सुरक्षा हेतु लाइसेंसी शस्त्रों का प्रयोग कैसे करें,इसकी तकनीकी जानकारी व्यापारियों को होना नितांत आवश्यक है। अक्सर देखा गया है कि कि उचित प्रशिक्षण के अभाव में व्यापारियों में आत्मविश्वास की कमी रहती और वे शस्त्र होने के बावजूद अचानक घटित होने वाले आपराधिक वारदातों के समय उसका सामना उचित ढंग से नहीं कर पाते। इसी के साथ उन्होंने कहा कि इसी प्रकार का एक ट्रेनिंग कैंप श्रावस्ती जिले में फरवरी 2024 को आयोजित हुआ था जिसमें अवध राइफल शूटिंग अकादमी लखनऊ से पधारे शूटिंग कोच विक्रम राय व जमाल असगर राना द्वारा वहां के व्यापारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया था। ऐसी स्थिति में जनपद सुल्तानपुर में भी व्यापारियों को लाइसेंसी शस्त्रों के सुरक्षित प्रयोग व उनके रख रखाव हेतु एक प्रशिक्षण शिविर आयोजित करना आवश्यक है। जिला अधिकारी सुल्तानपुर को आवेदन पत्र सौंपते वक्त युवा संयोजक अरविंद चौरसिया, शोभित मोदनवाल, रामदीन अग्रहरि, प्रदीप मिश्रा आदि सहित दर्जनों व्यापारी मौजूद रहे।

# उच्च शिक्षा की उखड़ती जड़ें

केरल विधानसभा ने बीते मंगलवार 21 जनवरी को सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार से विश्वविद्यालय अनुदान आयोग या यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन (यूजीसी) के मसौदा नियमों को वापस लेने का आग्रह किया है। यूजीसी के नए मसौदा नियमों की आलोचना कर्नाटक और तमिलनाडु जैसे गैर-भाजपा शासित राज्यों ने भी की है। इस महीने की शुरुआत में तमिलनाडु सरकार ने इसकी आलोचना की थी। राज्य के उच्च शिक्षा मंत्री गोवी चेजियान ने यूजीसी नियमों के मसौदे को तानाशाही बताते हुए कहा था कि अगर केंद्र सरकार इसे वापस नहीं लेती है तो डीएमके सरकार कानून का सहारा लेगी और इस मुद्दे पर विरोध प्रदर्शन भी करेगी। वहीं केरल में न केवल सत्तारुढ़ सीपीआई (एम) बल्कि विपक्षी कांग्रेस भी इस फैसले में साथ है। केरल में सरकार और विपक्ष दोनों का मानना है कि यह उच्च शिक्षा में संघ परिवार के एजेंडे का हिस्सा है। मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने अपने प्रस्ताव में यूजीसी मसौदा नियमों को उच्च शिक्षा क्षेत्र के व्यवसायीकरण के लिए एक कदम मात्र बताया है। प्रस्ताव में कहा गया है कि बदलते नियमों को उच्च शिक्षा को धार्मिक और सांप्रदायिक विचारों का प्रचार करने वालों के चंगुल में फसाने के प्रयास के रूप में देखा जा सकता है। प्रस्ताव में कहा गया है, विश्वविद्यालयों और अन्य उच्च शिक्षण संस्थानों के कामकाज के लिए लगभग 80 प्रतिशत पैसा राज्य सरकारों द्वारा खर्च किया जाता है। विश्वविद्यालयों की गुणवत्ता को बनाए रखने में राज्य सरकारों की प्रमुख भूमिका रहती है। केरल विधानसभा का मानना है कि केंद्र सरका गौरतलब है कि हाल ही में केंद्र सरकार ने यूजीसी के नए मसौदा नियम जारी किए, जिसमें ऊपरी तौर पर यह दिखाने की कोशिश की गई है कि ये फैसले उच्च शिक्षा की गुणवत्ता और विश्वविद्यालयों का स्तर ऊंचा उठाने के लिए किए गए। लेकिन असल में इससे उच्च शिक्षा में बड़ी सेंध लगती नजर आ रही है। गौरतलब है कि यूजीसी के नए नियम राज्यों में राज्यपालों को कुलपतियों की नियुक्ति के लिए व्यापक अधिकार दिया गया है। साथ ही कुलपति का पद शिक्षाविदों तक सीमित नहीं रखकर इसे उद्योग विशेषज्ञों और सार्वजनिक क्षेत्र के दिग्गजों के लिए भी खोल दिया गया है। मतलब अब अगर कोई उद्योगपति चाहे तो वह किसी विश्वविद्यालय का कुलपति बन सकता है, भले उसके पास शैक्षणिक योग्यता और अनुभव न हों। उच्च शिक्षा के साथ इतना भद्दा खिलवाड़ आजादी के बाद से अब तक नहीं हुआ। नरेन्द्र मोदी इसे भी मुमकिन बना रहे हैं। इस फैसले पर गैर भाजपाई दल और सरकारें तो फिक्रमंद दिख ही रहे हैं, भाजपा की सहयोगी जदयू ने भी इस पर आपत्ति दर्ज की है। जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि हमें कुलपतियों की नियुक्ति में निर्वाचित सरकारों की भूमिका सीमित करने को लेकर चिंता है। यह उच्च शिक्षा के लिए राज्य सरकार के रोड मैप को प्रभावित करेगा। भाजपा की एक अन्य सहयोगी लोजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अरविंद कुमार वाजपेयी ने कहा कि इस मामले पर विचार-विमर्श करना संसद का विशेषाधिकार है। यूजीसी ने प्रकाशनों की मानक सूची को भी बंद करने का फैसला लिया है। बता दें कि विश्वविद्यालय और डिग्री कॉलेज के प्राध्यापकों की पदोन्नति के लिए उत्कृष्ट पत्रिकाओं और जर्नल में शोध-पत्र किताब और लेख प्रकाशित होना चाहिए। इसके लिए यूजीसी की मानक सूची से उन पत्रिकाओं की पहचान करने में मदद मिलती थी, जो विश्वसनीय हैं और शोधपत्र प्रकाशित करने के लिए कुछ गुणवत्ता मानकों को पूरा करती हैं। दरअसल पहले कुछ कीमत अदा करके फर्जी पत्रिकाओं में शोध आलेख प्रकाशित करवा लिए जाते थे, जिस पर रोक लगाने के लिए 2018 में यूजीसी-कंसोर्टियम फॉर एकेडमिक्स एंड रिसर्च एथिक्स यानी यूजीसी केयर शुरु किया गया, जो स्कोप्स और वेब ऑफ साइंस जैसे विश्व स्तर पर स्वीकृत डेटाबेस में अनुक्रमित पत्रिकाओं की एक संदर्भ सूची है। विशेषज्ञों द्वारा गहन मूल्यांकन के बाद भारतीय पत्रिकाओं को सूची में शामिल किया गया। लेकिन अब प्रकाशनों के चयन का फैसला विश्वविद्यालयों पर छोड़ दिया गया है।

# कांग्रेस की विभाजनकारी राहों से जुड़े खतरे

कांग्रेस पार्टी की नीति हमेशा से विभाजनकारी रही है। इनका एजेंडा ही रहा है देश में जाति, धर्म, भाषा और क्षेत्र के नाम पर बंटवारा करके अराजकता का माहौल बनाना। इसके लिये वह कभी संविधान को खतरे में बताती है तो कभी जातिगत जनगणना की मांग करती है। एक बार फिर डॉ. भीमराव आंबेडकर की जन्मस्थली महू में रैली के दौरान कांग्रेस ने जिस तरह इस पर जोर दिया कि संविधान पर हमला किया जा रहा है और महात्मा गांधी का अपमान किया जा रहा है, उससे उसकी विचारशून्यता एवं राजनीति अपरिपक्वता ही प्रकट नहीं हो रही है,, बल्कि देश को बांटने की मानसिकता भी उजागर हो रही है। यदि कांग्रेस के रणनीतिकार एवं नेता यह समझ रहे हैं कि वे संविधान के संदर्भ में भय का भूत खड़ा करने और भाजपा एवं संघ के नेताओं के बयानों को तोड़-मरोड़कर पेश करने से देश की जनता को गुमराह करने, बरगलाने में समर्थ हो जाएंगे तो ऐसा अब होने वाला नहीं है। उलटे इस क्रम में कांग्रेस की विश्वसनीयता और अधिक गिर सकती रही है और वह हास्यास्पद स्थिति का शिकार होकर अपनी राजनीतिक जमीन को कमजोर ही कर रही है। ऐसा हरियाणा, महाराष्ट्र के चुनावों में हुआ है और अब दिल्ली के विधानसभा चुनाव भी ऐसे ही होते हुए दिख रहे हैं। संविधान के खतरे में होने के कांग्रेस के दुष्प्रचार का लाभ भले ही कुछ सीमा तक लोकसभा चुनाव मिला हो, लेकिन हर बार मतदाता ऐसे नारों एवं दुष्प्रचार में गुमराह नहीं होने वाला है। वैसे भी काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती। कांग्रेस इस बात को भी तूल दे रही है कि महात्मा गांधी के साथ डॉ. आंबेडकर का अपमान किया जा रहा है। ये ऐसी बातें हैं, जिनका कोई मूल्य-महत्व नहीं। यह सब अंधेरे में तीर चलाने जैसा है। यह असत्य एवं झूठ की राजनीति है। कांग्रेस भले ही सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने की बातें कर रही हो, लेकिन सच यह है कि वह सामाजिक विभाजन की खाई को चैड़ा करते हुए देश को जोड़ने नहीं, बल्कि तोड़ने में जुटी हुई है। अब मतदाता समझदार हो चुका है, वह ऐसे झूठे प्रचार में बार-बार नहीं आने वाला है। कांग्रेस सामाजिक न्याय की बात करते हुए भाजपा के साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को भी निशाने पर ले रही है, लेकिन कांग्रेस की इन कुचालों का भाजपा एवं आरएसएस करारा जबाव दे रहे हैं। गत दिवस ही संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कांग्रेस एवं उसके नेता राहुल गांधी को नसीहत देते हुए कहा- बंधुभाव ही असली धर्म है। यही बात डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर ने संविधान-प्रस्तुति के समय अपने भाषण में भी समझाई है। भागवत ने कहा- समाज आपसी सद्भावना के आधार पर काम करता है। इसलिए मतभेदों का सम्मान किया जाना चाहिए। प्रकृति भी हमें विविधता देती है। वे विविधता को जीवन का हिस्सा मानते हैं। उन्होंने कहा कि आपकी अपनी विशेषताएं हो सकती हैं, लेकिन आपको एक-दूसरे के प्रति अच्छा व्यवहार करना चाहिए। अगर आप जीना चाहते हैं, तो आपको एक साथ रहना चाहिए। लेकिन कांग्रेस वर्तमान में ही नहीं, बल्कि अतीत में भी विभाजनकारी नीति को बल देते हुए भारतीय इंसानों को बांटती रही है। गांधीजी ने आजादी के बाद ही यह बात समझ ली थी। इसीलिए गांधीजी ने कहा था कि कांग्रेस को खत्म कर देना चाहिए। लेकिन कांग्रेस गांधी के अनुसार तो खत्म नहीं हुई लेकिन देश में विभाजनकारी नीति के कारण जनता द्वारा नकारी जा रही है, खत्म होने के कगार पर पहुंच रही है। कांग्रेस भारत की 'सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय' की भावना को दबा रही है, सनातन परंपरा को दबा रही है। अनेक वर्षों तक दिल्ली पर राज करने वाली कांग्रेस सत्ता में वापस आने के लिए इतनी बेचैन है कि वो हर दिन नफरत, द्वेष एवं घृणा की राजनीति कर रही है। कांग्रेस सांप्रदायिकता और जातिवाद के विष को दिल्ली चुनाव में भी उडेल रही है। हिंदू समाज को तोड़ना और उसे अपनी जीत का फॉर्मूला बनाना ही कांग्रेस की राजनीति का आधार है और यही उसको रसातल में ले जा रहा है। कांग्रेस की जातिगत जणगणना की मांग भी उसकी विभाजनकारी नीति को ही दर्शाती है। मोदी सरकार जनगणना कराने की तैयारी कर रही है। सरकार के सामने समस्या केवल यह नहीं है कि जनगणना शीघ्र कराई जाए बल्कि मूल समस्या यह है कि कांग्रेस की जाति आधारित जनगणना की मांग का सामना कैसे किया जाए। विपक्षी दल और विशेष रूप से कांग्रेस जातिगत जनगणना पर जोर दे रही है, जो केवल संकीर्ण राजनीतिक स्वार्थों के इरादे से की जा रही है। जातिगत जनगणना का उद्देश्य समाज को चुनावी लाभ के लिए जातियों में गोलबंद करना और जातिगत आरक्षण को तूल देकर वोटबैंक की राजनीति को धार देना है। इसकी पुष्टि विपक्षी नेताओं और विशेष रूप से राहुल गांधी के ऐसे बयानों से होती है कि अमुक-अमुक जाति के लोगों को दबाया जा रहा है। यह और कुछ नहीं, समाज को जानबूझकर बांटने की घातक चेष्टा है। यह सही है कि भारतीय समाज जातियों में विभाजित रहा है, लेकिन अब जब यह विभाजन लगातार कम होता जा रहा है, तब जाति जनगणना कराकर जाति की राजनीति करने वालों को सामाजिक विभाजन का अवसर नहीं दिया जाना चाहिए। क्योंकि यह जातीय वैमनस्य को ही हवा देगा और इससे विभाजनकारी प्रवृत्तियों के सिर उठाने का ही खतरा है। जातिगत जनगणना बेहद जटिल होने के साथ विभाजनकारी भी है। यही कारण है कि 2011 में मनमोहन सरकार ने जाति जनगणना कराने के बाद भी उसके आंकड़े सार्वजनिक करना सही नहीं समझा था। क्योंकि कई ऐसी जातियां हैं, जिनकी एक राज्य में सामाजिक और आर्थिक हैसियत दूसरे राज्य से बिल्कुल भिन्न है। इतना ही नहीं, कहीं उनकी गिनती अनुसूचित जाति में होती है तो कहीं पिछड़ी जाति में। जाति जनगणना के पीछे यह तर्क दिया जाता है कि पिछड़ेपन का एकमात्र आधार जाति है। एक समय ऐसा था, लेकिन अब हालात बदल चुके हैं। आज शहरों में किसी को इससे मतलब नहीं कि कौन किस जाति का है। जाति जनगणना कराने का मतलब होगा देश को फिर से जातीय विभाजन की ओर ले जाना। इससे बचने में ही समझदारी है। कांग्रेस एवं विपक्षी दलों का मोदी और भाजपा के विरोध के अलावा कोई साझा उद्देश्य नहीं है, उलटे उनमें दलगत हितों और महत्वाकांक्षाओं का तल्ख टकराव है। दो लोकसभा चुनावों में हाशिये पर रहे विपक्षी दल तीसरे चुनाव के लिए एक साथ तो आए, पर मकसद पूरा न होने पर वापस अपनी-अपनी राह चलने को बेताब हैं। लोकसभा चुनाव में भी बंगाल, केरल और पंजाब में मित्र दल आपस में ही जोर आजमाइश कर रहे थे। अब दिल्ली में भी कांग्रेस और आप अलग-अलग ताल ठोंकते दिख रहे हैं। दिल्ली में कांग्रेस के तेवरों से साफ है कि मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने से रोकने में नाकामी के बाद उसने शायद अपने पुनरुत्थान के लिये दिल्ली के चुनाव को आधार बना लिया है। इसमें कोई बुराई नहीं, पर यह काम आसान नहीं। दशकों तक देश और प्रदेशों पर एकछत्र राज करने वाली कांग्रेस की दुर्दशा अचानक नहीं हुई। बेशक उसका ऐतिहासिक चुनावी पराभव 2014 में हुआ, लेकिन अपनी कमजोरियों-गलतियों एवं विभाजनकारी नीतियों से वह बहुत पहले से जर्जर होने लगी थी। कांग्रेस न केवल खुद को बल्कि इंडिया गठबंधन को भी जर्जर बना दिया है, गठबंधन का स्लोगन था, जुड़ेगा भारत, जीतेगा इंडिया, लेकिन देश को दिखाए गए उन सपनों का सच डेढ़ साल में सामने आ गया। तनातनी पहले भी दिखती रही, लेकिन दिल्ली विधानसभा चुनाव में बात आर-पार तक पहुंच गई। यह एक पुरानी कहावत है कि देश जैसी सरकार के योग्य होता है, वैसी ही सरकार उसे प्राप्त होती है।' दिल्ली में भी ऐसी ही सरकार बनेगी जो दिल्ली के हितों को प्राथमिकता दे, न कि विभाजन को। -ललित गर्ग

**संविधान के खतरे में होने के कांग्रेस के दुष्प्रचार का लाभ भले ही कुछ सीमा तक लोकसभा चुनाव मिला हो, लेकिन हर बार मतदाता ऐसे नारों एवं दुष्प्रचार में गुमराह नहीं होने वाला है। वैसे भी काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती। कांग्रेस इस बात को भी तूल दे रही है कि महात्मा गांधी के साथ डॉ. आंबेडकर का अपमान किया जा रहा है। ये ऐसी बातें हैं, जिनका कोई मूल्य-महत्व नहीं। यह सब अंधेरे में तीर चलाने जैसा है। यह असत्य एवं झूठ की राजनीति है। कांग्रेस भले ही सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने की बातें कर रही हो, लेकिन सच यह है कि वह सामाजिक विभाजन की खाई को चैड़ा करते हुए देश को जोड़ने नहीं, बल्कि तोड़ने में जुटी हुई है। अब मतदाता समझदार हो चुका है, वह ऐसे झूठे प्रचार में बार-बार नहीं आने वाला है। कांग्रेस सामाजिक न्याय की बात करते हुए भाजपा के साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को भी निशाने पर ले रही है, लेकिन कांग्रेस की इन कुचालों का भाजपा एवं आरएसएस करारा जबाव दे रहे हैं। गत दिवस ही संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कांग्रेस एवं उसके नेता राहुल गांधी को नसीहत देते हुए कहा- बंधुभाव ही असली धर्म है। यही बात डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर ने संविधान-प्रस्तुति के समय अपने भाषण में भी समझाई है। भागवत ने कहा- समाज आपसी सद्भावना के आधार पर काम करता है। इसलिए मतभेदों का सम्मान किया जाना चाहिए। प्रकृति भी हमें विविधता देती है। वे विविधता को जीवन का हिस्सा मानते हैं। उन्होंने कहा कि आपकी अपनी विशेषताएं हो सकती हैं, लेकिन आपको एक-दूसरे के प्रति अच्छा व्यवहार करना चाहिए। अगर आप जीना चाहते हैं, तो आपको एक साथ रहना चाहिए। लेकिन कांग्रेस वर्तमान में ही नहीं, बल्कि अतीत में भी विभाजनकारी नीति को बल देते हुए भारतीय इंसानों को बांटती रही है। गांधीजी ने आजादी के बाद ही यह बात समझ ली थी। इसीलिए गांधीजी ने कहा था कि कांग्रेस को खत्म कर देना चाहिए। लेकिन कांग्रेस गांधी के अनुसार तो खत्म नहीं हुई लेकिन देश में विभाजनकारी नीति के कारण जनता द्वारा नकारी जा रही है, खत्म होने के कगार पर पहुंच रही है। कांग्रेस भारत की 'सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय' की भावना को दबा रही है, सनातन परंपरा को दबा रही है।**

# नॉर्थ कोरिया ने फिर किया मिसाइल परीक्षण

**संजीव ठाकुर**

अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के दूसरी बार राष्ट्रपति पद की ताजपोषी के साथ-साथ डोनाल्ड ट्रंप द्वारा रूस यूक्रेन युद्ध के युद्ध विराम की धमकी भरी अपील ने रूस,चीन तथा नॉर्थ कोरिया को बेचौन कर दिया है। उल्लेखनीय की नॉर्थ कोरिया और साउथ कोरिया के आपस के कड़वे रिश्ते के बीच अमेरिका का साउथ कोरिया को लेकर काफी हस्तक्षेप है जिसे नॉर्थ कोरिया कई दशक से पसंद नहीं करता आया है ।संयुक्त राष्ट्र संघ और एमनेस्टी इंटरनेशनल की भूमिका बेमानी हो गई हैं। क्या मानवीय संवेदनाओं की आशाएं निर्मूल साबित हो रही हैं। वैश्विक शांति और अमन की कल्पनाओं से परे वैश्विक युद्ध की आशंका में उत्तर कोरिया ने भी अपना मोर्चा खोल दिया है उसने फिर एक मिसाइल का परीक्षण कर साउथ कोरिया अमेरिका तथा यूरोपीय देशों को सीधा-सीधा संदेश दिया है कि साउथ कोरिया और नॉर्थ कोरिया के संबंधों के बीच किसी देश के हस्तक्षेप को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उत्तर कोरिया की आधिकारिक न्यूज एजेंसी कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी के अनुसार दक्षिण कोरिया और उत्तर कोरिया के बीच अब तनाव बढ़ने लगा है। उत्तर कोरिया में दक्षिण कोरिया के सामरिक एवं महत्वपूर्ण ड्रोन का उत्तर कोरिया के हवाई क्षेत्र में सर्वे करने के दौरान उत्तर कोरिया ने इसे चिन्हित कर अपनी संप्रभुता की सीमाओं पर हमला करार किया है और स्पष्ट रूप से कह दिया है कि यदि दक्षिण कोरिया अपने ड्रोन इसी तरह उत्तर कोरिया की सीमा पर भेजेगा तो उत्तर कोरिया इसे अपने पर हमला मानेगा और इसका मुंह तोड़ जवाब देने के लिए उत्तर कोरिया तैयार है ।उत्तर कोरिया ने दक्षिण कोरिया पर बड़े हमले की चेतावनी भी दे डाली है। इन परिस्थितियों में विश्व में चल रहे रूस यूक्रेन युद्ध तथा इसराइल हमास लेबनान ईरान युद्ध के अलावा उत्तर कोरिया ने हमले की धमकी देकर एक नये युद्ध का मोर्चा खोल दिया हैस यह तो सर्व विदित है कि उत्तर कोरिया का तानाशाह किम जोंग-उन एक सनकी तानाशाह है और अमेरिका पर परमाणु युद्ध के हमले की गाहे-बगाहे धमकियां भी दिया करता हैस उत्तर कोरिया दक्षिण कोरिया की किसी भी हिमाकत पर उस पर हमला कर सकता हैस उधर रूस यूक्रेन युद्ध को 2 वर्ष पूरे हो चुके है कई प्रभावशाली प्रयासों के बाद भी युद्ध रुकने का नाम नहीं ले रहा है रूस के व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेन के व्लादिमीर जेलेन्स्की हास्य कलाकार होने के बावजूद यूक्रेन के लिए त्रासदी के नायक बन गए हैं। दोनों देशों में हजारों नागरिक एवं सैनिक मारे जा चुके हैं इसके अलावा अरबों डॉलर की संपत्ति का भारी नुकसान भी हुआ है । इसराइल हमास लेबनान तथा ईरान के मध्य युद्ध अपने पूरे शबाब पर हैस इजरायल के आतंकवादी समूह हिज्बुल्लाह के कमांडर याह्या सिंनवार को रॉकेट लांचर से मार देने के बाद इसके जवाब में लेबनान से इजरायल के सिरोसिया शहर में जहां इसराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू का आधिकारिक निवास है में लगभग 55 रॉकेट लांचर दागे थे इसराइल के प्रधानमंत्री और उनकी पत्नी सारा घर से बाहर होने के कारण पूरी तरह सुरक्षित हैं। ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामनेई ने अपने बयान में बताया की इस तरह के और हमले अभी जारी रहेंगे। पूरा विश्व इस समय विश्व युद्ध की कगार पर है और यदि उत्तर तथा दक्षिण कोरिया के मध्य युद्ध होता है तो निश्चित तौर पर अमेरिका साउथ कोरिया की तरफ से एवं रूस,चीन नॉर्थ कोरिया की तरफ से इस युद्ध में शामिल हो सकते हैं। पूरा विश्व दो भागों में बट गया है एक तरफ रूस,चीन, नॉर्थ कोरिया, पाकिस्तान तथा पश्चिम एशिया के देश होंगे तथा दूसरी तरफ अमेरिका, फ्रांस, ब्रिटेन, कनाडा, इजरायल तथा अन्य देश के युद्ध में शामिल होने की संभावना बलवती हो रही हैस भारत लगातार रूस-यूक्रेन, इसराइल-हमास युद्ध को रोकने के लिए प्रयासरत है और इस प्रयास के अंतर्गत भारत के प्रधानमंत्री ने रूस तथा यूक्रेन की आधिकारिक यात्राएं भी की है। परंतु दोनों देशों के राष्ट्रपतियों के अडियल रवैये के कारण शांति वार्ता संभव नहीं हो पाई, परंतु जैसा पुतिन ने अपने वक्तव्य में बताया की रूस यूक्रेन के साथ युद्ध विराम शांतिपूर्वक तरीके से करना चाहता है पर यूक्रेन इस वार्ता से पीछे हटकर अमेरिका तथा नाटो देशों के दम पर इनकार कर दिया हैस रूस यूक्रेन युद्ध से अमेरिका रूस का बड़ा विरोधी बनकर लगभग 15 साल पीछे जा चुका है एवं उसकी मुद्रा डॉलर की कीमत भी अब वैश्विक स्तर पर काम होते जा रही है।

## सेहत मंत्र

# प्याज सिर्फ स्वाद ही नहीं बढ़ाता सेहत के भी खूब काम आता है

प्याज के बिना भोजन का स्वाद अधूरा-अधूरा सा ही लगता है। फिर चाहे बात सब्जी बनाने की हो या फिर सलाद की। हर जगह प्याज का प्रयोग किया जाता है। वैसे तो प्याज आपके भोजन के स्वाद को बढ़ाता है, लेकिन वहीं दूसरी ओर यह सेहत के लिए भी उतना ही लाभकारी होता है। तो चलिए आज हम आपको प्याज खाने के कुछ बेहतरीन फायदों के बारे में बताते हैं- कैंसर से बचावः जो लोग नियमित रूप से प्याज का सेवन करते हैं, उन्हें कैंसर होने का खतरा काफी कम होता है। दरअसल, प्याज में सल्फाइड काफी मात्रा में पाया जाता है, जो ट्यूमर के विकास को रोकने में मदद करता है। इसके सेवन से पेट के कैंसर से लेकर ओवेरियन, ओरल, कोलोरेक्टल और लारेंजियल कैंसर से बचाव होता है। बेहतर है बालों के लिए : प्याज को बालों के लिए भी काफी अच्छा माना जाता है। इसमें मौजूद सल्फर बालों के विकास में सहायक होता है। अगर आप झड़ते बालों से परेशान हैं तो प्याज के रस को अपनी स्कैल्प पर करीबन दिन में दो बार लगाएं। यह बालों का झड़ना तो रोकता है ही, साथ ही बालों की ग्रोथ में भी मददगार होता है। हड्डियां बनाए मजबूतः जर्नल ऑफ़ एग्रीकल्चर एंड फूड कैमिस्ट्री द्वारा किए गए शोध में यह बात सामने आई कि प्याज ऊतकों के निर्माण और हड्डियों को मजबूत बनाने में मददगार है। ऐसा उनमें मौजूद चोंड्रोसाइट्स के कारण होता है। खासतौर से, जिन लोगों को ऑस्टियोपोरोसिस की समस्या है, उन्हें विशेष रूप से प्याज को अपने आहार में शामिल करना चाहिए। दिल को बनाए स्वस्थः प्याज आपके शरीर में रक्त के थक्के को जमने से रोकता है। यह एक ब्लड थिनर के रूप में काम करता है। यह दिल के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है। दरअसल, प्याज लाल रक्त कोशिकाओं को एक जगह इकट्ठा होने से रोकता है, इसके कारण रक्त की धमनियां ब्लॉक हो जाती हैं और आपको हृदय विकार होने की संभावना काफी हद तक बढ़ जाती है। लेकिन प्याज खाने से आपको ऐसी किसी भी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता।

## धर्म मंत्र

# प्रयागराज में आराम की मुद्रा में लेटे हनुमानजी का है भव्य मंदिर

प्रयागराज के एक प्राचीन मंदिर में बजरंग बली की एक अनोखी मुद्रा वाली प्रतिमा स्थापित है। इस मंदिर में हनुमान जी लेटे हुए हैं। वैसे भारत में विभिन्न स्थानों में कई और ऐसी प्रतिमायें हैं जिनमें हनुमान जी अनोखी मुद्राओं में स्थापित हैं। ऐसा ही एक मंदिर है इंदौर के उल्टे हनुमान इस मंदिर में जो प्रतिमा है उसमें उल्टे हनुमान हैं, वहीं रतनपुर के गिरिजाबंध हनुमान मंदिर में स्त्री रुप में हनुमान प्रतिमा मौजूद है। इन सबसे हट कर गुजरात के जामनगर में पवनपुत्र बालक रूप में बाल हनुमान मंदिर में स्थापित हैं, इस मंदिर का नाम अनोखे रिकॉर्ड से जुड़ा है जो 50 साल से ज्यादा यहां लगातार गूंज रही रामधुन के चलते बना है। ये रिकॉर्ड गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी दर्ज है। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में हनुमान जी की प्रतिमा वाला एक छोटा किन्तु प्राचीन मंदिर है। यह एकमात्र मंदिर है जिसमें हनुमान जी लेटी हुई मुद्रा में हैं। यहां पर स्थापित हनुमान जी की प्रतिमा 20 फीट लम्बी है। संगम किनारे बना ये एक अनूठा मन्दिर है, जहां हनुमानजी की लेटी हुई प्रतिमा को पूजा जाता है। ऐसी मान्यता है कि संगम का पूरा पुण्य हनुमान जी के इस दर्शन के बाद ही पूरा होता है। इस लेटे हुए हनुमान जी के मंदिर के विषय में कई प्रचलित कथायें प्राप्त होती हैं। एक के अनुसार एक बार एक व्यापारी हनुमान जी की भव्य मूर्ति लेकर जलमार्ग से चला आ रहा था। वह हनुमान जी का परम भक्त था। जब वह अपनी नाव लिए प्रयाग के समीप पहुंचा तो उसकी नाव धीरे-धीरे भारी होने लगी तथा संगम के नजदीक पहुंच कर यमुना जी के जल में डूब गई। कालान्तर में कुछ समय बाद जब यमुना जी के जल की धारा ने कुछ राह बदली, तो वह मूर्ति दिखाई पड़ी। उस समय मुसलमान शासक अकबर का शासन चल रहा था।

## पर्यटन



# नैसर्गिक सुंदरता की भूमि 'गंगटोक'

भारत और तिब्बत के बीच व्यापार मार्ग पर पड़ने वाला छोटा शहर गंगटोक अब काफी बदल चुका है, लेकिन फिर भी इसने अपनी नैसर्गिक सुंदरता को बरकरार रखा है और साथ ही शांत और सुरम्य वातावरण प्रदान करता है..वर्ष 1975 में सुंदर राज्य सिक्किम भारत का 22वां राज्य बना था। राज्य के उत्तर-पूर्व इलाके में पड़ने वाली सिक्किम की राजधानी गंगटोक तिब्बत के ल्हासा और ब्रिटिश भारत के कोलकाता जैसे प्रमुख शहरों के बीच के व्यापार मार्ग पर मुख्य ठहराव स्थल हुआ करता था। अब यह तिब्बती बौद्ध संस्कृति का प्रमुख केंद्र हो गया है। सिलीगुड़ी से पर्वत की चोटी पर स्थित गंगटोक शहर पहुंचने में ऊबड़-खाबड़ सड़कों के कारण लगभग चार घंटे का समय लगा, लेकिन विश्र्वास कीजिए यह परेशानी झेलने लायक है, जब आपको पता चलेगा कि शहर में देखने के लिए काफी कुछ है। यहां स्तूप और बौद्ध मठों में जाकर तिब्बती संस्कृति और आध्यात्मिकता को निकट से महसूस किया जा सकता है। वन्य जीवों में रुचि रखने वाले लोग हिमालयन जूलॉजिकल पार्क में जाकर काकड़ या बार्किंग डियर, हिमालयी भालू के अलावा दुर्लभ लाल पांडा की झलक पा सकते हैं। और हां, कंचनजंघा पर्वत की शानदार सुंदरता की प्रशंसा करना नहीं भूले। स्थानीय लोगों के पहनावे को भी आप नहीं भूल सकते। एमजी रोड पर घूमते हुए कोई भी यह महसूस कर सकता है कि यहां के लोगों के पहनने-ओढ़ने का तरीका मुंबई या दिल्ली के लोगों से बेहतर है। और अंततः शहर की शांतचित्तता पर्यटकों को खूब आकर्षित करती है। गंगटोक के लोकप्रिय बाजार एमजी रोड से हमने शहर घूमने की शुरुआत की। किसी और हिल स्टेशन में स्थित एमजी रोड या मॉल रोड की तरह यहां की एमजी रोड की पक्की सड़कों पर वाहन पूरी तरह प्रतिबंधित है और सड़कों के बीच में गमलों में लगे पौधों और इसके इर्द-गिर्द लगी बेंचों पर लोग बैठ सकते हैं और आराम कर सकते हैं, लेकिन सबसे अच्छा हमें यहां की सड़कें लगीं, जो कि काफी साफ-सुथरी थी, इसे भारत की सबसे साफ सड़क कहना गलत नहीं होगा। इसके बाद हनुमान टोक का भ्रमण किया जा सकता है। गंगटोक शहर से 11 किमी. की दूरी पर हनुमान टोक 7200 फीट की ऊंचाई पर है।





# तृषा की महिला अंडर-19 विश्व कप में पहली शतकीय पारी से भारत ने स्कॉटलैंड को 150 रन से रौंदा

एजेंसी



कुआलालंपुर। सलामी बल्लेबाज तृषा गोंगाडी ने अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप का पहला शतक जड़कर इतिहास के पन्नों में अपना नाम दर्ज कराया जिससे भारत ने मंगलवार को यहां स्कॉटलैंड को 150 रन से करारी शिकस्त दी।

सलामी बल्लेबाज तृषा ने 59 गेंद की नाबाद पारी में 13 चौके और चार छक्के की मदद से 110 रन की पारी खेली। उन्होंने पहले विकेट के लिए कमालिनि जी (42 गेंद में 51 रन) के साथ 147 रन की साझेदारी करने के बाद सानिका चालके (20 गेंद में नाबाद 29 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 61 रन की अटूट साझेदारी की। भारत ने ग्रुप एक के इस मैच में 20 ओवर में एक विकेट पर 208 रन बनाने के बाद स्कॉटलैंड को 14 ओवर में 58 रन पर आउट कर दिया। स्कॉटलैंड के लिए सलामी बल्लेबाज पिप्पा केली (12) और एम्मा वालसिंघम (12) शीर्ष स्कोरर रहीं। बायें हाथ की स्पिनर आयुषी शुक्ला (आठ रन पर चार विकेट) की अगुवाई में भारतीय गेंदबाजों ने स्कॉटलैंड को मैच में वापसी का कोई मौका नहीं दिया। वैष्णवी शर्मा ने पांच रन पर तीन विकेट लिये जबकि बल्ले से कमाल करने वाली तृषा ने छह रन देकर तीन बल्लेबाजों को चलता किया। ग्रुप के अन्य मैच में बांग्लादेश ने अपने अभियान का अंत सुपर सिक्स चरण में वेस्टइंडीज पर 10 विकेट की जीत के साथ किया। वेस्टइंडीज को छह विकेट पर 54 रन पर रोकने के बाद बांग्लादेश ने जुएरिया फिरदौस के नाबाद 25 रन की मदद से 13 ओवर में जीत दर्ज की। इस जीत से टीम ग्रुप एक में तीसरे स्थान पर रही। ग्रुप दो में बारिश के कारण दक्षिण अफ्रीका और अमेरिका का मैच शुरू हुए बिना रद्द हो गया। दक्षिण अफ्रीका की टीम पहले ही सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है। इस मैच से एक अंक मिलने के बाद अमेरिका ग्रुप तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गया।

# आईसीसी महिला क्रिकेटर ऑफ़ द ईयर 2024 चुनी गईं अमेलिया केर

एजेंसी




दुबई। न्यूजीलैंड की ऑलराउंडर अमेलिया केर ने मंगलवार (28 जनवरी) को आईसीसी महिला क्रिकेटर ऑफ़ द ईयर 2024 का प्रतिष्ठित खिताब जीतकर इतिहास रच दिया है। केर ने अपनी शानदार परफॉर्मेंस के चलते पहली बार राचेल हेहो-फ्लिंट ट्रॉफी जीती और ऐसा करने वाली न्यूजीलैंड की पहली महिला खिलाड़ी बन गईं। केर ने अक्टूबर 2024 में दुबई में हुए टी20 विश्व कप में न्यूजीलैंड को पहली बार खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल मुकाबले में ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए 43 रन बनाए और 3/24 का स्पेल फेंका। इस प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट दोनों पुरस्कारों से नवाजा गया। टी20 विश्व कप में, अमेलिया केर ने 6 मैचों में 15 विकेट लिए और 7.33 की शानदार औसत से गेंदबाजी की। साथ ही, बल्ले से 135 रन भी बनाए। पूरे साल टी20 प्रारूप में, उन्होंने 15.55 की औसत से 387 रन बनाए और 29 विकेट हासिल किए। 50 ओवर के प्रारूप में भी केर का प्रदर्शन शानदार रहा। उन्होंने 2024 में 33.00 की औसत से 264 रन बनाए और 14 विकेट अपने नाम किए। इनमें भारत और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार-चार विकेट लेने के शानदार स्पेल शामिल हैं। अमेलिया केर ने यह पुरस्कार जीतने के लिए दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोल्वार्ड्ट, श्रीलंका की चमारी अथापट्टू, और ऑस्ट्रेलिया की ऑलराउंडर एनाबेल सदरलैंड को पीछे छोड़ा। इसके अलावा, उन्होंने महिला टी20ई क्रिकेटर ऑफ द ईयर का खिताब भी अपने नाम किया। आईसीसी महिला क्रिकेटर ऑफ़ द ईयर के लिए राचेल हेहो फ़्लिंट ट्रॉफी जीतना मेरे लिए बहुत बड़ा सम्मान है। व्यक्तिगत पुरस्कारों के बारे में ज्यादा नहीं सोचते, लेकिन यह वाकई खास है। न्यूजीलैंड के लिए योगदान देना मेरे लिए गर्व की बात है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने सहयोगियों और सपोर्ट सिस्टम को देते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया। अमेलिया केर की यह उपलब्धि न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट के लिए एक बड़ी प्रेरणा है और यह दिखाती है कि कैसे उनकी मेहनत और कौशल ने टीम को नए मुकाम तक पहुंचाया।

## संक्षिप्त समाचार

### चीनी मूल की जेन्स असिंडे युगांडा की महिला बास्केटबॉल टीम में शामिल

**कंपाला।** चीनी मूल की बास्केटबॉल खिलाड़ी जेन्स असिंडे को 2025 एफआईबीए महिला एफ्रोबास्केट जोन 5 क्वालीफायर के लिए युगांडा की राष्ट्रीय महिला बास्केटबॉल टीम ''गेज़ेल्स'' में शामिल किया गया है। असिंडे, जो पिछले अक्टूबर में चीन के हेनान फीनिक्स टीम का हिस्सा बनी थीं, मिस्र के गीज़ा में 3 से 8 फरवरी के बीच आयोजित होने वाले क्वालीफायर में खेलेंगी। यह टूर्नामेंट महाद्वीपीय शोपीस में एकमात्र बर्थ के लिए मिस्र, केन्या, दक्षिण सूडान, तंजानिया और बुरुंडी के साथ प्रतिस्पर्धा करेगा। युगांडा के नए कोच निकोलस नटुहेरेज़ा ने असिंडे के अनुभव को टीम के लिए महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा, ''असिंडे जैसी अनुभवी खिलाड़ी का टीम में होना हमारे लिए बहुत फायदेमंद है। वह टीम की सफलता में अहम भूमिका निभा सकती हैं। 2025 महिला एफ्रोबास्केट का 29वां संस्करण अबिदजान, कोट डी आइवर में आयोजित किया जाएगा। इस टूर्नामेंट की शीर्ष चार टीमें 2026 एफआईबीए महिला बास्केटबॉल विश्व कप क्वालीफायर में जगह बनाएंगी। असिंडे के शामिल होने से युगांडा टीम की संभावनाएं मजबूत मानी जा रही हैं, क्योंकि उनका अंतरराष्ट्रीय अनुभव टीम को अतिरिक्त बढ़त प्रदान कर सकता है।

### जिमी बटलर को मियामी हीट ने फिर किया निलंबित

**मियामी।** मियामी हीट ने स्टार फॉरवर्ड जिमी बटलर को टीम नियमों के उल्लंघन और अनुशासनहीन आचरण के कारण बिना वेतन के अनिश्चित काल के लिए निलंबित कर दिया है। यह फैसला सोमवार (स्थानीय समयानुसार) को लिया गया, जब बटलर अभ्यास से बाहर चले गए। पिछले कुछ हफ्तों में यह तीसरी बार है जब बटलर को निलंबित किया गया है। उनका नवीनतम निलंबन कम से कम पांच खेलों तक जारी रहेगा, जो 6 फरवरी को एनबीए की व्यापार समय सीमा तक पहुंच सकता है। बटलर के इस निलंबन के तहत प्रति गेम ऋ32,737 का आर्थिक नुकसान होने की संभावना है। टीम ने अपने बयान में कहा, ''यह निलंबन टीम के नियमों की अवहेलना, हानिकारक आचरण और जानबूझकर सेवाएं रोकने के लगातार पैटर्न का परिणाम है। बटलर पहले ही पिछले 12 में से 9 खेलों में निलंबन के कारण हिस्सा नहीं ले पाए हैं। उनका पहला निलंबन सात खेलों के लिए था, जबकि दूसरा दो खेलों का था, जब वे टीम की उड़ान से चूक गए थे। इस बीच, बटलर ने टीम से व्यापार का अनुरोध किया है, और मियामी हीट ने कहा है कि वे उनके लिए उपयुक्त सौदा खोजने की कोशिश कर रहे हैं। कोच एरिक स्पोएलस्ट्रा ने कहा, ''हम सिर्फ अपने काम और मैजिक के खिलाफ तैयारी पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। वर्तमान में ही हमारी प्राथमिकता है। बटलर की अनुपस्थिति के बावजूद, मियामी हीट को अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए अगले कदम पर ध्यान केंद्रित करना होगा।

### एबी डिविलियर्स की चार साल बाद क्रिकेट में वापसी, डब्ल्यूसीएल में करेंगे साउथ अफ्रीका चैंपियंस की कप्तानी

**नई दिल्ली।** क्रिकेट प्रेमियों के लिए बड़ी खबर आई है। दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज क्रिकेटर एबी डिविलियर्स ने चार साल के लंबे अंतराल के बाद क्रिकेट में अपनी वापसी की घोषणा की है। डिविलियर्स वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स (डब्ल्यूसीएल) के दूसरे संस्करण में गेम चेंजर्स साउथ अफ्रीका चैंपियंस टीम की कप्तानी करेंगे। यह टी20 टूर्नामेंट सेवानिवृत्त और गैर-अनुबंधित क्रिकेट दिग्गजों को एक साथ लाकर प्रशंसकों को पुरानी यादों और रोमांच का अनुभव कराने का वादा करता है। डिविलियर्स का बयान डब्ल्यूसीएल द्वारा जारी एक आधिकारिक बयान में एबी डिविलियर्स ने कहा, चार साल पहले, मैंने क्रिकेट से संन्यास लिया क्योंकि खेलने की मेरी इच्छा खत्म हो गई थी। लेकिन मेरे छोटे बेटों के साथ बगीचे में क्रिकेट खेलते-खेलते मेरे अंदर की लौ फिर से जल उठी। अब मैं जिम और नेट्स पर वापसी कर रहा हूं और जुलाई में डब्ल्यूसीएल के लिए तैयार हो जाऊंगा। डिविलियर्स की निडर बल्लेबाजी और बेजोड़ बहुमुखी प्रतिभा ने हमेशा प्रशंसकों का दिल जीता है। उनकी वापसी की खबर से क्रिकेट जगत में नई ऊर्ज़ा भर गई है। डिविलियर्स साउथ अफ्रीका चैंपियंस का नेतृत्व करेंगे, जो पहले सीजन में जैक्स कैलिस, हर्शल गिब्स, डेल स्टेन, और इमरान ताहिर जैसे दिग्गजों से सजी हुई थी। टीम के सह-मालिक और गेम चेंजर्स के संस्थापक अमनदीप सिंह ने कहा, हम डब्ल्यूसीएल में प्रतिस्पर्धा करने और अपने महान खिलाड़ियों की प्रतिभा प्रदर्शित करने को लेकर गर्व महसूस कर रहे हैं। डिविलियर्स की वापसी हमारी टीम के लिए बड़ी उपलब्धि है, और उनके नेतृत्व में हम नई ऊंचाइयों पर पहुंचेंगे। सह-मालिक हैरी सिंह ने कहा, एबी डिविलियर्स सिर्फ एक खिलाड़ी नहीं हैं, बल्कि एक प्रेरणा हैं। उनकी वापसी खेल के प्रति उनके प्रेम और समर्पण को दर्शाती है। यह लीग और हमारी टीम के लिए ऐतिहासिक क्षण है। वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स का उद्देश्य क्रिकेट जगत के दिग्गज खिलाड़ियों को एक बार फिर मैदान पर देखने का मौका देना है। लीग के संस्थापक और सीईओ हर्षित तोमर ने कहा, ''हमने डब्ल्यूसीएल की शुरुआत उन दिग्गजों को वापस लाने के लिए की, जिन्हें हम बहुत याद करते हैं। एबी डिविलियर्स की वापसी से हमें गर्व है, और मुझे यकीन है कि दुनियाभर के क्रिकेट प्रशंसक इस खबर से खुश होंगे। डिविलियर्स को क्रिकेट इतिहास के सबसे प्रतिभाशाली और इनोवेटिव खिलाड़ियों में गिना जाता है। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के लिए 114 टेस्ट, 228 वनडे, और 78 टी20 अंतरराष्ट्रीय खेले हैं। उनकी बल्लेबाजी का आक्रामक अंदाज और मैदान पर उनकी बहुमुखी प्रतिभा उन्हें खास बनाती है।

### कोहली रणजी ट्रॉफी में वापसी से पहले ट्रेनिंग के लिए दिल्ली के साथ जुड़े

नयी दिल्ली। स्टार भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली ने 12 साल बाद रणजी ट्रॉफी में वापसी से पूर्व मंगलवार को यहां दिल्ली टीम के साथ ट्रेनिंग शुरू की। पिछले कुछ समय से खराब फॉर्म से जूझ रहे 36 वर्षीय कोहली 30 जनवरी से रेलवे के खिलाफ रणजी ट्रॉफी मैच खेलेंगे जिससे इस प्रमुख घरेलू प्रतियोगिता में उनकी वापसी होगी। उन्होंने अपना पिछला रणजी मुकाबला 2012 में गाजियाबाद में उत्तर प्रदेश के खिलाफ खेला था। कोहली आज सुबह ठीक नौ बजे अरुण जेटली स्टेडियम पहुंचे और टीम से मिलने तथा 'वार्म अप' के बाद उन्होंने टीम के साथियों के साथ करीब 15 मिनट तक फुटबॉल खेला। यह स्टार खिलाड़ी अपने नए साथियों के साथ सहज दिखा। दिल्ली के लगभग सभी खिलाड़ी पहली बार कोहली के साथ ड्रेसिंग रूम साझा कर रहे हैं और उन्हें अपने बीच पाकर काफी उत्साहित दिखे। अभ्यास ड्रिल दिल्ली के मुख्य कोच सरनदीप सिंह के मार्गदर्शन में हुई। हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के निराशाजनक टेस्ट दौरे के बाद एकदिवसीय और टेस्ट टीम के कप्तान रोहित शर्मा सहित भारत के सभी स्टार खिलाड़ी अपनी रणजी टीमों के लिए खेल रहे हैं। ऐसा भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के इस आदेश के कारण हुआ है कि खिलाड़ियों को अपने अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम से समय मिलने पर घरेलू क्रिकेट को प्राथमिकता देनी चाहिए।

# श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट में पारी की शुरुआत करेंगे ट्रेविस हेड

एजेंसी




नई दिल्ली, 28 जनवरी (हि.स.)। ऑस्ट्रेलिया ने गाले में श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए उस्मान ख्वाजा के सलामी जोड़ीदार के रूप में ट्रेविस हेड को चुना है। ख्वाजा के साथ पहले नाथन मैकस्वीनी और बाद में सैम कोंस्टास ने भारत के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज में जोड़ी बनाई थी। लेकिन अब उपमहाद्वीप दौरे के लिए, वे उस फॉर्मूले पर वापस जा रहे हैं जो 2023 में भारत दौरे के दौरान कारगर साबित हुआ था और टेस्ट क्रिकेट में अपने बल्लेबाजी क्रम के साथ लचीलापन रखने के बारे में उन्होंने जो विचार रखा था, उसे और आगे बढ़ा रहे हैं। मैच से एक दिन पहले स्टीव स्मिथ ने एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा, ''उन्होंने (हेड) भारत में नई गेंद के खिलाफ वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने स्पिनरों पर तुरंत दबाव डाला और हम जानते हैं कि अगर वे ऐसा करते हैं तो वे सीम को कितनी अच्छी तरह हिट करते हैं। उन्हें देखना मजेदार होगा। स्मिथ ने हालांकि अंतिम एकादश का नाम बताने से मना कर दिया, उन्होंने इंतज़ार करने और परिस्थितियों को देखने को प्राथमिकता दी। उन्होंने कहा, ''हम इंतज़ार करेंगे और देखेंगे कि हमें क्या मिलता है, शायद खेल की सुबह, और फिर वहाँ से आगे बढ़ेंगे। लेकिन चीजें बहुत जल्दी बदल सकती हैं, दुनिया के इस हिस्से में, सूरज बहुत ज़्यादा नहीं निकला है। इसलिए हम विकेट पर एक बार फिर नज़र डालेंगे, और फिर वहाँ से, हम टॉस के समय टीम का नाम तय करेंगे। इसका मतलब यह हो सकता है कि ऑस्ट्रेलिया 19 वर्षीय कोंस्टास को बाहर रखने पर विचार कर सकता है, जिसने अपने करियर की शुरुआत में ही अपनी छाप छोड़ी थी। स्मिथ ने अभी भी उन्हें टीम में रखने के सकारात्मक पहलुओं को देखा। उन्होंने कहा, ''अगर वह नहीं खेलता है तो उसे यहाँ बहुत अभ्यास करना होगा, जो अपने आप में विकास के लिए बहुत बढ़िया है। आप जानते हैं, मुझे केवल 2013 के बारे में सोचना है, जब मैंने पहले कुछ टेस्ट नहीं खेले थे, और नेट पर मैंने जितनी गेंदें खेली थीं, और नेट गेंदबाजों का सामना करने से मैंने जो कौशल विकसित किए थे और इस तरह की चीजें। इसलिए चाहे वह खेले या नहीं, मुझे लगता है कि यह उसके लिए एक शानदार अनुभव होने वाला है। वह बहुत कुछ सीखने वाला है। इसके अलावा, स्मिथ ने पुष्टि की कि वह बिग बैश लीग में खेलते समय लगी कोहनी की चोट से अच्छी तरह से उबर चुके हैं, जिसने दौरे से पहले चिंता पैदा कर दी थी। उन्होंने कहा, ''सौभाग्य से यह मुख्य रूप से मांसपेशियों की चोट थी, यह बहुत जल्दी ठीक हो गई। मैं वास्तव में बिना टेप के बल्लेबाजी कर रहा हूं। इसी तरह, शिविर में दूसरी चोट की चिंता बाएं हाथ के स्पिनर मैथ्यू कुहनेमैन की थी, जो अब फिट हो गए हैं। स्मिथ ने कहा, ''जाहिर है कि सर्जन ने उनके लिए बहुत बढ़िया काम किया है, ताकि वह फील्डिंग कर सकें और पिछले कुछ दिनों में वह जो कुछ भी कर पाए हैं, वह कर सकें, हम थोड़े हैरान हैं। या तो वह एक बेहतरीन अभिनेता हैं या फिर उनमें दर्द सहने की अद्भुत क्षमता है। वह सभी तरह से ठीक हैं। वह खेलने के लिए तैयार हैं।''

### बैंकॉक में सुपर फाइटर सीरीज में चुनौती पेश करेंगे तीन भारतीय पेशेवर मुक्केबाज

बेंगलुरू। तमिलनाडु के पेशेवर मुक्केबाज साबरी जयशंकर सात फरवरी को बैंकॉक में होने वाली अंतरराष्ट्रीय पेशेवर मुक्केबाजी स्पर्धा सुपर फाइटर सीरीज में हिस्सा लेंगे जहां मिजोरम से दो अन्य भारतीय मुक्केबाज लालडिनसांगा और वनलालवम्पुइया भी चुनौती पेश करेंगे। 'क्राउन बॉक्सिंग प्रमोशन्स' और 'ग्रासरूट बॉक्सिंग प्रमोशन्स' द्वारा आयोजित इन मुकाबलों में तीन भारतीयों के अलावा अमेरिका, फ्रांस, बेलारूस, यूक्रेन और थाईलैंड के अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाज भी हिस्सा लेंगे। भारतीय दावेदार जयशंकर थाईलैंड के अनुभवी पेशेवर रत्ताकोर्न टेसावॉर्न के साथ मुकाबला करेंगे। तमिलनाडु का यह मुक्केबाज मौजूदा डब्ल्यूबीसी मिडिल ईस्ट और डब्ल्यूबीसी ऑस्ट्रेलेशिया चैंपियन हैं। डब्ल्यूबीसी युवा विश्व चैंपियन और पेशेवर मुक्केबाजी में उभरते सितारे लालडिनसांगा का सामना थाईलैंड के सरावुत जियामथोंग से होगा।

# बिहार शुरू करेगा ग्रामीण क्रिकेट लीग जमीनी प्रतिभाओं को मिलेगा बड़ा मंच

एजेंसी

पटना। बिहार क्रिकेट संघ (बीसीए) ने एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए बिहार ग्रामीण लीग (बीआरएल) की शुरुआत करने का ऐलान किया है। बीसीए के अध्यक्ष राकेश तिवारी के नेतृत्व में यह लीग उन प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को मंच प्रदान करेगी, जिन्हें अब तक जिला या राज्य स्तरीय टूर्नामेंट में अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका नहीं मिला है। इस पहल के साथ ही, बिहार ग्रामीण क्रिकेट लीग आयोजित करने वाला देश का पहला राज्य बन जाएगा। बीसीए का उद्देश्य गांवों, स्कूलों, कॉलेजों और ब्लॉक स्तर पर छिपी हुई क्रिकेट प्रतिभाओं की पहचान करना और उन्हें राज्य की मुख्यधारा में लाना है। इस लीग में 13 से 23 वर्ष की आयु के खिलाड़ी हिस्सा ले सकेंगे। चयनित खिलाड़ियों को भविष्य में बिहार का प्रतिनिधित्व करने के लिए बड़े मंच प्रदान किए जाएंगे। बीसीए अध्यक्ष राकेश तिवारी ने कहा, बिहार ग्रामीण लीग (बीआरएल) हमारी एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसके तहत हम उन खिलाड़ियों की खोज करेंगे, जिन्हें अब तक अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर नहीं मिला। हमारा लक्ष्य है कि ग्रामीण क्षेत्रों की छिपी हुई प्रतिभाओं को पहचान कर उन्हें तराशा जाए और क्रिकेट की मुख्यधारा में लाया जाए। लीग की शुरुआत सभी जिलों में टैलेंट हंट कार्यक्रमों के आयोजन से होगी। इन कार्यक्रमों के माध्यम से खिलाड़ियों का चयन कर 16 टीमें बनाई जाएंगी, जो जिला स्तरीय टूर्नामेंट में भाग लेंगी। इस टूर्नामेंट का आयोजन नॉकआउट प्रारूप में होगा। प्रत्येक जिले में कुल 15 मैच खेले जाएंगे, जिसमें 8 लीग मैच, 4 क्वार्टर फाइनल, 2 सेमीफाइनल और 1 फाइनल शामिल होगा। सभी जिलों को मिलाकर कुल 570 मैच खेले जाएंगे। जिला फाइनल में सेलिब्रिटी, स्टार क्रिकेटर और ब्रांड एंबेसडर भी शामिल होंगे। जिला स्तरीय टूर्नामेंट के बाद बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी बिहार ग्रामीण लीग सुपर लीग में भाग लेंगे। सुपर लीग में कुल 38 टीमें भाग लेंगी, जिन्हें 8 समूहों में विभाजित किया जाएगा। लीग-कम-नॉकआउट प्रारूप के तहत हर समूह में मैच खेले जाएंगे। 5 टीमों वाले समूह में 10 लीग मैच होंगे। 4 टीमों वाले समूह में 6 लीग मैच होंगे। प्रत्येक समूह की विजेता टीम नॉकआउट चरण के लिए क्वालीफाई करेगी। इसके बाद 4 क्वार्टर फाइनल, 2 सेमीफाइनल और एक ग्रैंड फाइनल का आयोजन होगा। सुपर लीग में कुल 79 मैच खेले जाएंगे। बिहार ग्रामीण लीग और सुपर लीग के कुल मिलाकर 649 मैच खेले जाएंगे। इस लीग में करीब 10,000 खिलाड़ी भाग लेंगे, जिससे यह राज्य के क्रिकेट इतिहास का सबसे बड़ा आयोजन बन जाएगा। बिहार ग्रामीण लीग न केवल प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को मौका देगी, बल्कि राज्य में क्रिकेट को एक नई दिशा और पहचान भी देगी।

# पेटीएम पेमेंट्स के सीईओ नकुल जैन ने इस्तीफा दिया






एजेंसी

नई दिल्ली। पेटीएम पेमेंट सर्विसेज लिमिटेड (पीपीएसएल) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नकुल जैन ने इस्तीफा दे दिया है। नकुल जैन ने अपने खुद के कारोबारी सफर की शुरुआत करने के लिए अपना पद छोड़ा है। पेटीएम ने अपनी रेगुलेटरी फाइलिंग में कहा कि पीपीएसएल के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी नकुल जैन ने 31 मार्च, 2025 को कारोबारी समय समाप्त होने या आपसी सहमति से पहले की तारीख से अपने पद से इस्तीफा दिया है। जैन ने एक उद्यमी यात्रा को आगे बढ़ाने का फैसला किया है, जिसके कारण उन्होंने यह निर्णय लिया है। बयान में यह भी कहा गया है कि हम उनके योग्य विकल्प की तलाश कर रहे हैं। पेटीएम ने कहा कि कंपनी नए नाम की घोषणा जल्द ही करेंगी। पेटीएम को अगस्त, 2024 में पीपीएसएल में डाउनस्ट्रीम निवेश के लिए सरकार से मंजूरी मिली थी। इसके बाद कंपनी ने पीए लाइसेंस के लिए फिर से रिजर्व बैंक के समक्ष आवेदन किया है। नोएडा मुख्यालय स्थित पेटीएम पेमेंट्स सर्विसेज लिमिटेड (पीपीएसएल) एक प्रौद्योगिकी कंपनी है, जो पूर्ण-स्टैक भुगतान और वित्तीय समाधान प्रदान करती है।

# टीवीएस मोटर का दिसंबर तिमाही में शुद्ध लाभ 20 प्रतिशत बढ़कर 609.35 करोड़ रुपये पर

नयी दिल्ली। टीवीएस मोटर कंपनी ने चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 609.35 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ अर्जित किया है जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही से 20 प्रतिशत अधिक है। दोपहिया एवं तिपहिया बनाने वाली प्रमुख कंपनी ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि दिसंबर तिमाही में बिक्री बढ़ने से उसका एकीकृत लाभ 20 प्रतिशत बढ़कर 609.35 करोड़ रुपये हो गया। एक साल पहले की समान अवधि में यह 509.61 करोड़ रुपये था। आलोच्य तिमाही में कंपनी की एकीकृत परिचालन आय 11,134.63 करोड़ रुपये रही, जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 10,113.94 करोड़ रुपये थी। अक्टूबर-दिसंबर, 2024 तिमाही में कंपनी का कुल खर्च बढ़कर 10,272.62 करोड़ रुपये हो गया जो एक साल पहले इसी अवधि में 9,362.83 करोड़ रुपये था। टीवीएस मोटर कंपनी ने कहा कि बीती तिमाही में दोपहिया एवं तिपहिया वाहनों के निर्यात समेत उसकी कुल बिक्री 10 प्रतिशत बढ़कर 12.12 लाख इकाई हो गई, जो एक साल पहले की समान तिमाही में 11.01 लाख इकाई थी। मोटरसाइकिल की बिक्री सालाना आधार पर छह प्रतिशत बढ़कर 5.56 लाख इकाई हो गई जबकि स्कूटर की बिक्री 22 प्रतिशत बढ़कर 4.93 लाख इकाई रही। समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी ने 29,000 तिपहिया वाहनों की भी बिक्री की जो सालभर पहले 38,000 इकाई थी। कंपनी ने दिसंबर तिमाही में 76,000 इलेक्ट्रिक स्कूटरो बेचे, जो दिसंबर, 2023 को समाप्त तिमाही के 48,000 इकाई के आंकड़े से 57 प्रतिशत अधिक है।

# सर्राफा बाजार में गिरावट जारी, सोना और चांदी की घटी कीमत

एजेंसी



नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार आज लगातार तीसरे दिन गिरावट नजर आ रही है। कीमत में गिरावट आने के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 82,240 रुपये से लेकर 82,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 75,390 रुपये से लेकर 75,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी आज 1,000 रुपये प्रति 10 ग्राम की कमजोरी आई है, जिसके कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में ये चमकीली धातु आज 96,400 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 82,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 75,540 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 82,240 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 75,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 82,290 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 75,440 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 82,240 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 75,390 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 82,240 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 75,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 82,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 75,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# जहां रूमाल रखो, वहीं वक्फ की संपत्ति, यह सिलसिला बंद होगा: योगी

## दिल्ली के चुनावी जनसभाओं में गरजे उत्तर प्रदेश के मुखिया, बोले–'भाईजान' के सामने आने वाला संकट कांग्रेस व आम आदमी पार्टी की परेशानी

एजेंसी

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को फिर दिल्ली की चुनावी जनसभाओं में पहुंचे। यहां उन्होंने मंगोलपुरी से भाजपा ने राजकुमार चौहान, विकासपुरी से डॉ. पंकज कुमार सिंह, तिलकनगर से श्वेता सैनी व राजेंद्र नगर से उमंग बजाज को जिताने की अपील की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आम आदमी पार्टी, अरविंद केजरीवाल व कांग्रेस को निशाने पर रखा। सीएम ने कहा कि 22 जनवरी को हमारी सरकार ने प्रयागराज की त्रिवेणी में डुबकी-आचमन किया था। केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा कि यदि 'आप' में नैतिक साहस है तो अपने मंत्रियों को लेकर यमुना जी में डुबकी लगाते। सीएम ने गुरु गोविंद सिंह-उनके साहिबजादों, डॉ. आंबेडकर को भी याद किया। सीएम के समक्ष पूर्व विधायक तेजेन्द्र गर्ग ने भाजपा जॉइन की।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आम आदमी पार्टी व कांग्रेस पर हमला किया। बोले कि आम आदमी पार्टी वक्फ बोर्ड का नया परिवर्तित रूप है। यह वक्फ माफिया को प्रश्रय देने वाले लोग हैं। भाजपा ने कहा था कि वक्फ माफिया पर शिकंजा कसेंगे।सरकारी जमीन गरीबों के आवास, पट्टा वितरण, विद्यालय, हॉस्पिटल, उद्योग निर्माण के लिए होगी। जहां रूमाल रखो, वहीं वक्फ की संपत्ति हो गई, यह सिलसिला बंद होगा। आप और कांग्रेस को अवैध जमीन माफिया के रूप में 'भाईजान' को कब्जा कराने की प्रवृत्ति पर लगने वाले अंकुश से चिंता हो गई है। 'भाईजान' के सामने आने वाला संकट इनकी परेशानी है। इन्होंने टैंकर, सड़क, वक्फ, पटरी, भूमाफिया को पनपाकर राजनीतिक उल्लू को सीधा किया है। सीएम ने कहा कि दिल्ली में यूपी सरकार की सिंचाई विभाग की हजारों एकड़ लैंड है। ओखला का विधायक इस पर बांग्लादेशी घुसपैठियों को कब्जा करा रहा था। हमने अनुरोध किया कि ऐसा न करो, लेकिन जब नहीं माने तो यूपीपीएसी व बुलडोजर भेजकर अपनी जमीन छुड़वाई। यूपी सरकार दिल्ली में विकास के लिए जमीन देगी, लेकिन बांग्लादेशी घुसपैठियों व वक्फ माफिया के नाम पर कब्जा करने के लिए एक इंच जमीन नहीं देगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रयागराज में सफलतम महाकुम्भ हो रहा है। आज ढाई करोड़ से अधिक और 16 दिन में अब तक लगभग 18 करोड़ श्रद्धालुओं ने संगम स्नान कर लिया। 2024 का जनवरी भव्य-नव्य अयोध्या व 2025 जनवरी दिव्य-भव्य



महाकुम्भ के लिए जानी जा रही है। यूपी में जब डबल इंजन की भाजपा सरकार आई तो 500 वर्षों का बैरियर समाप्त हुआ। 22 जनवरी 2024 को पीएम मोदी के करकमलों से अयोध्या में रामलला की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा हुई। आप और कांग्रेस हिंदुओं की आस्था से जुड़े मुद्दों पर नकारात्मक टिप्पणी करती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक तरफ भारत आगे बढ़ रहा है। देश की विकास दर दुनिया में सर्वाधिक है तो दूसरी तरफ दिल्ली में 10 वर्ष से चल रही राज्य सरकार अराजकता का पर्याय बनी है। आम आदमी पार्टी भ्रष्टाचार की अपराधी बनकर कटघरे में खड़ी है। यह लोग आखिर किस नैतिकता से वोट मांग रहे हैं। 2013 में अन्ना हजारे के नेतृत्व में दिल्ली में जनलोकपाल के लिए लंबा आंदोलन चल रहा था, लेकिन आम आदमी पार्टी की सरकार बनने के बाद भी जनलोकपाल व सिटिजन चार्टर के मुद्दे को किनारे कर दिया। इस पार्टी ने जो भी कहा, कभी करके नहीं दिखाया। जो व्यक्ति अपने गुरु अन्ना हजारों को धोखा दे सकता है। जिसकी कैबिनेट के लोग जेलों की सलाखों में बंद चुके हों। जो पार्टी अपराध व भ्रष्टाचार के दलदल में धंसी हो, उस पर विश्वास न करें। दिल्ली की सड़कें खराब हैं। सीवर सड़कों पर बह रहा है। पेयजल के लिए टैंकर का सहारा लेना पड़ता है। सप्ताह में एक या दो दिन टैंकर आता है। गाजियाबाद से दिल्ली आते समय पावन यमुना जी से सीवर जैसी बदबू आ रही थी। दिल्ली सरकार के पाप का भुक्तभोगी आगरा, मथुरा व वृंदावन वासियों व श्रद्धालुओं को होना पड़ रहा है। आप ने दिल्ली की स्थिति नारकीय बना दी है।

सीएम ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने दिल्लीवासियों को बुनियादी सुविधाओं से वंचित करके रखा। यहां बिजली, पेयजल, सीवर, अच्छे स्वास्थ्य-शिक्षा केंद्र व रोजगार की व्यवस्था भी नहीं है, बल्कि हर काम में डकैती पड़ती है। आप और इसके नेताओं ने बीओसी बोर्ड के श्रमिकों के सेस के पैसे का बंदरबांट किया है। सैकड़ों करोड़ का यह बंदरबांट का पैसा श्रमिक हित में लगा होता तो श्रमिक व उसका परिवार बदहाल नहीं होता। यह पैसा आप के लोगों को बांटा गया। सीएम ने यूपी में अटल आवासीय विद्यालय का उदाहरण प्रस्तुत किया। बोले कि यहां श्रमिकों के बच्चे भी विश्व स्तरीय आधुनिक शिक्षा जैसे केंद्रों में अध्ययन कर रहे हैं। पीएम मोदी के मार्गदर्शन में हर कमिश्नरी में यह मॉडल उपलब्ध कराया गया है। आम आदमी पार्टी को यूपी में आकर यह मॉडल देखना चाहिए। दिल्ली में भी यदि ऐसा करेंगे तो लाखों श्रमिक लाभ उठाएंगे। सीएम ने कहा कि आप ने अपने नेताओं-विधायकों को आधार बनाने की मशीन वितरित की, जिससे इन लोगों ने बांग्लादेशी घुसपैठियों व रोहिंग्याओं के आधार कार्ड बनाने का पाप किया। ओखला में औद्योगिक निवेश की बजाय बांग्लादेशी घुसपैठियों को बसाकर इन्होंने दिल्लीवासियों के हकों पर कुठाराघात किया है। आप दिल्ली के हक, सुरक्षा, नौजवानों के अधिकारों, बहन-बेटियों की सुरक्षा में सेंध लगाने वाली पार्टी है। यह भ्रष्टाचार की जननी, अव्यवस्था-अराजकता का कारण है। सीएम ने यूपी के विकास और योजनाओं को गिनाया, फिर अपील की कि दिल्ली और इससे सटे यूपी के नोएडा-गाजियाबाद की तुलना करें, हकीकत पता चल जाएगी। लोग दिल्ली से नोएडा व गाजियाबाद की तरफ से बसने आ रहे हैं। सीएम ने केजरीवाल को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि पश्चाताप स्वरूप पांच फरवरी से पहले गाजियाबाद व नोएडा का इंफ्रास्ट्रक्चर जाकर देखिए, क्योंकि 8 फ़रवरी को आप दिल्ली से विदा हो जाएगी। आम आदमी पार्टी चुनाव में झूठे नारे व वादे करेगी। मेट्रो, पहली रैपिड रेल संचालन, दिल्ली मेरठ-12 लेन एक्सप्रेसवे, ईस्टर्न-वेस्टर्न पेरिफ़ेरल एक्सप्रेसवे निर्माण आदि में यूपी सरकार ने केंद्र के साथ मिलकर कार्य किया, लेकिन दिल्ली सरकार ने योगदान नहीं दिया। सीएम ने कहा कि यह व्यक्ति झाड़ू लेकर 10-11 वर्ष से दिल्लीवालों को बेवकूफ बना रहा है। जिस भी सड़क पर जाओ, कूड़े का ढेर है। जिस पार्टी व व्यक्ति ने 10 वर्ष से पानी के लिए तड़पाया है, उसे वोट से तरसा दीजिए। झाड़ू गंदगी व दुर्वयवस्था का पर्याय हो गया है। इन लोगों ने सफाईकर्मियों का भी शोषण किया है। आप का चुनाव चिह्न जब्त करना चाहिए। जिस दिल्ली का नेतृत्व कभी सुषमा स्वराज, साहिब सिंह वर्मा व मदनलाल खुराना ने किया हो, उस दिल्ली की दुर्गति आज किसी से छिपी नहीं है। आप सरकार ने शराब, भूमि घोटाला, भ्रष्टाचार के कीर्तिमान स्थापित किए।

# देश का खजाना चंद अरबपतियों पर लुटाया जा रहा: केजरीवाल

एजेंसी



नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने केंद्र सरकार पर देश का खजाना चंद अरबपति दोस्तों पर लुटाने का आरोप लगाया है।

श्री केजरीवाल ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन कर कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अहम मुद्दे पर आज एक चिट्ठी लिखी है, जिसमें उन्होंने बताया है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जो केंद्र सरकार है, वह देश के चंद अरबपति दोस्तों पर सारा खजाना लुटा रही है। उन्होंने कहा कि पहले अपने अरबपति दोस्तों को कर्ज देते हैं, फिर माफ कर देते हैं। अभी तक करीब 500 अरबपति दोस्तों के 10 लाख करोड़ कर्ज माफ कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को कर्ज माफ करना है तो मध्यम वर्ग और किसान का माफ करे। मध्यम वर्ग साल में 12 लाख रुपये कमाता है और उसकी आधी कमाई अलग अलग प्रकार के टैक्स भरने में चला जाता है और बदले में उसे कुछ नहीं मिलता है। उन्होंने किसी भी अरबपति के कर्ज को माफ ना करने की माँग की है। उन्होंने कहा, ‟मैंने हिसाब लगाया है, अगर अमीरों का लोन माफ न किया जाए तो टैक्स की दरें आधी हो जाएंगी। जीएसटी आधी हो सकती है और खाने के समान पर लगने वाली जीएसटी को भी माफ किया जा सकता है।

## उत्तराखंड की भांति अन्य राज्यों में शीघ्र लागू हो समान नागरिक कानून : गोयल

नयी दिल्ली। यूनाइटेड हिंदू फ्रंट ने उत्तराखंड में समान नागरिक कानून (यूसीसी) लागू होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते शीघ्र ही इसे देश के अन्य राज्यों में लागू करने की अपील की है।

फ्रंट के अंतरराष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष जय भगवान गोयल ने मंगलवार को यहां कहा कि यूसीसी लागू करने वाला उत्तराखंड स्वतंत्र भारत का पहला राज्य बना है। उन्होंने कहा कि देश को संविधान से चलने की दुहाई देने वाले सभी विपक्षी दलों को एक स्वर में यूसीसी का समर्थन करना चाहिए तथा इसे पूरे देश में लागू करने की वकालत करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि देश संविधान से चलेगा न कि शरिया कानून से, इसके लिए पूरे देश में एक यूसीसी की आवश्यक है। उन्होंने कहा कि देश का 100 करोड़ से ज्यादा हिंदू लंबे अरसे से देश में यूसीसी की मांग करता रहा है। श्री गोयल ने कहा कि गोवा एकमात्र ऐसा राज्य है, जहां 1867 से समान नागरिक कानून लागू है। गोवा में यूसीसी रहते हुए कभी कोई सांप्रदायिक उपद्रव अथवा अप्रिय घटना नहीं हुई है।

# वक्फ समिति ने हमारे संशोधनों को स्वीकार किया: जद (यू)

एजेंसी

नयी दिल्ली। जनता दल (यूनाईटेड) ने मंगलवार को कहा कि वक्फ (संशोधन) विधेयक पर चर्चा कर रही संसद की संयुक्त समिति (जेपीसी) ने उसके द्वारा सुझाए गए संशोधनों को स्वीकार कर लिया है। साथ ही पार्टी ने विपक्षी दलों पर इस मुद्दे पर राजनीति करने का आरोप भी लगाया।

भाजपा के सहयोगी दलों तेलुगू देशम पार्टी, जद (यू) और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने सोमवार को समिति की बैठक में कुछ संशोधनों के साथ विधेयक का समर्थन किया था।

पिछले साल मानसून सत्र के दौरान संसद में जब यह विधेयक पेश किया गया था तो इन तीनों दलों ने खुले मन से इसका समर्थन करने से परहेज किया था और मुस्लिम समुदाय की चिंताओं को दूर करने के लिए व्यापक विचार-विमर्श की वकालत की थी। जद (यू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने कहा, ''विपक्ष को हर सवाल पर सियासत करने की आदत बन गई है। जद (यू) की ओर से जेपीसी में जो भी सुझाव रखे गए थे, उन सबको स्वीकार कर लिया गया है। जो संशोधन आएंगे, उनमें हमारे सुझाव शामिल दिखेंगे। उन्होंने कहा कि जद (यू) को जेपीसी की कार्यप्रणाली को लेकर कोई शिकायत नहीं है। जद (यू) सांसद दिलेश्वर कामैत ने विधेयक के उस खंड में संशोधन पेश किया था, जिसमें वक्फ संपत्तियों को नए कानून के लागू होने के छह महीने के भीतर पोर्टल पर विवरण के साथ सूचीबद्ध करना अनिवार्य कर दिया गया है। इसे समिति ने स्वीकार कर लिया है। कामैत का प्रस्ताव था कि संपत्ति के 'मुतवल्ली' (केयरटेकर) को अवधि बढ़ाने का अधिकार दिया जाए, बशर्ते कि राज्य में वक्फ ट्रिब्यूनल उससे संतुष्ट हो। सूत्रों ने बताया कि कामैत ने भाजपा की अपराजिता सारंगी के साथ यह संशोधन पेश किया था और समिति ने बहुमत से इसका समर्थन किया।

तेदेपा सांसद लावू श्रीकृष्ण देवरायलु और भाजपा के बृजलाल द्वारा पेश किए गए चार संशोधनों को भी स्वीकार कर लिया गया। सूत्रों ने कहा कि ये संशोधन सरकारी संपत्ति के विवाद का सर्वेक्षण संबंधित जिला कलेक्टर से कराए जाने के अधिकार को समाप्त करने से संबंधित हैं। ये संशोधन अनुमति देते हैं कि राज्य सरकार कानून के मुताबिक जांच करने के लिए कलेक्टर रैंक से ऊपर के किसी अधिकारी को अधिसूचना के जरिए नामित कर सकती है। कई मुस्लिम निकायों ने कलेक्टर को दिए गए अधिकार पर आपत्ति जताई थी। उन्होंने तर्क दिया था कि कलेक्टर राजस्व रिकॉर्ड के प्रमुख भी होते हैं, इसलिए उनके द्वारा कोई भी जांच निष्पक्ष नहीं हो सकती क्योंकि वह अपने कार्यालय के दावे के अनुसार चलेंगे। सूत्रों ने कहा कि भाजपा प्रस्तावित कानून को लेकर एकजुट रहने के लिए अपने सहयोगियों पर दबाव बना रही है, जिसे विपक्षी दलों ने मुस्लिम धार्मिक मामलों में कथित हस्तक्षेप करार देते हुए 'असंवैधानिक' बताया है। सत्तारूढ़ भाजपा ने जोर देकर कहा है कि प्रस्तावित कानून वक्फ बोर्डों के कामकाज को अधिक पारदर्शी और कुशल बनाएगा।

## वर्तमान में संविधान की रक्षा की चल रही है लड़ाई : राहुल

नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि देश में दो विचारधाराओं के बीच लड़ाई चल रही है जिसमें एक नफरत और हिंसा फैलाती है तो दूसरी कांग्रेस की विचारधारा है जो नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलती है तथा लोगों के हक सुरक्षित रखने के लिए संविधान की रक्षा की लड़ाई लड़ रही है। श्री गांधी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए मंगलवार को यहां पटपड़गंज क्षेत्र में विशाल चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि विचारधारा की लड़ाई भाजपा-आरएसएस तथा कांग्रेस के बीच चल रही है। भाजपा आरएसएस के लोग देश में नफरत और हिंसा फैलाते हैं तो दूसरी तरफ कांग्रेस है जिसकी विचारधारा 'नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान' खोलते भाईचारे को मजबूत करने वाली हैं। देश को नफरत, डर और हिंसा वाला हिंदुस्तान नहीं चाहिए बल्कि मोहब्बत की दुकान चाहिए। आज लड़ाई बाबा साहेब अंबेडकर के संविधान की रक्षा की है, क्योंकि भाजपा ने कहा था कि 400 पार हुआ तो संविधान बदल देंगे।

# पेज एक का शेष

### भारत के अल्पसंख्यक...

पीड़ा होती है। जो यमुना दिल्ली में इतनी बदहाल स्थिति में बहती है वही प्रयागराज पहुंचकर आज निर्मल हो गई है। तुष्टिकरण की राजनीति करने वालों पर निशाना साधते हुए योगी ने कहा कि जो लोग कभी भारतीय आस्था का सम्मान नहीं करते थे, वे आज त्रिवेणी संगम में डुबकी लगा रहे हैं। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए सीएम योगी ने कहा कि यह देखकर प्रसन्नता होती है कि जो लोग तुष्टिकरण की नीति के लिए बदनाम थे, वे भी अब सनातन धर्म की आस्था में भागीदार बन रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पर निशाना साधते हुए कहा कि वे बुजुर्ग नेता हैं, देर सवेर वो भी संगम स्थान के लिए आएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र में जनता जनार्दन का निर्णय सर्वोपरि होता है। तुष्टिकरण की नीति पर चलने वाले विपक्षी दलों को जनता बार-बार जवाब दे रही है। हरियाणा और महाराष्ट्र की सरकारों की उपलब्धियां इसका प्रमाण हैं। दिल्ली में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच टकराव हो रहा है, जो इंडी गठबंधन की कमजोरी को उजागर कर रहा है। इस बार दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी सरकार बनाएगी। काऊ बेल्ट के सवालों पर योगी ने कहा कि आज बीजेपी देश के सभी राज्यों में है। कैबिनेट के साथ डुबकी लगाने को लेकर विपक्ष द्वारा उठाए जा रहे सवालों का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, ‟जाकी रही भावना जैसी, प्रभु मूरत देखी तिन तैसी। जिन्होंने कभी भारतीय आस्था का सम्मान नहीं किया, उनसे यह अपेक्षा करना गलतफहमी होगी कि वे सनातन धर्म की आस्था को समझेंगे। योगी ने अयोध्या के मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव को जीतने का दावा किया। योगी ने कहा कि 9 में से 7 जीते थे, अब 10 में से 8 जीतेंगे। 2027 के विधानसभा चुनाव पर बोलते हुए सीएम योगी ने कहा कि अभी इसमें समय है लेकिन जिस अनुपात में हम उपचुनाव जीते हैं यानि 80 प्रतिशत सीट के साथ वैसे ही भारतीय जनता आगामी 2027 विधानसभा चुनाव में भी सीटें जीतेंगी। कुंभ 2025 के बारे में मुख्यमंत्री ने बताया कि इस आयोजन को एक नए भारत और नए उत्तर प्रदेश के प्रतीक के रूप में देखा जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को जमीन पर उतारते हुए प्रयागराज कुंभ के लिए व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं। अब तक 15 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु कुंभ में स्नान कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि 29 जनवरी को मौनी आमवस्या के अवसर पर 8 से 10 करोड़ श्रद्धालु संगम में डुबकी लगाने का अनुमान है। इसके लिए व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं। योगी ने कहा, आज भी आपको प्रयागराज में जो भी नजर आ रहा है, चाहे बात सुरक्षा की हो या व्यवस्था की, यह नरेंद्र मोदी जी के विजन का परिणाम है। उनके विजन को जमीनी धरातल पर उतारा गया है, हम इसे प्रभावी रूप से आगे बढ़ा रहे हैं। अब तक 15 करोड़ से अधिक लोग स्नान कर चुके हैं। मेरा अनुमान है कि यह अगले 30 दिनों तक आयोजन चलना है और जितने श्रद्धालु आएंगे, वह दुनिया की तीसरी बड़ी आबादी के रूप में होगी। पूरे भारत और दुनिया भर से लोग प्रयागराज पहुंच रहे हैं। यहां किसी को कई दिक्कत न हो इस लिए प्रमुख स्नानों पर सभी वीआईपी प्रोटोकाल को निरस्त कर दिया गया है। यह आयोजन दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आबादी के बराबर लोगों को आकर्षित करेगा। उन्होंने कहा कि आयोजन को फरवरी 2025 में विराम दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश में चल रही योजनाओं का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि राज्य में विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। बिजली आपूर्ति, सड़क निर्माण, और ग्रामीण विकास के क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। उन्होंने बताया कि डबल इंजन की सरकार लोगों की आस्था और जरूरतों के अनुरूप योजनाएं लागू कर रही है।

### निर्वाण महोत्सव...

होना था, इसके लिए यहां 65 फीट ऊंचा मंच बनाया गया था। मंच पर श्रद्धालुओं की संख्या अधिक होने से इसकी सीढ़ियां टूट गई। बताया जा रहा है कि जैन कॉलेज परिसर में स्थापित मानस्तम्भ में विराजमान प्रतिमा जी का अभिषेक करने के लिए लगाई गई अस्थायी सीढ़ियां गिर गई हैं। इससे श्रद्धालु नीचे दब गए और भगदड़ मच गई। हादसे में तरसपाल (66) पुत्र हुकमचंद गांधी रोड इमली वाली गली, अमित (35) पुत्र नरेश चंद, अरुण(48) पुत्र केशव राम, ऊषा (24) पत्नी सुरेंद्र, शिल्पी (24) पुत्री सुनील जैन, विनीत जैन (40) पुत्र सुरेंद्र, कमलेश जैन(65) पत्नी सुरेश चंद की मौत हो गई है। घायलों का उपचार चल रहा है। बता दें कि ये आयोजन करीब 25 वर्षों से प्रतिवर्ष होता है। जहां आयोजन हो रहा था वहां तभी भराव हुआ था। मिट्टी में नमी थी। आयोजन स्थल पर बनाए गए मंच पर श्रद्धालु अधिक संख्या में चढ़ने से बल्लियों का बैलेंस बिगड़ गया और रस्सियां टूट गई। हादसा होते ही ऊंचाई पर बना मंच भरभराकर नीचे गिर पड़ा और 15 पुलिस कर्मी और 75 से अधिक श्रद्धालु घायल हो गए। इनको अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया। इनमें अभी तक सात की मौत हो चुकी है और कई की हालत गंभीर है। वहीं मृतकों के पोस्टमार्टम नहीं कराने को लेकर मौके पर मौजूद लोगों ने हंगामा कर दिया। मौके पर अधिकारी मौजूद हैं। जनपद बागपत में दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई जनहानि अत्यंत दुखद हैं। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं। जिला प्रशासन के अधिकारियों को राहत कार्यों को तेजी से संचालित करने व घायलों को समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को अपने श्री चरणों में स्थान एवं घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें।

### भारत करोड़ों लोगों...

मत्स्य पालन, आईटी, एडुटेक, कपड़ा, पर्यटन, खनन और हरित ऊर्जा सहित विभिन्न उद्योगों में देश के अग्रणी राज्यों में से एक बन रहा है। प्रधानमंत्री ने निवेशकों को संबोधित करते हुए कहा कि उनसे ओडिशा की विकास यात्रा में निवेश करने के अवसर का लाभ उठाने का आग्रह किया और उन्हें आश्वासन दिया कि उनके निवेश से अभूतपूर्व सफलता मिलेगी। उन्होंने कहा, ‟यह मोदी की गारंटी है।‟ यह ओडिशा में अब तक का सबसे बड़ा व्यापार शिखर सम्मेलन था। प्रधानमंत्री ने कहा कि मेक इन ओडिशा कॉन्क्लेव 2025 ने पिछले संस्करणों की तुलना में पांच से छह गुना अधिक निवेशकों को आकर्षित किया है। श्री मोदी ने इस तरह के भव्य आयोजन के लिए ओडिशा के लोगों और सरकार को बधाई दी। उन्होंने कहा, पूर्वी भारत देश की प्रगति में एक विकास इंजन है और ओडिशा इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक डेटा पूर्वी भारत के उल्लेखनीय योगदान को दर्शाता है, जब भारत ने वैश्विक विकास में प्रमुख भूमिका निभाई थी। प्रधानमंत्री ने क्षेत्र की अतीत की प्रमुखता का उल्लेख किया, जिसमें महत्वपूर्ण औद्योगिक केंद्र, बंदरगाह और व्यापार केंद्र शामिल हैं, और इस विकास में ओडिशा की ऐतिहासिक भागीदारी की प्रशंसा की। श्री मोदी ने कहा, ‟ओडिशा दक्षिण-पूर्व एशियाई व्यापार का एक महत्वपूर्ण केंद्र हुआ करता था, जिसके बंदरगाह भारत के प्रवेश द्वार के रूप में काम करते थे।‟ इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो की हाल की यात्रा को याद करते हुए श्री मोदी ने उल्लेख किया कि राष्ट्रपति ने कहा कि ओडिशा उनके डीएनए में हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि ओडिशा अब 21वीं सदी में अपनी शानदार विरासत को पुनर्जीवित कर रहा है। उन्होंने राज्य के साथ व्यापार और सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने में आसियान देशों की रुचि पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने जोर देकर कहा कि स्वतंत्रता के बाद से इस क्षेत्र में अभूतपूर्व अवसर देखने को मिल रहे हैं। श्री मोदी ने कहा कि सिंगापुर के राष्ट्रपति ने भी हाल ही में ओडिशा का दौरा किया और सहयोग के लिए राज्य की क्षमता को लेकर अपना उत्साह जताया। प्रधानमंत्री ने गुजरात में अपने कार्यकाल के दौरान ओडिशा के लोगों के कौशल, कड़ी मेहनत और ईमानदारी को देखने के अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि यहां उभर रहे नए अवसर राज्य को विकास की अभूतपूर्व ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। उन्होंने दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में भारत तेजी से प्रगति की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि 5,000 अरब डॉलर (पांच ट्रिलियन डॉलर) की अर्थव्यवस्था का मील का पत्थर भारत की पहुंच के भीतर है। श्री मोदी ने कहा, पिछले एक दशक में विनिर्माण में भारत की ताकत स्पष्ट दिखाई दे रही है। उन्होंने जोर देकर कहा कि देश का आर्थिक विस्तार दो स्तंभों अभिनव सेवा क्षेत्र और गुणवत्ता वाले सामान का उत्पादन पर निर्भर करता है। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि भारत केवल कच्चे माल के निर्यात पर निर्भर नहीं रह सकता। उन्होंने देश के भीतर संवर्धन को बनाए रखते हुए पारिस्थितिकी तंत्र को बदलने के प्रयासों को रेखांकित किया। उन्होंने खनिजों और समुद्री खाद्य पदार्थों को विदेशों में मूल्य संवर्धन के लिए निर्यात करने के बजाय भारत के भीतर ही संसाधित करने जैसे रुझानों में बदलाव पर प्रकाश डाला और आश्वासन दिया कि राज्य के प्राकृतिक संसाधनों से संबंधित उद्योग उसके भीतर ही विकसित किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने हरित नौकरियों की बढ़ती संभावनाओं पर जोर दिया। उन्होंने हरित प्रौद्योगिकी और सौर, पवन, जलविद्युत और हरित हाइड्रोजन जैसे नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों में भारत की पहलों की ओर इशारा किया, जो देश की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करेंगे। उन्होंने कहा कि ओडिशा में इस संबंध में अपार संभावनाएं हैं और इस बदलाव का समर्थन करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर हरित हाइड्रोजन और सौर ऊर्जा मिशन शुरू किए गए हैं। उन्होंने हाइड्रोजन ऊर्जा उत्पादन की पहल के साथ-साथ ओडिशा में नवीकरणीय ऊर्जा उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णयों का उल्लेख किया। श्री मोदी ने ओडिशा में पेट्रोकेमिकल क्षेत्र में विकास पर भी प्रकाश डाला, पारादीप और गोपालपुर में औद्योगिक पार्कों और निवेश क्षेत्रों की स्थापना का उल्लेख किया, जो पर्याप्त निवेश के अवसर प्रदान करते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, 21वीं सदी भारत के लिए कनेक्टेड इंफ्रास्ट्रक्चर और मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी का युग है। उन्होंने कहा है कि विशेष इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया जा रहा है, जो भारत को एक आकर्षक निवेश गंतव्य बना रहा है। उन्होंने उल्लेख किया कि देश भर में प्लग-एंड-प्ले सुविधाओं वाले कई औद्योगिक शहर विकसित किए जा रहे हैं। ओडिशा में भी इसी तरह की प्रगति हो रही है, राज्य में रेलवे और राजमार्ग नेटवर्क के लिए हजारों करोड़ रुपये की परियोजनाएं चल रही हैं। श्री मोदी ने हितधारकों से वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला व्यवधानों से उत्पन्न चुनौतियों को पहचानने का आग्रह किया। उन्होंने वैश्विक उतार-चढ़ाव के प्रभाव को कम करने के लिए देश के भीतर मजबूत, आत्मनिर्भर आपूर्ति और मूल्य श्रृंखलाओं के निर्माण के महत्व पर जोर दिया। प्रधानमंत्री ने इस विजन को हासिल करने में सरकार और उद्योग दोनों की जिम्मेदारी पर प्रकाश डाला। उन्होंने उद्योगों से सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) और स्टार्टअप का समर्थन करने का आह्वान किया, विकास में अनुसंधान और नवाचार की भूमिका पर विशेष जोर दिया है।

### पर्सनल लॉ...

और केरल सरकार से जवाब मांग चुका है। याचिकाकर्ता का कहना है कि उसने आधिकारिक तौर पर इस्लाम नहीं छोड़ा है। मगर, वह इसमें विश्वास नहीं करती और अनुच्छेद 25 के तहत धर्म के अपने मौलिक अधिकार को लागू करना चाहती है। याचिका में कहा गया कि 'विश्वास न करने का अधिकार' भी शामिल होना चाहिए। उसने मांग रखी की कि जो व्यक्ति मुस्लिम पर्सनल लॉ से शासित नहीं होना चाहता, उसे देश के धर्मनिरपेक्ष कानून (भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम, 1925) से शासित होने की अनुमति दी जानी चाहिए।

### महाकुंभ में...

अपनी लेन में बने रहें। आने वाले श्रद्धालु स्नान और दर्शन करने के बाद सीधे पार्किंग की ओर जाएं। मंदिरों में दर्शन के लिए जाते समय अपनी लेन में बने रहें, वहां से अपने गंतव्य स्थान के लिए प्रस्थान करें। जरूरत पड़ने पर पुलिस का सहयोग लें, पुलिस आपकी मदद के लिए है। ट्रैफिक पुलिस भी आपकी मदद के लिए तत्पर है। स्वास्थ्य संबंधी समस्या होने पर नजदीकी सेक्टर में बने हॉस्पिटल में जांच करायें। बैरिकेडिंग और पांटून पुलों पर धैर्य बनाए रखें और जल्दबाजी और धक्कामुक्की से बचें। कागज, जूट या इको फ्रेंडली बर्तनों और कुल्हड़ का ही प्रयोग करें। सभी घाट संगम घाट हैं, जिस घाट पर पहुंच जाएं वहीं स्नान करें। मेला प्रशासन ने सलाह दी है कि श्रद्धालु कहीं एक साथ एक स्थान पर ना रुकें। किसी भी स्थिति में आने और जाने वाले श्रद्धालु आमने-सामने ना पड़ें। मेले में किसी के द्वारा फैलाई गई अफवाहों से बचें। सोशल मीडिया पर फैलाए गए किसी भी भ्रम को सच न मानें । मंदिरों में दर्शन के लिए किसी भी प्रकार की हड़बड़ी न दिखाएं। होल्डिंग एरिया के बजाय रास्तों पर न रुकें, किसी तरह का अवरोध न उत्पन्न करें। व्यवस्था या सुविधा को लेकर किसी के भी बहकावे में आने से बचें। किसी प्रकार की भ्रामक खबरों को आगे बढ़ाने से बचें। पवित्र स्नान के लिए किसी भी प्रकार की जल्दबाजी न करें। प्लास्टिक की पन्नियों और बर्तनों का इस्तेमाल करने से बचें।

# मौनी अमावस्या पर बन रहा ग्रहों का मंगलकारी योग, स्नान दान का विशेष महत्व


कैनविज टाइम्स संवाददाता



महाकुम्भ नगर। मौनी अमावस्या को माघी अमावस्या भी कहते हैं क्योंकि यह माघ महीने में आती है। सनातन धर्म में मौनी अमावस्या का विशेष महत्व है। इस शुभ अवसर पर गंगा समेत पवित्र नदियों में लोग आस्था की डुबकी लगाकर देवों के देव महादेव की पूजा करते हैं। साथ ही पितरों का तर्पण एवं पिंडदान करते हैं। मौनी अमावस्या पर पितरों का तर्पण करने से व्यक्ति को पितृ दोष से मुक्ति मिलती है। साथ ही जीवन में व्याप्त सभी प्रकार के दुख एवं संकट दूर हो जाते हैं। प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य राकेश तिवारी के अनुसार, मानें तो मौनी अमावस्या पर कई मंगलकारी शुभ योग बन रहे हैं। इन योग में देवों के देव महादेव की पूजा करने से साधक को अक्षय फल की प्राप्ति होगी। साथ ही जीवन में व्याप्त सभी प्रकार के संकटों से मुक्ति मिलेगी। आइए, शुभ मुहूर्त एवं योग जानते हैं- शुभ मुहूर्तवैदिक पंचांग के अनुसार, मौनी अमावस्या की शुरुआत 28 को जनवरी को होगी। वहीं, समापन 29 जनवरी को होगा। सनातन धर्म में उदया तिथि से गणना की जाती है। अतः 29 जनवरी को मौनी अमावस्या मनाई जाएगी। मौनी अमावस्या का प्रारंभ 28 को जनवरी को संध्याकाल 07 बजकर 35 मिनट पर होगा और समापन 29 जनवरी को शाम 06 बजकर 05 मिनट पर होगा। साधक 29 जनवरी के दिन सुविधा अनुसार समय पर स्नान-ध्यान कर भगवान शिव की पूजा कर सकते हैं। श्रवण नक्षत्रज्योतिषियों की मानें तो वर्षों बाद मौनी अमावस्या पर श्रवण नक्षत्र का संयोग बन रहा है। इस योग में गंगा स्नान करने से महापुण्य फल मिलता है। इस योग का निर्माण सुबह 08 बजकर 20 मिनट से हो रहा है। इससे पहले उत्तराषाढ़ा नक्षत्र का संयोग है। ज्योतिष श्रवण नक्षत्र को स्नान-ध्यान, पूजा, जप-तप एवं दान-पुण्य के लिए बेहद शुभ मानते हैं। इस योग में भगवान शिव की पूजा करने से साधक को दोगुना फल मिलता है। शिववास योगमौनी अमावस्या पर शिववास योग का भी संयोग है। मौनी अमावस्या के दिन देवों के देव महादेव कैलाश पर जगत की देवी मां पार्वती के साथ शाम 06 बजकर 05 मिनट तक रहेंगे। इस समय में शिव-शक्ति जी की पूजा करने से सुख और सौभाग्य में वृद्धि होगी। साथ ही सभी बिगड़े काम बन जाएंगे।

# सम्पूर्ण विश्व को अपनी ओर आकर्षित कर रहा प्रयागराज महाकुंभ: स्वामी यतीन्द्रानन्द

कैनविज टाइम्स संवाददाता



महाकुम्भनगर। प्रयागराज कुंभ अपने पूर्ण यौवन पर है। दूर-दूर तक महाकुंभ नगर बस चुका है। हर तरफ कहीं वेद मंत्र गूंज रहे हैं तो कहीं भक्त जनों के कल्याण के लिए विप्रगण अनुष्ठान कर रहे हैं। विश्व के कल्याण व राष्ट्र रक्षा हेतु लक्षचन्डी सहस्त्र चंडी विष्णु महायज्ञ रुद्र महायज्ञ अनेक प्रकार के यज्ञों की धूम गूंज रही है। जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर स्वामी यतींद्रानंद गिरी ने हिन्दुस्थान समाचार से बातचीत में कहा कि महाकुंभ में कथा सत्संग प्रवचन पग-पग पर हरि नाम संकीर्तन चल रहा है। हर तरफ हर-हर महादेव हर हर गंगे यही नाद गूंज रहा है और यही कुंभ का मूल स्वरूप है । उत्तर प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कुंभ के मुख्य यजमान हैं और उनका एक ही लक्ष्य है की हर कोई महाकुंभ पधारे। आज प्रयागराज में चारों तरफ जिधर से भी देखो आस्था का सैलाब फूट रहा है। श्रद्धालु भक्त पर कोई फर्क नहीं पड़ता कि वह 15 किलोमीटर पैदल चला कि 20 किलोमीटर चला उसकी दृष्टि केवल त्रिवेणी संगम पर रहती है त्रिवेणी संगम के पावन जल में एक डुबकी लगाते ही वह अपने संपूर्ण जीवन को धन्य मानता है । कदम कदम पर श्रद्धालु भक्तजन संस्थाएं स्वयंसेवी सामाजिक अन्न क्षेत्र भंडारे आयोजित कर रही हैं चाय पिलाई जा रही है कोई कुछ बांट रहा है तो कोई कुछ बांट रहा है। भारत और विश्व का पत्रकार मीडिया जगत एक एक स्वर्णिम पल को अपने कैमरों में कैद कर रहे हैं और यहां से पूरे विश्व को महाकुंभ की इस महानता दिव्यता पवित्रता का दर्शन कर रहे हैं। तपस्वी नागा संन्यासी अपने-अपने धूने लगाकर रम रहे हैं। अपनी अपनी मस्ती में पूरा विश्व आश्चर्यचकित है। श्रद्धा की इस अभिव्यक्ति को देखते हुए आखिर कुछ तो है। प्रयागराज संगम और महाकुंभ जिसने आज पूरे विश्व को अपनी ओर आकर्षित कर लिया है वह कौन सी अलौकिक सत्ता शक्ति है जिनका विश्वास शासन प्रशासन सभी को है। यतीन्द्रानन्द गिरि ने कहा कि महाकुंभ में 35 से 40 करोड़ श्रद्धालु आने पर भी वह पराशक्ति संपूर्ण व्यवस्थाएं स्वयं में पूर्ण कर लेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उनकी टीम का परिश्रम तो है किंतु फिर भी कुछ तो अलौकिक है महत्वपूर्ण व्यक्ति जिनको वीवीआईपी कहा जाए हर कोई डुबकी तो लगाना चाहता है। कुछ तो शांत भाव से चुपचाप लगा कर चले गए और कुछ लगा कर जाएंगे और कुछ बात करते भी जा रहे हैं कि हमने डुबकी लगा ली है।

## दिल्ली/बिहार/पंजाब

## संक्षिप्त समाचार

### मौनी अमावस्या पर लोगों ने लगाई श्रद्धा की डुबकी

**भागलपुर।** मौनी अमावस्या को लेकर जिले के विभिन्न गंगा घाटों पर मंगलवार को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। सुल्तानगंज के पवित्र उत्तरवाहिनी गंगा तट पर अवस्थित बाबा अजगैबीनाथ मंदिर में पूजा अर्चना करने के लिए शिव भक्तों की अपार उमड़ पड़ी। अहले सुबह से ही दरभंगा, सीतामढ़ी, समस्तीपुर, सहरसा, मधुबनी और पड़ोसी देश नेपाल सहित उत्तर बिहार के विभिन्न हिस्सों से अजगैबीनगरी पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने मंदिर का पट खुलने का इंतजार कर रहे थे। जैसे ही मंदिर का पट खुला तबतक श्रद्धालुओं की एक किलोमीटर लम्बी कतार लग गई। भक्तों ने गंगा में डुबकी लगाकर मंदिर में पूजा अर्चना किया और सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। इस दौरान मंदिर में बाबा भोलेनाथ हर हर महादेव ऊं नमः शिवाय के जयकारे गूंजते रहे। कांवरियों की अत्यधिक भीड़ को देखते हुए सुल्तानगंज थाना अध्यक्ष विवेक कुमार जायसवाल खुद भीड़ की मोनिटरिंग करते हुए दिखाई दिए। जगह–जगह पर महिला और पुरुष बल की तैनाती की गई थी। ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार को दिक्कत न हो। श्रद्धालु अच्छी तरह से पुजा अर्चना कर अपनी देवघर की कांवर यात्रा शुरू कर सकें। इस दौरान एनसीसी और ग्राम रक्षा दल सह पुलिस मित्र के जवान मौजूद थे।

### पश्चिमी विक्षोभ की वजह से अगले 24 घंटे में बिहार में ठंड में बढ़ोतरी की संभावना

**पटना।** पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की वजह से बिहार में अगले 24 घंटों में ठंड में बढ़ोतरी हो सकती है। इससे लोगों की परेशानी बढ़ने की संभावना है। मौसम विभाग ने बिहार के लोगों को सतर्क रहने की अपील की है। बीते 24 घंटों में राज्य के कई क्षेत्रों में घना कोहरा देखने को मिला। घना कोहरा के कारण वाहन परिचालन में काफी समस्या हुई। मंगलवार पटना समेत राज्य के तराई इलाकों में घना कोहरा छाया रहा। दिन के समय न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री की बढ़ोतरी की संभावना है, लेकिन इसके बाद तापमान में गिरावट आ सकती है। जिससे अगले 24 घंटे में ठंड में और वृद्धि हो सकती है। राज्य में पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से सर्द पछुआ हवा के चलते ठंड बढ़ने की संभावना बनी हुई है। बीते 24 घंटे के दौरान पटना का न्यूनतम तापमान 12.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रोहतास का डेहरी सबसे ज्याद ठंडा रहा। यहां का न्यूनतम तापमान 6.5 डिग्री सेल्सियस रहा। अन्य जिलों में तापमान में वृद्धि हुई। वाल्मीकि नगर और बक्सर सहित अन्य जिलों में 2 डिग्री तक तापमान में गिरावट आयी।


### ठंड के मौसम में योग करने से शरीर में पैदा होती है आंतरिक गर्मी : रितिका

**भागलपुर।** सर्दी का मौसम लोगों में सुस्ती लेकर आता है। आम लोगों की दिनचर्या और खान–पान भी प्रभावित होता है। इससे बचने के लिए योग काफी प्रभावशाली माध्यम है। योग करने से ठंड से बचा जा सकता है। योग करने से शरीर गर्म रहता है और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। ठंड के मौसम में योग करने से कई तरह के फ़ायदे होते हैं। योग शिक्षिका रितिका कहती हैं ठंड के मौसम में योग करने से शरीर में आंतरिक गर्मी पैदा होती है। इससे रक्त संचार बेहतर होता है। मांसपेशियां लचीली होती हैं। इससे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। इससे संक्रमण से बचाव होता है। रितिका कहती हैं ठंड से बचने के लिए भस्त्रिका प्राणायाम, कपालभाति प्राणायाम, सूर्यभेदी प्राणायाम, अश्व चालन आसन, वृक्षासन और शिवलिंग योग आसन बहुत ही कारगर है। इसके बाद आपको मोटे–भारी गर्म कपड़ों को लादने की जरूरत नहीं पड़ेगी। उक्त आसन सर्दियों में ब्लड सर्कुलेशन बढ़ाने का काम करते हैं। ऐसा करने से नसों में दौड़ता खून शरीर में गर्माहट पैदा करता है और आपको ठंड से सुरक्षा मिलती है। रितिका बताती हैं सूर्य नमस्कार करने से शरीर में एनर्जी दौड़ने लगती है और अक्सर होने वाले दर्द व अकड़न से राहत मिलती है। इसके साथ ही आप चलने–फिरने जैसे कुछ सूक्ष्म व्यायाम भी कर सकते हैं।

# विजय चौक पर सेना के तीनों बैंडों की मधुर धुनों के साथ होगा बीटिंग रिट्रीट समारोह

**गणतंत्र दिवस समारोह के समापन समारोह में बजाई जाएंगी 30 भारतीय धुनें**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। रायसीना हिल्स पर 29 जनवरी को डूबते सूरज के साथ 76वें गणतंत्र दिवस समारोह के समापन को चिह्नित करते हुए 'बीटिंग रिट्रीट' कार्यक्रम होगा। राजसी पृष्ठभूमि में होने वाले समारोह के दौरान विजय चौक भारतीय धुनों में डूब जाएगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, अन्य केंद्रीय मंत्रियों, वरिष्ठ अधिकारियों और विशिष्ट दर्शकों के सामने भारतीय सेना, नौसेना, वायुसेना और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) के बैंड 30 भारतीय धुनें बजाएंगे। समारोह की शुरुआत सामूहिक बैंड की धुन 'कदम कदम बढ़ाए जा' से होगी, जिसके बाद 'अमर भारती', 'इंद्रधनुष', 'जय जन्म भूमि', 'नाटी इन हिमालयन वैली', 'गंगा जमुना' जैसी मनमोहक धुनें बजाई जाएंगी। पाइप्स एंड ड्रम्स बैंड 'वीर सियाचिन' और सीएपीएफ बैंड 'विजय भारत', 'राजस्थान ट्रूप्स', 'ऐ वतन तेरे लिए' और 'भारत के जवान' धुन बजाएंगे। वायु सेना का बैंड 'गैलेक्सी राइडर', 'स्ट्राइड', 'रूबरू' और 'मिलेनियम फ्लाइट फैंटेसी' जैसी धुनें बजाएगा। नौसेना का बैंड 'राष्ट्रीय प्रथम', 'निष्कर्ष निष्पद', 'आत्मनिर्भर भारत', 'स्प्रेड द लाइट ऑफ फ्रीडम', 'रिदम ऑफ द रीफ' और 'जय भारती' धुन बजाएगा। इसके बाद भारतीय सेना का बैंड 'वीर सपूत', 'ताकत वतन', 'मेरा युवा भारत', 'ध्रुव' और 'फौलाद का जिगर' धुनें बजाएगा। इसके बाद सामूहिक बैंड 'प्रियम भारतम', 'ऐ मेरे वतन के लोगों' और 'ड्रमर्स कॉल' जैसे गीत बजाएंगे। कार्यक्रम का समापन बिगुलर्स के सदाबहार लोकप्रिय गीत 'सारे जहां से अच्छा' के साथ होगा। समारोह के मुख्य संचालक कमांडर मनोज सेबेस्टियन होंगे। सेना बैंड के संचालक सूबेदार मेजर (मानद कैप्टन) बिशन बहादुर होंगे, जबकि एम एंटनी, एमसीपीओ एमयूएस ऋक के नेतृत्व में नौसेना का बैंड अपनी प्रस्तुति देगा। इसी तरह वारंट ऑफिसर अशोक कुमार वायु सेना बैंड के संचालक होंगे। सीएपीएफ बैंड के संचालक हेड कांस्टेबल जीडी महाजन कैलाश माधव राव होंगे। पाइप्स एवं ड्रम्स बैंड सूबेदार मेजर अभिलाष सिंह के निर्देशन में बजेगा, जबकि बिगुलर्स नायब सूबेदार भूपाल सिंह के नेतृत्व में प्रस्तुति देंगे।

### एसजीपीसी ने डेरा प्रमुख को दोबारा पैरोल दिए जाने पर जताई कड़ी आपत्ति

अमृतसर। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) ने हत्या और बलात्कार के गंभीर आरोपों में जेल में सजा काट रहे डेरा सिरसा प्रमुख गुरमीत राम रहीम को दोबारा पैरोल देने के सरकार के फैसले पर कड़ी आपत्ति जताई है।


एसजीपीसी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने मंगलवार को कहा कि यह फैसला सरकार के दोहरे रवैये को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि सरकार राजनीतिक फायदे के लिए राम रहीम को बार-बार फरलो व पैरोल देती है, जबकि देश की विभिन्न जेलों में तीन दशक से बंद सिखों को सजा पूरी होने और शीर्ष अदालत के आदेश के बावजूद भी उन्हें रिहा नहीं किया जा रहा है। बलवंत सिंह राजोआना की माफी पर निर्णय लेने के लिए सरकार को न्यायालय द्वारा दिए गए निर्देश के बावजूद भेदभावपूर्ण रवैया अपनाया जा रहा है।

# अंबेडकर प्रतिमा तोड़े जाने के विरोध में पंजाब में पूर्ण 'बंद'

कैनविज टाइम्स संवाददाता

जालंधर। गणतंत्र दिवस पर 26 जनवरी को अमृतसर में डॉ बीआर अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा को तोड़ने की कोशिश के विरोध में दलित संगठनों द्वारा बंद के आह्वान पर मंगलवार को पंजाब के कई शहरों में पूर्ण बंद रहा। प्रदर्शनकारियों ने जालंधर और फगवाड़ा से गुजरने वाले अमृतसर-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर प्रमुख स्थानों की घेराबंदी की, जिसके कारण पुलिस को यातायात को वैकल्पिक मार्गों की ओर मोड़ना पड़ा। जालंधर जिले और उससे सटे कपूरथला जिले के फगवाड़ा शहर में पूर्ण बंद रहा। जिसके बाद करतारपुर, आदमपुर और भोगपुर समेत जालंधर जिले भर में करीब 2000 पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था। जालंधर ग्रामीण के एसएसपी हरकमल प्रीत सिंह खख और पुलिस आयुक्त स्वप्न शर्मा कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए अपने-अपने इलाकों का दौरा कर रहे हैं। प्रदर्शनों के कारण जालंधर जिले और फगवाड़ा में सभी स्कूल, कॉलेज, निजी और सरकारी कार्यालय बंद रहे। प्रदर्शनकारी केवल आपातकालीन वाहनों जैसे एंबुलेंस को ही चलने दे रहे थे। संत कबीर टाइगर फोर्स के कार्यकर्ता अरुण संधाल ने कहा कि विरोध प्रदर्शन और सड़क जाम शाम पांच बजे तक जारी रहेगा। पुलिस ने रविवार को पंजाब के मोगा जिले के धर्मकोट निवासी आकाश सिंह को अमृतसर में स्वर्ण मंदिर की ओर जाने वाली हेरिटेज स्ट्रीट पर टाउन हॉल में अंबेडकर की प्रतिमा को नुकसान पहुंचाने के कथित प्रयास के आरोप में गिरफ्तार किया। घटना का एक वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से प्रसारित हुआ, जिसमें एक व्यक्ति स्टील की सीढ़ी का उपयोग करके मूर्ति पर चढ़ता हुआ और हथौड़ा लिए हुए दिखाई दे रहा है। वह हथौड़े से मूर्ति पर कई बार वार करता हुआ दिखाई दे रहा है। उस व्यक्ति ने संविधान की पुस्तक को भी नुकसान पहुंचाया, जो मूर्ति का हिस्सा है। बाद में उसे पकड़ लिया गया और पुलिस के हवाले कर दिया गया। घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए अमृतसर के पुलिस आयुक्त गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने कहा कि भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के प्रासंगिक कानूनी प्रावधानों और अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम की धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। दलित संगठनों द्वारा आहूत बंद के कारण होशियारपुर जिले के अधिकांश हिस्सों में आज सामान्य जनजीवन ठप्प रहा।

समस्त जनपद वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
AVADH SUPER & ENERGY LIMITED
P.O. HARGAON, DISTT. SITAPUR (UP)
MANIFACTURERS OF WHITE CRISTAL SUGAR,
SPRIT, DENATURED SPRIT, ABSOLUTE ALCOHOL, ETHANOL, GOOD QUILITY OF SANITIZER AND CO-GENERATION
Phone (Office) 05862-256220,
Mobile- 8299560595
Email- hargaon@birla-sugar.com
REGD. OFFICE:
P.O. HARGAON-261121
Distt. Sitapur (UP)
A.K.DIXIT
EXECUTIVE PRESIDENT





### पिछड़ी श्रेणियों व ईडब्ल्यूएस के लिए 12.66 करोड़ की राशि जारी: कौर

चंडीगढ़। पंजाब की सामाजिक न्याय, अधिकारिता और अल्पसंख्यक मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने मंगलवार को बताया कि पंजाब सरकार द्वारा पिछड़ी श्रेणियों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्ल्यूएस) के लिए आशीर्वाद योजना के तहत चालू वर्ष के दौरान 12.66 करोड़ रुपए की राशि जारी की गई है। कैबिनेट मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि आशीर्वाद योजना के तहत बरनाला, फरीदकोट, फिरोजपुर, फतेहगढ़ साहिब, फाजिल्का, गुरदासपुर, होशियारपुर, जालंधर, मानसा, पटियाला, रूपनगर, एस.ए.एस. नगर, संगरूर, मलेरकोटला और तरनतारन के वर्ष 2023–24 और वर्ष 2024–25 के पिछड़ी श्रेणियों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लाभपात्ररियों के लंबित आवेदनों जोकि 2024–25 के दौरान आशीर्वाद पोर्टल पर प्राप्त हुई थीं, 12.66 करोड़ रुपए की राशि जारी की गई है। इस राशि के जारी होने से पिछड़ी श्रेणियों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के 2483 लाभार्थियों को लाभ मिलेगा। डॉ. बलजीत कौर ने बताया कि आशीर्वाद योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक पंजाब राज्य का स्थायी निवासी होना चाहिए। उसका परिवार गरीबी रेखा से नीचे हो, और आवेदक अनुसूचित जाति, पिछड़ी श्रेणियों और अन्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों से संबंधित हो। परिवार की कुल वार्षिक आय 32,790 रुपए से कम होनी चाहिए।

### अंबाला में हफ्ता लेता पुलिस निरीक्षक गिरफ्तार

**पंचकूला।** हरियाणा भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की अम्बाला टीम ने सोमवार को एक पुलिस निरीक्षक को डंपर संचालक से 30 हजार रुपये का हफ्ता लेते गिरफ्तार किया। ब्यूरो के अनुसार अंबाला जिला निवासी शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि पुलिस निरीक्षक गुलशन कुमार जो बराड़ा थाना प्रभारी भी है, ने बराड़ा सीमा से मिट्टी लदे डंपर निकालने के एवज में हर माह का 30 हजार रुपये का हफ्ता मांगा था। शिकायत पर कार्रवाई करते हुए ब्यूरो ने जाल बिछाकर गुलशन कुमार को थाना परिसर में हफ्ते की रकम लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया।




दि सेकसरिया बिसवाँ शुगर फैक्ट्री लिमिटेड बिसवाँ सीतापुर
(आई0एस0ओ0 9001:2015, 14001:2015 एवं 22000–2018 द्वारा प्रमाणित संस्थान)
समस्त क्षेत्रवासियों, कर्मचारियों एवं किसान भाईयों को नव वर्ष एवं गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें।
Producer of
Double Refined Plantation Cane Sugar (DEFECO-Melt Phosphotation with IER), Ethanol and 32 MW Co-generation Power
"मृदा परीक्षण अवश्य करायें, संस्तुति के आधार पर उर्वरक लगायें"
- ''ट्रेंच विधि से गन्ने की बुआई करायें, सह फसल के साथ दोहरा लाभ कमायें।''
- ''पराली एवं गन्ने की पत्ती न जलायें, ट्रेश मल्चर से जुताई कर जैविक खाद बनायें।''
- उन्नतिशील प्रजाति को0–15023, को0–0118, को0लख0 14201 एवं को0शा0–13235 तथा जलप्लावित क्षेत्र में को0 लख0–94184 एवं को0– 98014 को अपनायें।''
- ''गन्ना प्रजाति को0–0238 (लाल सड़न रोग से ग्रसित) की बुआई कदापि न करें,
रमेश चन्द्र सिंघल
मुख्य अधिशासी

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063